

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 केएल राहुल की कप्तानी बेहतरीन रही, बल्लेबाजी से हो सकता है थोड़ा ...

कांग्रेस और टीएमसी में इंडि गठबंधन को लेकर छिड़ी ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 37 | पटना, शनिवार, 18 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नीतीश ने स्व सुशील कुमार मोदी को दी श्रद्धांजलि



पटना। रवीन्द्र भवन में आयोजित पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल राजेन्द्र विष्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व सुशील कुमार मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और याद कर भावुक हुये।

### जमुई में सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन की मौत

जमुई। जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बसबुटिया गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में कार पर सवार जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को देवघर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को इलाज के लिये जमुई भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान नागेन्द्र कुमार के पुत्र अभिनंदन और नंदनी कुमारी के रूप में की गयी है। मृतक महिला की पहचान नहीं की जा सकी है।

### देश में चल रही तानाशाही अस्वीकार्य है: केजरीवाल

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि देश में कथित तौर पर चल रही तानाशाही अस्वीकार्य है और देश ने पिछले 75 वर्षों में कभी ऐसा दौर नहीं देखा। केजरीवाल अमृतसर में आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के कार्यकर्ताओं और विधायकों सहित नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उनसे पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर आप की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने को कहा। उन्होंने भाजपा पर सभी प्रतिद्वंद्वी पार्टी नेताओं को जेल में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमारे देश में जो तानाशाही चल रही है, वह स्वीकार्य नहीं है।

**सीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, राजद व कांग्रेस की खिंचाई की**

# दो बार इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब कभी नहीं जाएंगे : नीतीश

## बोलें- गड़बड़ी करने लगा तो सरकार से बाहर कर दिए, चुनाव बाद होगी जांच

प्रात : किरण

मोतिहारी/पटना। मुख्यमंत्री और जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मुख्य विपक्षी दल राजद पर लगातार हमलावर है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर शुक्रवार को शिवहर लोकसभा क्षेत्र के बैरगनिया में राजग समर्थित जदयू उम्मीदवार लवली आनंद के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद पर जमकर हमला बोला। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के बीच साझा किया।

सीएम ने महागठबंधन से अलग होने के कारणों को भी बताया। सीएम ने कहा कि नवबंर 2005 से हमलोग और भाजपा ने मिलकर काम करना शुरू किया। हमारा रिश्ता तो 1995 का है, लेकिन बीच में हम दो बार बेमतलब का फालतू लोगों के साथ इधर उधर कर दिए। उसके बाद वह सब इतना गड़बड़ किया, तो एकबार तो उसको हटाये। फिर इस बार तो ऐसा गड़बड़ किया कि उसको पूरे तौर से हटा दिए। आगे जो भी जांच करवाना होगा, तो सबका जांच करवायेंगे। अब हमलोगों ने तय कर दिया है। कुछ मेरे पार्टी का था, जो इधर उधर कर देता था। हमने कह दिया है कि हमलोग अब कभी भी अलग नहीं होंगे। सीएम ने कांग्रेस और लालू राबड़ी सरकार का



नाम लिए बिना कहा कि, बिहार में हिंदू मुस्लिम का झगड़ा यही सब लगाता था। हमलोग जब आए तो सब झगड़ा खत्म कराये। मदरसा को सरकारी मान्यता दिलाये। कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराये। वह सब मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया। मुसलमानों का खाली वोट लिया है। मुस्लिम लोगों को कहेंगे कि आप लोग उसको वोट दिजिएगा? वह सब आपके लिए कुछ किया है? सब काम तो हमलोगों ने किया है और वोट उन्हीं लोगों को दीजिएगा तो जान लिजिए कि फिर वह आयेगा, तो सब नाश हो जाएगा। जनसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पटना से मंत्री विजय चौधरी और राज्यसभा सांसद संजय झा भी आए थे। वहीं जनसभा में एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद, शिवहर विधायक चेतन आनंद पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा रीगा विधायक मोतीलाल समेत कई एनडीए नेता मौजूद रहे।

**हमलोग पूरा बिहार एक परिवार हैं :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के केसरिया में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी राधामोहन सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने राजद प्रमुख और पूर्व सीएम दंपति लालू यादव और राबड़ी देवी पर उनके नौ बच्चों को लेकर सार्वजनिक मंच से एक बार फिर तंज कसा। कहा कि बेटी ही हो रही थी। बेटा नहीं हो रहा था तो और ज्यादा पैदा कर दिया। कितना बाल-बच्चा पैदा किया। हट गया तो बीवी को बनवा दिया। बेटा-बेटी सबको कितना बढ़ाया। ये कोई मतलब है। हमलोग को देखिए कि हम लोग इतने दिन से हैं। हमलोग कोई अपने परिवार का विकास करते हैं। हमलोग पूरा बिहार एक परिवार हैं। नीतीश ने मोतिहारी की सभा में दोहराया कि 1995 से उनका भाजपा के साथ रिश्ता है। बीच में वो दो बार इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब कभी नहीं जाएंगे। उन्होंने महागठबंधन से बाहर निकलने का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग गड़बड़ कर रहा था इसलिए हम सरकार से बाहर कर दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद सब चीज की जांच होगी।

**प्रधानमंत्री ने बाराबंकी में चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

# धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोध में थे आम्बेडकर : मोदी

## सपा-कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक से बड़ा कुछ नहीं

प्रात : किरण

बाराबंकी/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोधी थे। जब संविधान बना, तब संविधान सभा ने निर्णय किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, 10 साल पहले इन लोगों (कांग्रेस) ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में तो इन्होंने यह कर भी दिया है। वहां इन्होंने सब मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी बना दिया। ओबीसी को मिले आरक्षण में से बहुत बड़ा हिस्सा इन्होंने वहां लूट लिया। क्या ओबीसी व एससी का आरक्षण हम छीनने देंगे। बाबा साहब का दिया हुआ आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है। यह लोग आरक्षण व संविधान के विरोधी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज विपक्ष के पूरे कुनबे पर प्रहार किया है। उन्होंने कांग्रेस, सपा पर तो वार किया है, बिहार के विपक्ष को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि इनके चारा घोटाले के चैंपियन(लालू यादव), जो अभी जेल से तबियत के बहाने बाहर घूम रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं आपके अधिकारों की रक्षा करने के लिए आपसे 400 पार मांग रहा हूं। वे तो यहां तक कह रहे हैं कि पूरा का पूरा आरक्षण अब मुसलमानों को मिलना चाहिए। इसका मतलब दलित, आदिवासी और पिछड़ों के पास कुछ बचेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित



भाजपा एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, ये इंडी वाले ताश के पत्तों की तरह बिखरने शुरू हो गए हैं। यहां जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं। अब उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरी को कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला। पीएम पद को लेकर भी ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इनके सपनों की इंतहा देखिए। कांग्रेस के एक नेता ने कहा दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे।

**सपा-कांग्रेस के लिए अपने वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लिए अपने वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं है। लेकिन, जब मैं इनकी पोल खोलता हूं, तो ये बेचैन हो जाते हैं, इनकी नींद हराम हो जाती है। ये कुछ भी बोलना शुरू कर देते हैं, गालियां देना शुरू कर देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 सीसी के इंजन से आप 1,000 सीसी की रफ्तार ले सकते हैं क्या ? आपको विकास की तेज रफ्तार चाहिए तो वो सिर्फ दमदार सरकार ही दे सकती है...भाजपा सरकार ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि यहां सपा के बड़े नेता ने रामनवमी के दिन कहा कि राम मंदिर तो बेकार है। वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है। इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पावर ही मायने रखते हैं। सपा-कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो रामलला को फिर से टेंट में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने सम्बोधन में जैदपुर के गमछे, प्रगतिशील किसान रामसरन तथा सतरिख के आश्रम का भी जिक्र किया। अंत में उन्होंने अपने समर्थकों से घर-घर जाकर मोदी की तरफ राम-राम कहनी की अपील भी की। जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, एमएलसी अंगद सिंह, एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, पूर्व सांसद वैजनाथ रावत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी : उच्चतम न्यायालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने अपने अप्रैल 2022 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। 7 अप्रैल, 2022 के अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और



नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गई हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की अपील करने वाली याचिका पर अपना यह फैसला सुनाया। इसमें कहा गया है कि संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून को अनदेखा करना और उसके बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोण रखना एक भौतिक त्रुटि होगी। इसमें कहा गया, हमारे विचार में संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी सुदृढ़ता कमजोर होगी। केवल इस संक्षिप्त आधार पर समीक्षा की अनुमति दी जा सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

# पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाने की साजिश : तेजस्वी

प्रात : किरण



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव केन्द्र की भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अग्निवीर योजना को लेकर एक बार फिर पीएम मोदी पर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा कि पूरे देश में युवाओं के बीच अग्नि वीर का मुद्दा बन रहा है। मेरी अधिकारियों से बात हुई है भाजपा के जो लोग हैं अर्ध सैनिक बलो, पैरा मिलिट्री फोर्सेज, सीआईएसफ, आइटीबीपी, बीएसएफ इन सब जगह यह लोग लाना चाहते हैं और उसके बाद यह लोग पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाने का काम करना चाहते हैं। पहले तो ओल्ड पेंशन खत्म किया और 2000 में सबसे पहले पेंशन जो है। भाजपा की सरकार ने खत्म किया था। उन्होंने कहा कि, जिससे लोग बहुत आक्रोश में है खास करके वह नौजवान जो 4 साल में बाहर कर दिया जाएगा ना उनको शहीद का दर्जा मिलेगा ना ही उनको पेंशन है। ना हीं कैंटीन की व्यवस्था है। यह देश के लिए और खासकर के नौजवानों के लिए सताने वाला काम किया जा रहा है, तंग किया जा रहा है परेशान किया जा रहा है। बिहार में खासतौर पर जो एनडीए की सरकार है जो अधिकारी है, वह लोग जाकर शिक्षकों को सता रहे और सबसे ज्यादा जो भुक्त भोगी है।

### बालक का शव स्कूल परिसर से बरामद गुस्साई भीड़ ने आग लगायी

पटना। पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पटना पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है।






**सहमति**

**दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के संयुक्त कार्य समूह की 12वीं बैठक उलानबटार में हुई**

# भारत और मंगोलिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और मंगोलिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए इसका दायरा बढाने पर सहमति व्यक्त की है और इस बारे में गहन विचार विमर्श किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के संयुक्त कार्य समूह की 12वीं बैठक गुरूवार और शुक्रवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में हुई।

बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और



मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के स्टेट सेक्रेटरी ब्रिगेडियर जनरल गनखुयाग दावागदोर्ज ने की। मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी इस बैठक में मौजूद थे। संयुक्त कार्य समूह की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत और मंगोलिया के बीच रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। दोनों देशों ने इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के मुद्दों पर भी बातचीत की। दोनों पक्षों ने मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति पर भी अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। श्री प्रसाद ने भारत के रक्षा उद्योग की क्षमताओं एवं सामर्थ्य पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की। मंगोलियाई पक्ष ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं पर भरोसा व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने भारत और मंगोलिया के बीच बढ़ते संबंधों को भी महत्व दिया। संयुक्त सचिव तथा भारतीय राजदूत ने मंगोलिया के उप रक्षा मंत्री बी बयारमगनई से भी भेंट की और द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उलानबटार में एक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का दौरा किया और वहां पर चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। भारत के मंगोलिया के साथ सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंध हैं। दोनों देश एक-दूसरे को ह्यआध्यात्मिक पड़ोसीह्ण मानते हैं। आधुनिक समय में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और बाजार अर्थव्यवस्था जैसे मूल्य दोनों देशों को करीब लाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन में एसी कोच से 40 बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गये यात्री

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत शुक्रवार को राजेन्द्र नगर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग स्टाफ आर पी एफ एवं जी आर पी द्वारा सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया ।जिसमें वातानुकूलित कोच की विशेष जाँच किया गया ।40 यात्रियों को बिना टिकट अनियमित यात्रा के आधार पर पकड़ा गया एवं जुमार्ने की राशि के रूप मे 34155 रुपये वसूल किया गया । इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मण्डल मे आगे भी जारी रहेगा । यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी रेल यात्रा न करे । यह दंडनीय अपराध है । सदैव रेल टिकट लेकर ही उचित श्रेणी मे यात्रा करें ।

### स्नान के क्रम में दो बच्ची गंगा में डूबी

फतुहा। कच्चीदरगाह घाट पर शुक्रवार को परिवार के साथ गंगा स्नान करने आयी दो चचेरी बहन गंगा में डूब गयी तथा लापता हो गयी। घटना होते ही घाट पर हडकंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय लोग गंगा में कूदकर दोनों बच्ची की तलाश करने लगे। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई तथा गंगा में दोनों की तलाश करनी शुरू कर दिया। कुछ देर बाद थोड़े समय के अंतराल पर दोनों बच्ची का शव बरामद कर ली गयी। मामला रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में होने के कारण घटनास्थल पर पहुंची नदी थाना की पुलिस ने रुस्तमपुर थाने को दोनों शव सौंप दिया। रुस्तमपुर की पुलिस ने आवश्यक करवाई करते हुए दोनों बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत बच्ची दियारा क्षेत्र के मलिकपुर कबीर चौक के रहने वाले राजेंद्र राय की 12 वर्षीय पुत्री निभा कुमारी तथा दिनेश राय की 14 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी है। बताया जाता है कि राजेंद्र राय व दिनेश राय भाई हैं तथा घर में शुक्रवार को शिवचर्चा का आयोजन था। इसे लेकर परिवार अपने बच्चों के साथ पीपापुल पार कर कच्चीदरगाह घाट पर गंगा स्नान के लिए आए थे।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

फतुहा। बीते रात्रि स्टेशन के पूर्वी छोर पर ट्रेन से गिरकर एक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी होते ही रेल पुलिस शव को ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। महिला नालन्दा जिले की सदगांव निवासी इन्द्र साव की पत्नी प्रेमलता देवी है। इसकी जानकारी रेल थाना प्रभारी गनौरी दास ने दिया।

### मतदाता के घर तक पहुंच रही पर्ची, की हो रही समीक्षा

पटना सिटी (प्राकि)। मतदाताओं को घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के कार्य की समीक्षा अनुमंडल प्रशासन के द्वारा की जा रही है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि बीएलओ से हर दिन कितने मतदाताओं को मतदाता पर्ची हस्तगत कराया गया है, इसकी रिपोर्ट सेक्टर मजिस्ट्रेट व नियंत्रण कक्ष के माध्यम से ली जा रही है। एसडीओ ने बताया कि मतदाता सूची पर्ची को मतदाता को हस्तगत कराने के साथ बूथ पंजी पर मोबाइल नंबर दर्ज करने को कहा गया है। फतुहा विधानसभा की सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी सिन्हा का कहना है कि मतदाता पर्ची बूथ लेवल अफसरों के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है।

### खिरनी तल का उच्च प्रवाही बोरिंग में आयी खराबी से पानी का संकट

पटना सिटी (प्राकि)। वार्ड संख्या 60 के मोगलपुरा खिरनी तल स्थित उच्च प्रवाही बोरिंग में खराबी आ गई। इस कारण से पानी की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। बोरिंग में आई गड़बड़ी के कारण से मोगलपुरा, छोटी बाजार, पाली कॉलोनी, हैदरी कॉलोनी, टिकिया टोली, दोरुखी गली, फौजदारी कुआं, कोऑपरेटिव कॉलोनी समेत दर्जनभर मुहल्लों में पानी की समस्या बन गया है। पार्षद शोभा देवी व पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने बताया कि पांच वर्षो तक संवेदक को बोरिंग का रखरखाव का दायित्व है। पटना जल पर्षद व संवेदक को सूचित किया गया है। जल पर्षद के सहायक अभियंता विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि बोरिंग मरम्मत करा शनिवार को चालू करा दिया जाएगा।

### ब्याहता ने की खुदकुशी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी में शुक्रवार को एक ब्याहता ने फंदा लगा आत्महत्या कर ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान 30 वर्षीय आरती देवी पति पंकज कुमार के रूप में हुई है। महिला बड़ी पहाड़ी में किराए के मकान में रहती थी। बताया जाता है कि महिला ने प्रेम विवाह किया था। मकान मालिक के द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। उसने मामले की छानबीन कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेजा है। पुलिस को कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान पर ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

# धर्म व पाक का हौवा खड़ा कर जनता को गुमराह कर रही भाजपाः प्रवीण

- वार्ड 56 के पहाड़ी पर हुआ बैठक, जितेगा इंडि गठबंधन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



इंडि महागठबंधन की बैठक वार्ड 56 के बड़ी पहाड़ी पंचायत बैठका के पास हुआ। इसमें राजद, कांग्रेस, माले, सीपीआई, सीपीएम, आप आदि दलों के नेता एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। अध्यक्षता राजद के वार्ड 56 अध्यक्ष रणधीर यादव और संचालन सरोज देवी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। सभी सरकारी उपक्रमों को केंद्र सरकार अपने निजी उद्योगपतियों के हाथो बेच रहे हैं। इसके कारण सरकारी नौकरी समाप्त होता जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने घोषणा किया है कि केंद्र में अगर इंडि महागठबंधन की सरकार बनती है, तो हम 15 अगस्त तक 30 लाख लोगों को नौकरी देंगे और एक करोड़ प्रति वर्ष युवाओं को नौकरी देंगे। साथ ही परिवार के किसी एक महिला सदस्य को प्रति वर्ष एक लाख रुपया रोजी रोजगार के लिए दिया जाएगा।

साथ ही प्रति महीना 10 किलो अनाज मुफ्त में दिया जाएगा और गैस सिलेंडर 500 रुपया में उपभोक्ता को दिया जाएगा। इसलिए आप लोग से अपील करते हैं कि एक जून को पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार डॉ अंशुल अविजीत कुशवाहा को हाथ छाप के निशान पर वोट देकर भारी मत से विजयी बनावें। बैठक को संबोधित करते हुए पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवालों का जवाब मांगा था, मगर अब तक नहीं मिल पाया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि महज लफ्फाजी भाषणों से जनता को गुमराह कर धर्म और पाकिस्तान को आगे रखकर भाजपा फिर से सत्ता में आने का कुत्सित प्रयास कर रही है। इसे सफल नहीं होने देना है। यदि भाजपा सत्ता में आ गई तो संविधान से भी छेड़छाड़ निश्चित तौर पर किया जाएगा। बैठक में सुजीत कसेरा, धर्मेंद्र यादव, युवा राजद नेता अजीत कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, अमरजीत यादव, दुलारी देवी, अरुण कुमार, मुन्ना कुमार, दीना कुमार आददि उपस्थित थे।

# समारोह आयोजित कर सम्मानित किए गए ज्ञान भारती एज्युकेशनल कॉम्प्लेक्स के दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स

## पूर्व मंत्री सह हम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल ने मेधावी विद्यार्थियों को किया ससम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता



नौबतपुर । स्थानीय गौरा जगदीशपुर स्थित ज्ञान भारती एजुकेशनल काम्प्लेक्स के सीबीएसई के दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स को शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मंत्री सह हम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने आर्यन गुप्ता, मोहित, असफीम कलीम, मनन, तन्वी व मधु को सीबीएसई दसवीं में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने तथा मानसी कुमारी समेत कई अन्यों को बारहवीं में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने के लिए मेडल, ट्राफी व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर डॉ अनिल ने स्कूली बच्चों के साथ संवाद कर उनके प्रश्नों के जवाब व सफल होने के मंत्र भी दिए। आयोजित कार्यक्रम में डॉ अनिल ने मेधावियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन की असल चुनौती अब शुरू होती है। अपने लिए लक्ष्य तय करें और उसको हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दें। वही उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए खुद को फिट रखने की सलाह दी । वहीं निदेशक उत्कर्ष शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए हमेशा सकारत्मक रहकर मेहनत करने व लक्ष्य तय कर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी । कार्यक्रम में शिक्षाविद गोपाल विद्यार्थी भी शामिल होकर सफल विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की` आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक उत्कर्ष शर्मा व संचालन शिक्षक विनोद कुमार ने की` मौके पर प्रधानाचार्या, उप प्राचार्य, शिक्षक राजेश दुबे, बोस सर, आजाद आलम, सोना सिंह व दिनेश कुमार तिवारी समेत कार्यालय सहायक दीपू व गौतम आदि मौजूद रहे।

# बच्चे की शव मिलने पर स्कूल कैंपस में जमकर तोड़फोड़ स्कूल में लगाइ आग

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत दीघा रामजी चक बाटा मोर के पास टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से एक 4 वर्षीय बच्चे का शव मिलने के बाद जोरदार हंगामा हुआ है। शुक्रवार की सुबह मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने स्कूल कैंपस में जमकर तोड़फोड़ की। स्कूल में आग लगा दी। गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को रामजी चक बाटा पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। फिलहाल पुलिस लोगों को समझाकर शांत कराया। साथ ही स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों को हिरासत में ले कर उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं। बच्चा पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार 4 वर्षीय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया लेकिन फिर नहीं लौटा। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बच्चे के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में सीसीटीवी में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है। काफी खोजबीन के बाद उसका शव रात 3 बजे स्कूल के क्लास रूम के गटर से बरामद किया गया। स्कूल में भारी हंगामे और आगजनी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दानापुर अग्निशमन की टीम ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। आयुष के चाचा निशांत कुमार ने बताया कि कल सुबह 6 बजे स्कूल वैन से स्कूल गया था। स्कूल की पढ़ाई के बाद वहीं ट्यूशन भी पढ़ता था। जब शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो स्कूल के प्रिंसिपल ने कॉल कर बताया कि आपका बच्चा स्कूल नहीं आया है। उसके बाद हमने स्कूल के ड्राइवर को बुलाकर पूछा तो ड्राइवर ने कहा कि बच्चे को स्कूल में छोड़े हैं। जब हमलोग स्कूल के सीसीटीवी कैमरे को देखे तो पाया कि सुबह 11.49 बजे तक मेरा भतीजा स्कूल में था। उसके बाद सीसीटीवी के फुटेज में 10 मिनट का गैप था। वही गटर वाले रूम का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज गायब था। जिसके बाद हमलोग उस रूम में जाकर रात 3 बजे के करीब गटर खोल कर देखा तो मेरे भतीजे का शव मिला।

# भाजपा लखन श्याम विद्रोही मंडल ने सुमो को दी श्रद्धांजलि



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी लखन श्याम विद्रोही मंडल के द्वारा लोदीकटरा स्थित सामुदायिक भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ राजनेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोकसभा की गई। इसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में विचार-विमर्श के लिए कार्यकताओं की बैठक मंडल प्रभारी नित्यानंद चंद्रवंशी, शंभू केसरी एवं अवधेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आहूत हुई। संचालन मंडल अध्यक्ष संतोष विद्रोही ने किया। उपस्थित कार्यकताओं में मनोज चंद्रा, संतोष साव, बबलू कुमार, आजाद मेहता, संजीव मेहता, बलराम माथुरी, धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, ओंकार आनंद, शंभू दास, प्रेम चौधरी, मो कैसर आलम, गोविंद रजक, मोहम्मद सैनी, इंद्रजीत यादव, राम लगन दास, मनोहर जी, लालबाबू पासवान, चंद्रिका प्रसाद मुखिया, आरसी अजीज, अमित कुमार, संजय गुप्ता, संजय कुमार सिन्हा, अनुज कुमार सिन्हा, शंकर तांती, अनिल सिंह , गौतम पांडेय, विजेंद्र शाह, चंद्रप्रकाश तारा, नैयर इकबाल, नीलू देवी, धनवंती देवी तरुण लता सिन्हा शामिल हुए। दूसरी और दधिची देहदान समिति की ओर से शनिवार को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष गंगा प्रसाद, महामंत्री पद्मश्री बिमल जैन और सरदार जगजीवन सिंह ने बताया कि अपराह्न 4.30 से शोकसभा शुरू होगी।

# कबीर चौरा धाम पर विजयी संकल्प सभा

## पिताजी के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए तत्पर रहूंगा : चिराग पासवान

- भारी मतों से विजयी बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनायें : मंहत ब्रजेश मुनि

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। मोहनपुर प्रखंड में राघोपुर विधानसभा अंतर्गत कबीर चौरा धाम कबीर चौक पर हाजीपुर से एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान के लिए विजयी संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने समस्त हाजीपुर संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन से अपील करते हुए कहा कि मेरे पिताजी के जो अधूरे सपने हैं उन सपनों को साकार करने के लिए मैं आपका बेटा चिराग आप सबके सामने खड़ा हूं मुझे भारी मतों से विजयी बनाकर दिल्ली की संसद भवन में भेजने का कार्य करें। इस अवसर पर राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि जिस तरह से स्वर्गीय रामविलास पासवान ने इस क्षेत्र के लिए कार्य किया है उसी तरह चिराग पासवान भी हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का जो वादा है अबकी बार 400 पार उसमें अहम भूमिका निभाने का कार्य लोजपा राम विलास के प्रमुख चिराग पासवान करेंगे। वहीं कबीर चौरा धाम के महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज जी ने चिराग पासवान को अंग वस्त्र देकर आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि जिस प्रकार से स्व. राम विलास पासवान ने सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्श पर चलकर दलित पीड़ित जनता की अगुवाई करते हुए उनके हर एक समस्या का समाधान किया उसी प्रकार चिराग पासवान भी दलित पीड़ित जनता की अगुवाई करेंगे और निश्चित ही विश्वास है कि जिस प्रकार से उनके स्वर्गीय पिताजी ने कार्य किया उसी प्रकार हाजीपुर के जनता जनार्दन के लिए चिराग पासवान कार्य करेंगे। इन्होंने भी जनता जनार्दन से अपील किया कि चिराग पासवान को भारी मतों से विजयी बनाकर, भारी मतों से जीता कर एक वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रस्तावित करना है। दिल्ली संसद में भेजने का कार्य करें और भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का जो सपना है उसे पूरा करने का कार्य चिराग पासवान करेंगे।

इस विजय संकल्प सभा के लिए भारी संख्या में जनता जनार्दन ने भीड़ की और निश्चय किया कि हाजीपुर का बेटा दिल्ली के संसद भवन में भारी मतों से विजय बनकर जाएगा। इस अवसर पर मानिकचंद राय मुखिया बहरामपुर, सुरेश राय मुखिया जाफराबाद, नॉलेज राय रुस्तमपुर, शंकर मास्टर रामपुर, विनोद राय रामपुर, रामजीवन पासवान, गौतम बजाज, बालेश्वर पासवान, सजीवन पासवान, राजेंद्र राणा पासवान, फतुहा लोजपा नेता व्यास जी राय आदि ने स्वागत किया। मंच का संचालन पूर्व विधायक सतीश कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने किया।

# संविधान बचाने को इंडिया गठबंधन की जीत जरूरीः के एच मुनियप्पा

- कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अविजित के पक्ष में कर्नाटक के मंत्री के एच मुनियप्पा ने किया सघन जनसंपर्क

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। संविधान बदलने को आतुर और देश को तोड़ने वाली नीतियों के समर्थक भाजपा व एनडीए को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन की जीत जरूरी है। ये बातें बिहार पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में कर्नाटक के खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के कैबिनेट मंत्री के एच मुनियप्पा ने कही। शुक्रवार को वें पटना साहिब से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अविजित के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और उसके उपरांत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन के प्रति जनता स्वतः मन बना चुकी है कि उन्हें अपार बहुमत से जिताना है। हमारे कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने लगातार शोषितों और पीड़ितों के हक में आवाज उठाने का काम की है और उसी की देन है कि माहौल हमारे पक्ष में है। उन्होंने बिहार को राजनीतिक रूप से परिपक्व प्रदेश बताते हुए कहा कि हमें जरूरत है बिहार से संदेश देने की और आज राजधानी के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान मैंने महसूस किया है कि हमारे प्रत्याशी और गठबंधन के प्रति मतदाताओं में उत्साह है जिसे वोट में बदलने की अपील हमने की है। पटना साहिब से कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अविजित को शिक्षित और कर्मठ के साथ जुझारू नेता बताया और मंत्री के एच मुनियप्पा ने कहा कि कर्नाटक में सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन जीत रही है और संविधान की रक्षा के लिए बिहार से भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। देश के मिजाज में समरसता और भाईचारा बसता है लेकिन भाजपा और एनडीए ने भय का माहौल बना दिया है जिसका आने वाले समय में भारत की संप्रभुता और एकता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। देश में आर्थिक असमानता, बेरोजगारी और गरीबी के साथ महंगाई ने आम लोगों के जीवन को बदहाल कर रखा है ऐसे में इंडिया गठबंधन एकमात्र विकल्प के रूप में दिख रही है। उन्होंने देश में सामाजिक समरसता और भाईचार को पुनः स्थापित करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील की है।

### शतचंडी महायज्ञ के समापन पर निकला शोभायात्रा

पटना सिटी (प्राकि)। श्री भगवती सीता स्थान प्रबंधक समिति की ओर से जानकी नवमी पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ का समापन हो गया। इके बाद शुक्रवार को शाम विसर्जन शोभायात्रा निकाला गया। इसके पूर्व काशी से आए पंडित नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यात्व में पूजा-अर्चना के हवन कुंवारी कन्या पूजन और भंडारा का आयोजन हुआ था। इसके बाद शुक्रवार की शाम प्रतिमा विसर्जन को शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भजन-कीर्तन और जयकारा करते हुए श्रद्धालु भद्र घाट को गए। महायज्ञ में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार आदि भी शामिल हुए। आयोजन में सचिव प्रभात बहादुर माथुर, शत्रुघ्न यादव, नितेश सिन्हा, नितेश तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, रंजीत वर्मा, डॉ विनय कृष्ण, यश माथुर आदि सक्रिय थे।

# हत्या मामले में पति, पत्नी व बेटा को सश्रम आजीवन कारावास की सजा और दस हजार रुपये आर्थिक दंड

## दुकान बंद कर स्कूटी से लौट रहे रंजन महतो की हुई थी हत्या

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने पति, पत्नी एवं बेटा को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये आर्थिक दंड की सुजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक गुरमीत सिंह ने बताया कि कांड के नामजद अभियुक्त मेहंदीगंज गांव के रहने वाले धर्मेंद्र केवट, उसकी पत्नी रिंकू देवी एवं बेटा सूरज केवट के खिलाफ कोर्ट ने सश्रम आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। इस संबंध में मेहंदीगंज थाना में कांड संख्या 74/19 के तहत इसी गांव की रहने वाली इमरीती देवी ने मामला दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि तीन मई, 2019 की रात करीब साढ़े दस बजे वादी बेटा रंजन महतो, लड़की आरती कुमारी के साथ गुलजारबाग रेलवे स्टेशन के पास से दुकान बंद स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे। राजू साह के घर के पास पूर्व से रहे गांव निवासी सूरज केवट, पिता धर्मेंद्र केवट, धर्मेंद्र केवट और सूरज केवट की मां रिंकू देवी थी। अभियुक्तों ने स्कूटी रोक कर कहा कि हम सब तुम्हें मारेंगे, क्योंकि तुम मुझे पहले मारे हो। अभियुक्त धर्मेंद्र केवट एवं सूरज की मां बोली कि जान से मार दो। इस पर सूरज अपने मां-बाप के कहने पर वादी इमरीती देवी के बेटे रंजन महतो पर ताबड़तोड़ छुरा से मारने लगा। रंजन को बचाने में मां-बेटी भी जख्मी हो गई। हल्ला किए जाने पर अभियुक्तगण वहां से फरार हो गए। इधर बेटे रंजन को उपचार के लिए एनएमसीएच ले गए। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के क्रम में उसकी मौत हो गई। अपर लोक अभियोजक ने बताया कि अभियोजन पक्ष से 10 लोगों की गवाही हुई है।

### केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को वैश्य समाज व अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

दानापुर। नगर के अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को वैश्य समाज और अधिवक्ताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बातचीत किए। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है। साथ ही मतदान कराने को लेकर कार्यकताओं को जागरूक रहने की बात कही।जनकधारी लाल रोड में नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार मुटूर की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष आशा देवी,बंटी गुप्ता,रिक्की वालिया, सुमित वालिया, पूर्व पार्षद ह्लसुरेन्द्र चौरसिया, राजेश कुमार, समेत अन्य कार्यकर्ता थे।वहीं तकिया पर स्थित आमंत्रण हाल में अधिवक्ताओं की बैठक की अध्यक्षता रामजीचक मंडल अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किया। जिसमें मीडिया प्रभारी अमरेश सिंह,अचल सिन्हा,अजीत पाण्डेय, रागिनी सिंह समेत अन्य थे।

### आतंक फैलाने का अड्डा बन गये हैं मदरसे : प्रभाकर

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि मदरसा आतंक फैलाने का अड्डा बन गया है। पहले भी इसका खुलासा हो चुका है कि मदरसों में आतंकियों को पनाह दिया जाता है। छपरा के एक मदरसे में बम ब्लास्ट की घटना ने यह साबित कर दिया कि मदरसा अब तालीम देने का केंद्र नहीं रह गया है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मदरसा तालीम देने की जगह होती है। लेकिन छपरा के गड़खा थाना क्षेत्र के मोतिराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में बम ब्लास्ट से एक मौलवी की जान चली गयी। इस घटना से यह साबित होता है कि मदरसों में अब तालीम नहीं दी जाती, बल्कि बम बनाए जाते हैं। छपरा मदरसा की घटना चिंता का विषय है। जहां शिक्षा का सामान होनी चाहिए था, वहां बम क्यों रखा गया था? खासकर तब, जब बिहार सहित देश में चुनाव हो रहा है। चुनाव में वोटरों की पहचान छिपाने के लिए बुर्का का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे यह तय हो चुका है कि एक धर्म विशेष के लोग विपक्षी दलों के नेताओं की शह पर चुनाव के दौरान दहशत फैलाना चाहते हैं, ताकि आम लोग भय के कारण मतदान केंद्रों पर न जाएं और इसका सीधा लाभ तुष्टीकरण की नीति पर चलने वाले राजद और कांग्रेस को मिल जाए।

# 14 जुलाई को 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह पटना में करवाया जायेगाः माँ वैष्णो देवी सेवा समिति

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना के द्वारा इस वर्ष 14 जुलाई को 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हाल में करवाया जायेगा। समिति के आलोक आजाद ने बताया की वैसे जोड़े जो विवाह के लिए तैयार हैं परन्तु स्थान और आर्थिक तंगी के कारण उनकी शादी नहीं हो पा रही है, उन सभी जोड़ों को समिति ने एक जगह देने का प्रयास इस सामुहिक विवाह के माध्यम से किया है। इस विवाह समारोह में सभी रीती रिवाजों के साथ यह अनोखा विवाह आगामी 14 जुलाई को पटना में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर समिति द्वारा इन नव विवाहित जोड़ों को गृहस्थी आरम्भ करने की जरूरत की सामग्री भी उपहार स्वरुप प्रदान की जाएगी। इस आदर्श विवाह में समाज के प्रबुद्ध और गणमान्य व्यक्ति नव विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद देंगे। आलोक आजाद ने बताया की शादी के बाद सभी नवविवाहित जोड़ों को मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से उपहार भी दिया जाएगा।समिति द्वारा विगत 15 वर्षों में अब तक 539 विवाह सफलतापूर्वक कराये गये हैं। आलोक आजाद ने बताया की विवाह के पश्चात भी समय समय पर समिति की ओर से विवाहित जोड़ों की सहायता की जाती है। वहीं उनमें किसी तरह का तनाव या विवाद होने की स्थिति में उनकी काउंसिलिंग भी की जाती है ताकि उनका दांपत्य जीवन सही तरीके से चल सके। यही कारण है कि समिति ने पिछले साल जब सर्वे कराया तो पाया कि अभी तक इस कार्यक्रम के तहत कराई गई सभी शादियां सफल रही है। आलोक आजाद ने आग्रह किया है की वैशाली, सारण सहित अन्य जिलों में यदि आपकी नजर में भी कोई ऐसा जोड़ा हो जो आर्थिक तंगी के कारण शादी नही कर पा रहे हैं, या उनके मातापिता अपने बच्चे की शादी मां वैष्णो देवी सेवा समिति के माध्यम से करना चाहते है।

# बीएसएनएल बिहार इबिटा पॉजीटिव के साथ प्रगति की राह पर : राजीव कुमार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारत संचार निगम लिमिटेड के निदेशक (वित्त), राजीव कुमार विश्व दूरसंचार दिवस के शुभ अवसर पर बिहार दौरे पर पटना पहुँचे। पटना में उन्होंने बिहार परिमंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी इकाइयों की समीक्षा बैठक की। वित्त वर्ष 2023-24 के वित्तीय परिणामों के आधार पर बिहार परिमंडल विगत कुछ वर्षों के पश्चात पहली बार इबिटा पॉजीटिव की स्थिति में आया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने देवेन्द्र सिंह, मुख्य महाप्रबंधक एवं कुमार सुशील चौधरी, आतंरिक वित्त सलाहकार के नेतृत्व में परिमंडल की पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बिहार परिमंडल को उपभोक्ता संतुष्टि के क्षेत्र में जो भी बाधाएँ और अड़चने हैं उन्हें दूर करने के लिए बीएसएनएल मुख्यालय, नई दिल्ली की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। उपभोक्ता संतुष्टि ही हमारा प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने बिहार में नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक, बिहार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल उत्तरोत्तर प्रगति की राह पर अग्रसर है, और देश के हर नागरिक, चाहे वे शहर में या सुदूर गाँवों में निवास करते हों, तक विश्व स्तरीय दूरसंचार सेवाएँ पहुँचाने के लिए कृतसंकल्प है। भारतनेट परियोजना के तहत हर ग्राम पंचायत तक ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से ब्रॉडबैंड सेवा एवं किसी प्रकार की दूरसंचार सेवा से रहित गाँवों में भी 4ऋ सेचुरेशन परियोजना के माध्यम से दूरसंचार सेवाएँ पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने अपने देश में निर्मित 4 उपकरणों के माध्यम से सम्पूर्ण स्वदेशी 4 मोबाइल सेवा की शुरूआत कर दी है। इसी क्रम में आज स्वदेशी कंपनी टी सी एस के सहयोग से बिहार में 4ऋ के सौवें इळर का अधिस्थापन किया गया। शीघ्र ही पूरे बिहार राज्य में 4 सेवाओं का विस्तार हो जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शनिवार, 18 मई, 2024



# रोहिणी के नामांकन स्वीकृत करना जल्दबाजी में लिया गया फैसला : संजय

- बोलें- याचिका पर जल्द सुनवाई का किया गया आग्रह
- रोहिणी के तथ्यों के छिपाने की स्थिति में भ्रम में मतदाता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सारण से राजद के प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के नामांकन में तथ्यों को छिपाने को लेकर पटना उच्च न्यायालय में रिट याचिका दर्ज होने के बाद आज वरीय अधिवक्ता, न्यायिक मामले एवं चुनाव आयोग प्रदेश संपर्क प्रमुख भाजपा एस डी संजय ने कहा कि सारण के राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के नामांकन स्वीकृत करना रिटर्निंग ऑफिसर के जल्दबाजी में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि राजद प्रत्याशी के नामांकन दर्ज करने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी की ओर से हमलोगों ने तथ्यों को छिपाने की शिकायत की थी, लेकिन रिटर्निंग अधिकारी ने बिना जांच किये उनका नामांकन स्वीकृत कर लिया। मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत रिटर्निंग अधिकारी को जांच करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यह सबको मालूम रोहिणी आचार्य दूसरे देश में सात वर्षों से रहती है। इस स्थिति में उनका पासपोर्ट स्टेटस क्या है? उनके आवास के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भी अस्पष्ट है कि उनकी वे भारत की नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अपने देश के प्रति निष्ठा रख रही हैं या नहीं, यह भी जांच नहीं हुई। संजय ने कहा कि इसी जांच के लिए पटना उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है और आग्रह किया गया है कि जल्द विशेष सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शपथ पत्र में भी कई झूठ बोला गया है। संपत्ति का ब्यौरा भी गलत दिया गया है। संजय ने कहा कि रोहिणी के तथ्यों के छिपाने की स्थिति में भ्रम में मतदाता भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर रोहिणी चुनाव जीत भी जाती हैं तो उनके अयोग्य होने के बाद स्थिति बदल जाएगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, संजीव मिश्रा, दीपक वर्मा, प्रियंका राजलक्ष्मी, रविन्द्र राय उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने देश में सुशासन की नई धारणा दी : विजय

- कहा- विपक्षी नेताओं में दो ही समानता सभी परिवारवादी व भ्रष्टाचारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अपनी हार को दरवाजे पर दस्तक देता देख अब इंडी गठबंधन के शहजादों को अब सकारात्मक मुद्दों की याद आ रही है। जब मोदी जी ने अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा तो इनलोगों के पास कहने को कुछ नहीं था। तब दिल्ली में बैठे अपने लापरवाह शहंशाह राहुल गांधी के इशारे पर ये क्षेत्रीय सामंत पूरे देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार विभाजन को बढ़ावा देकर नकारात्मक माहौल बनाने में जुट गए। बिहार में ही देखें तो 34 वर्षीय जो शहजादे आज सकारात्मक राजनीति का चोला पहनने की कोशिश कर रहे हैं उनके पूरे आरोपी परिवार ने अपने जंगलराज से लेकर आज तक आतंक, अराजकता और अवसरवाद का ही खेल खेला। अभद्र भाषा, अलोकतांत्रिक राजनीति, अशोभनीय आचरण जिनकी पार्टी और परिवार की पहचान रही हो वे अब मुद्दों की राजनीति पर प्रवचन दे रहे हैं। वास्तव में जब लोगों ने इन्हें सिरे से नकार दिया है तो ये हारने सियारह की तरह भेष बदलकर विकास की बातें करने लगे हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि जिस गठबंधन के नेता कभी एक साथ मंच पर आ नहीं सके, एक साझा घोषणपत्र नहीं ला पाए, देशभर में साझा उम्मीदवार नहीं उतार सके, उनसे लोग क्या अपेक्षा करते। इंडी गठबंधन के लोग शायद भूल गए थे कि ये पब्लिक है, ये सब जानती है। देश की जनता को शुरू से ही समझ आ गया था नेताओं के रूप में अधूरा गठबंधन बनाने वाले ये लोग दरअसल भ्रमित करने वाले अभिनेताओं की टोली भर हैं। इन सबमें दो ही समानता है पहला कि ये सभी परिवारवादी हैं और दूसरा कि ये सभी भ्रष्टाचारी हैं। श्री सिन्हा ने इस संदर्भ में आगे कहा कि दूसरी तरफ मोदी जी के रूप में देश को परिवार मानने वाला एक गरीब का बेटा अपने 10 साल के सुशासन की उपलब्धियों के साथ खड़ा है। जिनकी सरकार में 25 करोड़ लोगों की गरीबी मिटी, 80 करोड़ लोगों को भूख से मुक्ति मिली, 4 करोड़ लोगों को पक्की छत मिली और 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को 34 लाख करोड़ रूपए की योजनाओं का लाभ मिला। सबसे बड़ी बात यह कि योजनाओं का लाभ जनता तक बिना किसी भ्रष्टाचार और भेदभाव के पहुंचाया गया। दरअसल मोदी जी ने देश में सुशासन की नई धारणा दी है। जो उनके तीसरे कार्यकाल में विकसित विकसित भारत के रूप में उभरकर दुनिया के सामने होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि जो माहौल देश में दिख रहा है उससे यह स्पष्ट है यह चुनाव मोदी जी के लिए गरीब, युवा, किसान और महिला जातियों के लाभार्थियों की फौज विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखकर लड़ रही है।

# काम पर नहीं, लोगों को डराकर सत्ता पाना चाहती है भाजपाः शिवानंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी केन्द्र की भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरी तरह हमलावर हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक बार फिर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया है। श्री तिवारी ने बयान जारी कर कहा है कि आजादी के बाद यह पहला चुनाव है जिसमें दस बरसों तक शासन करने वाली पार्टी अपने काम पर नहीं बल्कि लोगों को डराकर सत्ता पाना चाहती है। दरअसल दस वर्षों से मोदी जी की सरकार उलटी दिशा में चलती रही। लोगों की परेशानी बढ़ी। गरीबों की हालत सुधरने के बदले और बिगड़ी। दूसरी ओर धनियों का धन अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा। मोदी सरकार ने कई ऐसे काम किये जिनसे देश को गंभीर नुकसान पहुँचा। नोटबंदी ने न सिर्फ गरीबों को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत नुकसान पहुंचाया। जीएसटी ने छोटे छोटे व्यवसायों की कमर तोड़ दी। सरकार ने अस्सी करोड़ लोगों को खैरात के रूप में पाँच किलो अनाज बाँट कर लाभार्थियों का एक समूह तैयार किया है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं किसी के घर का चुल्हा नहीं बुझने दूँगा (यह कैसी उपलब्धि है ! उपलब्धि तो होती जब मोदी जी कहते कि अस्सी करोड़ में से दस या बीस करोड़ हमने इस लायक बना दिया कि अब उनको मुफ़्त के राशन की जरूरत नहीं है।

आज मैंने यह कहते हुआ सुना कि घमंडिया लोग शासन में आयेंगे तो रामलला को मंदिर से निकाल कर फिर टेंट पहुँचा देंगे। मनमोहन सिंह जी को लगा कर कहते हैं कि वे देश के संसाधनों का पंद्रह प्रतिशत मुसलमानों पर खर्च करेंगे। मंगल सूत्र ले लेंगे। घर का सारा सोना ले लेंगे। देश के प्रधानमंत्री चुनाव में यही बोलकर पुनः सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। चिंता की बात यह है कि मोदी जी ने संविधान की किताब पर हाथ रखकर शपथ ली है कि हमारी सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी। हमरा संविधान तो देश के तमाम लोगों चाहे उनका धर्म कोई हो सबको बराबरी का अधिकार देता है। मोदी जी ने अपने चुनाव अभियान में सिर्फ सांप्रदायिक बातों के जरिए समाज में हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत पैदा करने का काम किया है। लेकिन हमारे देश में हिंदू और मुसलमान हजार हजार वर्षों साथ रहते आये हैं। इसलिए प्रधानमंत्री जी के उन्मादी भाषणों का कोई असर समाज में दिखाई नहीं देता है। सबसे चिंताजनक भूमिका तो चुनाव आयोग की है। प्रधानमंत्री जी का भाषण चुनावी आचार संहिता का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है। लेकिन चुनाव आयोग मौन है। इसलिए संविधान की रक्षा के लिए मोदी सरकार को सत्ता से अपदस्थ करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है।

## भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में तेजस्वी को खोना पड़ा था मंत्री पद : सेतु

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि नेता विपक्ष एक बार पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से मंत्री रह चुके हैं। उस समय उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे और मुख्यमंत्री ने बिना देर किए उनको मंत्रिमंडल के बाहर का रास्ता दिखा दिया था। दूसरी बार भी जब वह मुख्यमंत्री के साथ जुड़े तो कुछ दिनों के बाद फिर भितरघात करने लगे। यही कारण था कि मात्र 17 माह बाद ही उनको सत्ता गंवानी पड़ी। अब सत्ता खोने की बेचौनी और लोकसभा चुनाव में जनता की बेरुखी से उनकी मानसिक स्थिति गड़बड़ा गई है। यही कारण है कि जो नौकरी सीएम नीतीश कुमार के कारण युवाओं को मिली, उसका श्रेय नेता विपक्ष तेजस्वी यादव खुद लेने लगे हैं। वह दरअसल युवाओं को नौकरी का सब्जबाग दिखाकर सिर्फ सियासत कर रहे हैं। उनको अपने माता-पिता के जंगलराज और भ्रष्टाचार का भी जिक्र करना चाहिए कि बिहार में किस तरह अपराध, अपहरण, लूट, डकैती और नरसंहारों का बोलबाला था। नौकरी तो दूर, लोग सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसते थे। किसानों का बुरा हाल था और बेरोजगारी से त्रस्त लाखों युवा बिहार से पलायन कर गए। बेटियां और महिलाएं सड़कों पर निकलने से डरती थीं। ऐसे में तेजस्वी जी अनर्गल बयानबाजी से बाज आएं। श्री सेतु ने तेजस्वी यादव पर कुछ इस अंदाज में पलटवार किया है:बेरोजगारी पर परिवार को रोजगार, महंगाई पर 43 बीघा जमीन का सृजन। छात्रों युवाओं से नौकरी के बदले जमीन और मॉल, शिक्षा की जगह चरवाहा विद्यालय, पेपर लीक पर जमीन। सेतु ने आगे कहा कि15 वर्ष के राज में वे इतने नकारात्मकता में डूब चुके है कि बिहार की बेहतरी के बारे में इनहे सकारात्मक बात नहीं करते है ?

# आरजेडी का मतलब रोजाना जंगलराज का डर : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन व प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेन्दु पाण्डेय ने संयुक्त बयान जारी कर तेजस्वी यादव को जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान के बाद तेजस्वी शारीरिक व मानसिक दोनों तौर पर थक गये हैं। इसीलिए वह झूठ बोलने और अपने से बड़े नेताओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणियां करने पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि झूठ के सहारे जनता को भरमाने की कोशिश कर रहे तेजस्वी को जानना चाहिए कि बिहार की जनता अभी भी उनके जंगलराज को भूली नहीं है। उस पर से उनके बयान और कार्यकताओं को सरेआम पीटने की उनकी संस्कृति यह बताती है कि वह अभी भी 90 के दशक वाली अपनी लट्ठमार संस्कारों से उबरे नहीं है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि राजद के युवराज को जानना चाहिए कि जनता को पता है कि राजद का मतलब ही रोजाना जंगलराज का डर है। इनके राज में विकास का मतलब अपराधियों और नक्सलियों का विकास था। उद्योग के नाम पर रंगदारी और अपहरण उद्योग चलते थे। स्कूटर पर भैंस व अन्य मवेशी ढोए जाते थे। हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण, नरसंहार, जातीय भेदभाव की खबरों से अखबार के पन्ने रंगे रहते थें। यहाँ तक की पशुओं का चारा और रोड का अलकतरा तक सुरक्षित नहीं था। उन्होंने कहा कि आज नीतीश कुमार के राज में बिहार की बदली फिजा राजद को रास नहीं आ रही है। स्मक के प्रकाश से जगमगाते बिहार को यह वापस लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। 5जी, बिजली, बेहतरीन सड़कें और सुरक्षित वातावरण को यह विकास नहीं मानते। गरीबों-पिछड़ों और अतिपिछड़ों को नीतीश राज मिला आरक्षण और उनका हुआ सशक्तिकरण देख कर राजद के युवराज का कलेजा फटता है। यही वजह है कि यह लोग आज नीतीश कुमार जैसे जनप्रिय नेता के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। हकीकत में तेजस्वी राजनीतिक अपरिपक्वता का पूरी तरह शिकार हो चुके है, इसीलिए उनके सलाहकार जो लिख कर दे देते है उसे ही पढ़ कर यह अपनी राजनीतिक दुकानदारी चला रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण के दौर में महिलाओं पर अत्याचार दुर्भाग्यपूर्ण : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल मामले में इंडी गठबंधन पर निशान साधा है। श्री पांडेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के दौर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है और इंडी गठबंधन के नेता उस पर चुप्पी साधे हुए हैं। एक महिला राज्यसभा सांसद के साथ सीएम हाउस में मुख्यमंत्री के पीए द्वारा कथित बदसलूकी की घटना ने न सिर्फ लोकतंत्र को शर्मसार किया है, बल्कि सभ्य समाज में रहने वाली आधी आबादी को अपमानित करने का घृणित कार्य किया है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी इंडी गठबंधन ने अब तक कोई अफसोस जाहिर नहीं किया है। श्री पांडेय ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियां हमेशा महिलाओं के साथ भेदभाव करती रही है। उन्हें उचित सम्मान देने की बात तो दूर उन्हें हमेशा मुख्यधारा से दूर रखा जाता है। एनडीए के राज में आधी आबादी को न सिर्फ पूरा हक और सम्मान मिला, बल्कि मुख्यधारा में लाकर उच्च-उच्च पदों पर बिठाया गया। इंडी गठबंधन आज नारी शक्ति का अपमान कर रहा है, लेकिन यही नारी शक्ति ऐसी पार्टियों को नेपथ्य में भेजने का काम करेगी। सबसे बड़ी बात है कि आप की सहयोगी कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों ने इस घटना पर कोई नोटिस नहीं लिया। न किसी से घटना की निंदा की और न ही किसी ने आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही। श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब देश के सबसे उच्च सदन की प्रतिनिधि सुरक्षित नहीं हैं, तो आम महिलाओं पर क्या बीतती होगी। जब मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की घटना होती हो, तो सड़क पर महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अपने सहयोगी द्वारा मारपीट करने के बावजूद भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस घटना पर अब तक कुछ नहीं कहा और न ही उस पर कोई कार्रवाई की। घटना को अंजाम देने के बाद भी मुख्यमंत्री का सहयोगी उनके साथ विभिन्न कार्यक्रमों में घूमता रहा। इससे यही पता चलता है कि मुख्यमंत्री के शह पर ही उनके पीए ने राज्यसभा सदस्य के साथ दुर्व्यवहार की होगी।

# लोगों को गुमराह करना बंद करें गृह मंत्री : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि अब जब कभी भी गृहमंत्री अमित शाह बिहार आएं तो पहले अच्छी तरह से होमवर्क कर लें। वरना बिहार के लोग उनके बातों का उपहास उड़ाते हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अमित शाह गुरूवार को सीतामढी में एनडीए सरकार के दस वर्षों की तुलना यूपीए सरकार के दस वर्षों से करते हुए सरासर झूठ बोल कर लोगों को गुमराह कर रहे थे या तो उनका होमवर्क कमजोर था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 2005 में बनी नीतीश कुमार की सरकार में जो उपलब्धियां दिखाई पड़ रही थी दरअसल वह केन्द्र की यूपीए सरकार की हीं देन थी। आज भी केन्द्र अथवा राज्य की एनडीए सरकार अपनी जो उपलब्धियां बता रही है वह सब यूपीए एक और यूपीए दो के समय हीं शुरू की गई थी। केवल उनका नाम बदल दिया गया है। राजद प्रवक्ता ने केन्द्रीय गृह मंत्री को चुनौती देते हुए कहा है कि वे केन्द्र के यूपीए सरकार के दस वर्षों और एनडीए सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में बिहार को दिए गई सहायता पर शपथ के साथ श्वेत पत्र जारी करें। राजद प्रवक्ता ने कहा लालू प्रसाद जी रेल मंत्री के हैसियत से बिहार के मढ़ौरा, बेला और मधेपुरा में तीन-तीन रेल कारखाना खोले। मुजफ्फरपुर के बटलर को चालू किया गया। अनेकों रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई जो एनडीए सरकार द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण काम रुका हुआ है। जेपी सेतु पर रेल पुल बनाया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सम्पर्क योजना के तहत 36,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को बारहमासी सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई। वहीं अब एनडीए सरकार में केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या बढ़ा दी गई और केन्द्रांश की राशि 50 प्रतिशत कर दी गई। प्रधानमंत्री द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने और विशेष पैकेज देने का वादा मात्र घोषणा बन कर रह गया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि गृहमंत्री जी झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करना बंद कर दें। अन्यथा केन्द्र की यूपीए और एनडीए सरकार द्वारा बिहार को दी गई मदद पर खुले बहस की मांग स्वीकार कर लें।

## अब बिहारवासी अंधेरे अतीत की ओर नहीं लौटेंगे : सर्राफ

पटना। जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार देवेशचन्द्र ठाकुर के समर्थन में स्थानीय भरतिया अतिथि भवन में व्यवसायियों, उद्यमियों, बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान श्री ललन सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिना आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिना विकसित बिहार की कल्पना नहीं की जा सकती। नए भारत के लिए हमें नरेन्द्र मोदी और नए बिहार के लिए नीतीश कुमार की जरूरत है। बिहार का व्यवसायी, उद्यमी और बुद्धिजीवी समाज डबल इंजन की सरकार के काम को जानता है। यह समाज विकासविरोधियों के भ्रमजाल में हरगिज नहीं फंसेगा और एनडीए के पक्ष में पूरे उत्साह से मतदान करेगा। श्री ललन सर्राफ ने सीतामढ़ीवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि यहाँ से श्री देवेशचन्द्र ठाकुर की जीत रिकॉर्ड मतों से सुनिश्चित करें। उनकी जीत परिवारतंत्र पर लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत होगी। इस मौके पर जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव केवल दो गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि ये लड़ाई हमारी, आपकी, हम सबकी है। हमें विकास और विनाश के बीच चुनाव करना है। अब बिहारवासी अंधेरे अतीत की ओर नहीं लौटेंगे, बल्कि मोदी-नीतीश के नेतृत्व में सुनहरे भविष्य को चुनेंगे।


# छात्रों एवं शिक्षको की जान से खिलवाड़ करना बंद करें : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के अव्यवहारिक और अलोकतांत्रिक आदेश वापस लेने की मांग की है। सरकार छात्रों एवं शिक्षको की जान से खिलवाड़ करना बंद करें। पूर्व की भांति सभी विद्यालयों में पढ़ाई सुबह 6:30 बजे से लेकर 11:30 बजे तक की पूर्व की व्यवस्था लागू की जाये। राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं संस्कृत विद्यालयों में गर्मी की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए समय-सारिणी 06:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए 1:30 बजे तक के लिए निर्धारित किया गया है। इस आदेश को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं काफी दूर-दराज क्षेत्र मे विद्यालय स्थित हैं और वहाँ पर आवासीय सुविधा नहीं होने के साथ-साथ आवागमन की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। साथ ही सुदूर देहाती क्षेत्र के विद्यालयों में आने-जाने एवं अल्पाहार तथा खान-पान की कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण शिक्षक-शिक्षिकाओं को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में 06:00 बजे सुबह में शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय जाने में काफी कठिनाई होगी और प्रातः 06 बजे विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी पर्याप्त नहीं हो पायेगी। उक्त आदेश में 90 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति को अनिवार्य करने हेतु सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। पूर्व की व्यवस्था में प्रातःकालीन कक्षा का समय सुबह 6:30 से 11:30 तक निर्धारित था और इस समय सारिणी के तहत शिक्षक के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय आने में परेशानी नहीं होती थी और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी पर्याप्त रहती थी। इधर कई महीनों से देखा जा रहा है कि विभाग द्वारा कतिपय ऐसे-ऐसे आदेश निर्गत किए जा रहे हैं जिसके कारण विद्यालयों में अध्यापन कार्य पूरी तरह प्रभावित होता जा रहा है, अगर समय रहते यदि ऐसे अव्यावहारिक आदेश एवं निर्देश को संशोधित नहीं किया जाता है तो विभागीय स्वचेछाचारिता के कारण शैक्षणिक माहौल बिगड़ता चला जायेगा।

# लक्ष्मी की अवतार हैं माता जानकी : रणबीर



पटना। जानकी नवमी पर शुक्रवार को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में धूम धाम से मां जानकी प्रकटोत्सव मनाया गया। इस मौके पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन ने सीता नवमी की महत्ता को बताते हुए विधि विधान से की पूजन आरती की। इस मौके पर प्रो रणबीर नंदन ने मां सीता एवं राम दरबार का पूजन आरती विधि-विधान से किया। इस अवसर पर प्रो. नंदन ने सीता नवमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान राम को विष्णु का अवतार माना गया है और माता सीता को लक्ष्मी का। सीता नवमी के दिन वे धरती पर अवतरित हुई थीं। इस दिन माता सीता की पूजा श्रीराम के साथ करने पर श्रीहरि और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। मान्यताओं के अनुसार, सीता माता की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं रहती है और जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। मां जानकी के पूजन से अर्थ, धन, काम व मोक्ष चारों की प्राप्ति होती है। मान्यताओं के अनुसार, सीता माता की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं रहती है और जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। इस दिन विधि- विधान से माता सीता व राम की पूजा करने से 16 महान दानों का फल, पृथ्वी दान का फल और समस्त तीर्थों के दर्शन का फल मिलता है। मौके पर पुजारी सत्य प्रकाश पांडेय, ऋषिकेश नारायण झा, मुकेश रंजन झा, राकेश रंजन झा, अशोक कुमार सिन्हा, अमन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में संख्या में स्थानीय श्रद्धालुजन शामिल हुए।

# मोदी सरकार में महंगाई चरम पर : अंशुल



पटना। मोदी सरकार में महंगाई इतनी ज्यादा है कि घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। जो सिलेंडर 2014 में 400 का था, वह अब 1 हजार में मिल रहा है। हर जरूरी चीजों के दाम 4 गुना से ज्यादा बढ़ गए हैं, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अब बच्चों की फीस तक चुकाना मुश्किल है। कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही हर गरीब महिला को प्रतिमाह 8500 मतलब सालाना 1 लाख रुपए की राशि मिलेगी, गैस सिलेंडर 500 में मिलेगा। यह बात पटना साहिब से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अंशुल अविजित कुशवाहा ने मीडिया से कही। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने बांकीपुर विधानसभा के बासघाट काली मंदिर के पीछे उत्तर मंदिरी में रोड शो किया, जहां उन्हें अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ। अंशुल कुशवाहा ने कुम्हरार विधानसभा के वार्ड क्रमांक 32, नवरतनपुर गांव, बांकीपुर विधानसभा के चिरैयाटार मैन रोड वार्ड 29, दुजरा जामा मस्जिद के पास, दीघा विधानसभा के अशोकपुरी वार्ड में सघन जनसंपर्क कर लोगों से सहयोग मांगा।

## विभिन्न संस्थाओं ने दी पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर विभिन्न संस्थाओं ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वाले में वैश्य सम्मेलन के अध्यक्ष विधायक संजीव चौरसिया, अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के जगननाथ गुप्ता बिहार राज्य वैश्य खाद्यान्न समिति के नवीन कुमार शक्ति धाम के अध्यक्ष पीके अग्रवाल दादी मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महासचिव अक्षय कुमार मारवाड़ी सम्मेलन के जुगल किशोर अग्रवाल मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के रमेश गुप्ता मां ब्लड बैंक के मुकेश हिसारिया कृष्ण गौशाला के ईश्वर लाल अग्रवाल अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ गीता जैन, वनबंधु परिषद के विजय किशोर पुरिया, आधार के अध्यक्ष एम पी जैन, प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार, हिंदू सेवा समिति के दीपक अग्रवाल सहित अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा स्वर्गीय मोदी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बीएसएनएल की पूर्णत:स्वदेशी 4 जी मोबाईल सेवा का शुभारंभ

## मुख्य महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने प्रदेश के प्रथम 4 जी बीटीएस का किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश की सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड की चिर प्रतीक्षित पूर्णतःस्वदेशी 4 जी मोबाइल सेवा का शुभारंभ वैशाली जिले के महुआ अनुमंडल से हुआ। मुजफ्फरपुर बिजनेस एरिया के तहत हाजीपुर प्रचालन क्षेत्र के महुआ एक्सचेंज में बीएसएनएल बिहार के मुख्य महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने प्रदेश के प्रथम 4 जी बीटीएस का उद्घाटन किया। बीएसएनएल की 4 जी सेवा पूर्णतः स्वदेशी तकनीक पर आधारित है एवं इसके उपकरण भारतीय उपक्रम सी-डॉट, तेजस और टीसीएस की संयुक्त साझेदारी से निर्मित हुए हैं। मुख्य महाप्रबंधक देवेन्द्र सिंह ने बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क पर संदीप गोविल, निदेशक (मोबाईल सेवाएँ), बीएसएनएल बोर्ड, नई दिल्ली से बात कर पहला कॉल किया। इस अवसर पर शंकर प्रसाद, प्रधान महाप्रबंधक (मोबाईल),देवानंद सहाय -प्रधान महाप्रबंधक(मुजफ्फरपुर बीए),जगदीश चंद्र प्रधान महाप्रबंधक (विपणन),रूपेंद्र पाठक उपमहाप्रबंधक (मोबाईल) एवं संजय चौधरी सहायक महाप्रबंधक (मोबाईल) सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बताया कि वैशाली जिला के अंतर्गत सभी 2जी के 63 साइटों पर 4जी के उपकरण लगाए जाएंगे एवं उन सभी टावरों से 2 जी और 4जी की सेवा समान रूप से चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में 50 , मई माह में 300 एवं जून माह के अंत तक 300 अतिरिक्त 4जी के टावर चालू हो जाएंगे। आगे के महीनों में 4जी साइटों के संस्थापन की गति में और तेजी आएगी एवं दिसंबर के अंत तक बिहार राज्य के सभी जिलों में 4जी की सेवा चालू कर दी जाएगी। बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनके पास 4जी के सिमकार्ड नहीं हैं वे अपने सिम कार्ड बदलवा कर 4जी का सिम कार्ड ले लें। जिनके पास पहले से ही 4जी का सिम कार्ड है उनको बदलवाने की जरूरत नहीं है। मुख्य महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बीएसएनएल के सभी फ्रेंचाइजी को निर्देश जारी किया कि सिम कार्ड मुफ्त में बदलें तथा आम जनता से आग्रह किया कि स्वदेश में विकसित तकनीक पर आधारित बीएसएनएल की 4जी सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

# पहले चार चरणों के चुनाव में ही चारों खाने चित हुआ विपक्ष : उमेश



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा शुक्रवार को सीतामढ़ी लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी देवेशचंद्र ठाकुर एवं हाजीपुर लोकसभा से श्री चिराग पासवान के समर्थन में रोड शो और कई चुनावी जनसभाएं की। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में एकमुस्त होकर मतदान करने की अपील की। श्री कुशवाहा ने कहा कि परिवारवादी दलों को जब भी जनता ने सेवा का अवसर दिया तब-तब उन्होंने जनता को ही लूटने का काम किया है। इसलिए आज बिहार समेत पूरे देश की जनता परिवारवादी पार्टियों को सबक सिखाने के लिए एनडीए गठबंधन के पक्ष में मजबूती से खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पहले चार चरणों के चुनाव में ही विपक्ष चारों खाने चित हो चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का एकतरफा झुकाव एनडीए के पक्ष में है, बिहार की एक भी लोकसभा सीट पर विपक्ष चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। मोदी-नीतीश की लहर में इंडी गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी विकास की प्रतीक है। इस जोड़ी ने देश और बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। देश और बिहार की जनता को पूरा विश्वास है कि एनडीए की सरकार में ही विकसित भारत और विकसित बिहार का सपना पूरा होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने जंगलराज को जड़ से समाप्त कर बिहार में अमन-चैन का माहौल स्थापित किया। सामाजिक न्याय के मूलमंत्र का अनुसरण करते हुए उन्होंने सूबे के समावेशी विकास की नींव रखी है। हर क्षेत्र में बिहार आज तरक्की के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष की मंशा सरकारी खजाने को लूटकर अपना तिजोरी भरने की है, हमें उनके भ्रमजाल का शिकार नहीं होना है।

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं.: SEE-DIV-ADVT-24

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर द्वारा तीन (03) वर्षो की अवधि के लिए सोनपुर मण्डल के 54 स्टेशनो पर RDN के अंतर्गत Non-Digital बोर्ड/साइन बोर्ड हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है: **Seq No.:** (AA/1), **Types of Contract:** Advertisement (Non-Digital), **Station:** 54 Stations, **Lot No./Category:** ADVT-SEE-SEE-OSN-160-23-1 (Advertising -on Station Premise (Non-Digital), **Contract Period:** 03 years, **Date & Time of e-Auction for all lots:** 31.05.2024 / 11:00, **Catalogue No.:** SEE-DIV-ADV-24, **वेबसाइट पता: www. ireps.gov.in नोट: (1)** ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन होगी। **(2)** ई– नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक बैंक द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10000/- + GST (non-refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, जमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। **(3)** ई–नीलामी (E-Auction) से संबन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (**www.ireps. gov.in**) के E-Auction leasing section में उपलब्ध है।

**मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/00294/एसईई/सीओएमएल/एन/24–25/36

## संक्षिप्त खबरें

### कार से 5 कार्टून विदेशी शराब बरामद

मुजफ्फरपुर।गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध विभाग मुजफ्फरपुर के द्वारा की गई कार्रवाई में सेंट्रो कार संख्या बी आर 01 एक एम 6113 से करीब 12 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुआ। अभियुक्त घटनास्थल से फरार। पारु थाना अंतर्गत मिटहिनिया से करीब 5 कार्टून विदेशी शराब बरामद। घटनास्थल से रंजन कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### लगातार तीसरे साल जानकी नवमी पर निकाली गई कलश शोभायात्रा

मनीगाछी(दरभंगा)। माँ जानकी नवमी के शुभ अवसर पर महातेजस हनुमान मंदिर बलौर गाँव प्रखंड मनीगाछी से मकरंदा होते माँ वाणेश्वरी भगवती स्थान भंडारीसम तक भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 151 कुँवारी कन्याओं सहित भारी संख्या मे ग्रामीणों ने भाग लिया। लगातार तीसरे साल यह आयोजन हुआ। बलौर गाँव निवासी बी के कर्ण के सौजन्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। वे पिछले कई वर्षो से हैदराबाद में भी माता जानकी नवमी का आयोजन कर रहे हैं। कलश शोभा यात्रा मे रोहणी कुमार दास, कामेंद्र लाल दास, संदीप कुमार पप्पू, पवन कुमार दास, संजीव कुमार, कुमुद कुमार रंजन, शेखर कुमार दास, उमेश कुमार साहू समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### मतदान कर्मियों के लिए बूथ पर रहेगा सशुल्क भोजन और नाश्ते का इंतजाम

मुजफ्फरपुर।लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर मतदान कर्मियों को संबंधित मतदान केदो पर भोजन नाश्ता, पेयजल आदि उपलब्ध कराने की व्यवस्था संबंधित मतदान केंद्र के विद्यालय में कार्यरत रसोईया सह सहायकों के द्वारा शुल्क लेकर की जाएगी।भोजन ,नाश्ता, पेयजल, चाय का दर जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा अनुमोदित है।इस आशय से संबंधित पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा निर्गत कर दिया गया है।दिन और रात के भोजन के लिए 95रुपये निर्धारित किया गया है। इसमें 250ग्राम चावल150ग्राम अरहर दाल,हरी सब्जी एवं सुखी सब्जी, पापड़ की व्यवस्था करनी होगी। नाश्ता के लिए 6पीस पूरी या रोटी , 200 ग्राम सूखी सब्जी ,अचार 10 ग्राम का निर्धारित दर 60 रुपये और चाय 3रुपये में मिलेगी। भोजन आदि की व्यवस्था के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री यथा उसना चावल, आटा, अरहर दाल, पापड़ आदि चिन्हित सामग्री का क्रय कर्मियों की आवश्यकता के आलोक में स्थानीय बाजार से रसोईया द्वारा किया जाएगा।सभी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि मतदान कर्मियों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन हेतु संबंधित रसोईया सह सहायकों को अपने स्तर से निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आवश्यकता अनुसार विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए उपलब्ध किचन डिवाइस बर्तन, खाने के लिए थाली का उपयोग करने का आदेश दिया गया है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि भोज्य पदार्थ बिल्कुल हाइजीनिक हो। किसी भी मतदान केंद्र( विद्यालय) पर भोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संबंधित प्रखंड साधन सेवी ,मध्यान भोजन योजना का नाम एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया है। सभी प्रखंड साधन सेवी ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इसमें पूर्ण सहयोग देना सुनिश्चित करेंगे।इसके अतिरिक्त वैसे बूथ जो विद्यालय से इतर निर्धारित है वहां के मतदान कर्मी तथा पुलिस बल एवं अन्य के लिए भोजन आदि की व्यवस्था उपरोक्त दर पर ही की जाएगी जिसके लिए संबंधित प्रखंड के प्रखंड साधन सेबी मध्यान भोजन योजना रसोईया को भोजन बनाने हेतु अन्य आवश्यक उपकरण का टैगिंग अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

### निमार्णाधीन मॉडल अस्पताल के सरिया को ट्रैक्टर पर ले जा रहे चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में

समस्तीपुर, सदर अस्पताल में बन रहे मॉडल अस्पताल के लिए रखे गए सरिया को संबंधित एजेंसी को बताए बिना कुछ लोगों के द्वारा ट्रैक्टर पर लाद कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने संबंधित एजेंसी के मुंशी की शिकायत पर एक ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में बन रहे मॉडल अस्पताल के निर्माण को लेकर सदर अस्पताल में भारी मात्रा में सरिया रखा हुआ था। जिसे मगर दही घाट स्थित एक कबाड़ी दुकानदार के निर्देश पर ट्रैक्टर से ले जाया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही संबंधित निर्माण एजेंसी के मुंशी के द्वारा इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया और वह पूछताछ में जुट गई है। वहीं इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार का मोबाइल बंद रहने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पाया और इस कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है।

# आपराधिक घटना कर फरार हो रहे बदमाश, एसपी के कहे अनुसार 10 मिनट में सील नहीं हो पा रहा शहर

● चेन स्नेचिंग की ताबड़तोड़ घटना से डरे शहरवासी, लगातार तीन दिनों में तीन घटना




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सोने की चेन पहन कर सुबह-शाम की सैर पर निकलना या किसी काम के लिए घर से निकलने व वापस आने वाली महिलाओं के लिए शहर अब सुरक्षित नहीं रह गया है। शहर में महिलाओं के गले से सोने के चेन की छिनतई की बढ़ती घटनाओं से लोगों के मन में डर समा गया है। बीते कुछ महीनों में शहर में चेन स्नेचिंग के साथ-साथ लूट व चोरी की कई घटनाएं भी घट चुकी हैं। लूट व छिनतई के अधिकांश मामलों में काले और नीले रंग के बाइक सवार बदमाशों के द्वारा घटना किए जाने की बात सामने आई है। शहर में घटित हो रही एक के बाद एक आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने में पुलिस हांफ रही है। जबकि एसपी विनय तिवारी ने किसी भी बड़ी आपराधिक घटना के बाद शहर व जिले को 10 मिनट में सील किए जाने की बात कही थी। साथ ही साथ शहर में होने वाली आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए हॉक्स व अन्य टीम का गठन किया गया था। हालांकि शहर व जिले में पुलिस की ऐसी कोई व्यवस्था अब दिखाई नहीं पड़ रही है। जिस कारण बाइक सवार बदमाश खुलेआम शहर में घूम-घूमकर छिनतई व लूट की घटना कर पुलिस की नजरों से गायब हो जाते हैं। बीते 15 मार्च की रात नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीआरएम आवास व रेलवे स्टेडियम के बीच दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों के द्वारा ड्यूटी खत्म कर वापस लौट रहे एक सहायक लोको पायलट से हथियार के बल पर छह हजार रुपए व अन्य सामान की लूट की घटना की गई थी। बीते तीन दिनों में बदमाशों ने शहर में लगातार तीन चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। छिनतई की घटना के संबंध में आवेदन दिए जाने के बावजूद भी कई मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं और वहीं कई मामलों में सनहा दर्ज कर दिया जाता है। बीते दो महीनों में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात बदमाशों के द्वारा छिनतई और लूट की नौ बड़ी घटनाएं की गई हैं। वहीं इससे संबंधित नामजद दर्ज मामलों की संख्या दो दर्जन से अधिक है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले व शहर में मौजूद अर्धसैनिक बलों की उपस्थिति के कारण इन घटनाओं पर कुछ समय के लिए ब्रेक लग गया था, लेकिन मतदान समाप्त होते ही बदमाश एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। बीते तीन-चार दिनों में बदमाशों के द्वारा की गई लूट व छिनतई की कई घटनाओं के बाद शहरवासियों में भय व्याप्त हो गया है। घटना के बाद पुलिस के द्वारा किए गए सीसीटीवी फुटेज अवलोकन से यह बात स्पष्ट हुई है कि बदमाश शहर के पास अवस्थित मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के इलाकों से आते हैं और घटना कर तेजी से मुफ्फसिल क्षेत्र में फरार हो जाते हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मेगा इवेंट आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्विप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान मेगा इवेंट का आयोजन जीविका द्वारा राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र मुसहरी के सभागार में गुरुवार को किया गया।इसमें सैकड़ो की संख्या में जीविका दीदियाँ शामिल हुई।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, उपविकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, एडीएम सुधीर कुमार ,लीची अनुसंधान केंद्र के प्रशासनिक अधिकारी शुभम सिन्हा, आईसीडीएस की डीपीओ चांदनी कुमारी ,जीविका की डीपीएम अनीशा के साथ ही उत्तम संकुल स्तरीय संघ की दीदियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में जीविका दीदियों की संख्या काफी है।करीब 52 हजार समूहों के माध्यम से हर घर जीविका दीदियाँ दस्तक दे रही है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मतदान प्रतिशत में भी अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर हर तरह की सुविधा दी गई है ताकि गर्मी में लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं जीविका दीदियों से निवेदन किया कि वह घर-घर जाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस अवसर पर रंगोली स्लोगन और गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। संगम संकुल स्तरीय संघ की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा ने कहा कि जीविका जिला प्रशासन की देखरेख में स्वीप गतिविधियों को बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ा रहा है और उम्मीद है कि दोनों ही लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी।कार्यक्रम का संचालन संचार प्रबंधक राजीव रंजन ने किया।इस अवसर पर रितेश कुमार, अभिजीत कुमार नूरी जमाल, आनंद शंकर ,शोभा साह ,मुन्ना कुमार, चंद्र प्रभात , राजेश कुमार , जेबा कैसर, मसरूर अहमद, अमरीन आजाद ,अरविंद कुमार राजा कुमार ,निशांत कुमार सहित कई जीविका दीदियाँ उपस्थित थी। वही चित्रकला प्रतियोगिता में रिचा कुमारी प्रथम, अंशु कुमारी द्वितीय, खुशनुमा खातून, तृतीय, स्लोगन में प्रीति कुमारी प्रथम, विनीता देवी द्वितीय, विशाखा पटेल तृतीय और निबंध प्रतियोगिता में रीता कुमारी, खुशबू देवी, मुस्कान ,सुरुचि कुमारी ,सृष्टि कुमारी जबकि गायन प्रतियोगिता में रूबी देवी अंजू कुमारी और रूबी कुमारी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वही इस अवसर पर पारू निवासी अंजु कुमारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पर एक विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कविता देवी ने किया।

## नवजात शिशु को कुत्तों द्वारा खाये जाने का मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । जिले के श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में नवजात शिशु को कुत्तों के द्वारा खाये जाने का मामला मानवाधिकार आयोग पहुँच गया है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने आयोग में याचिका दायर की है और मामले की गंभीरतापूर्वक जाँच करते हुए दोषियों पर कठोर-से-कठोर कार्रवाई की माँग की है। सनद रहे कि विगत 15 मई को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य द्वार पर एक नवजात बच्चे को कुत्तों के द्वारा नोच-नोचकर खाया जा रहा था, कुत्ते घंटों शव को नोचते रहे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन या पुलिस की ओर से कोई पहल नहीं हुई। यहाँ तक कि अस्पताल के गार्ड भी तमाशबीन बने रहे। अब मामले में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की है। बताते चलें कि इसी वर्ष 15 जनवरी को भी कुत्ते के द्वारा एक नवजात बच्चे को खाये जाने का मामला प्रकाश में आया था, जिस मामले की जाँच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग पटना द्वारा की जा रही हैं।मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने बताया कि यह मामला काफी अमानवीय और हृदय विदारक है तथा मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी में आता है। इस पूरे मामले की गंभीरतापूर्वक व गहनतापूर्वक जाँच की नितांत आवश्यकता है।

## सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर ने वीडियो के माध्यम से मधुबनी जिलावासियों से की मतदान की अपील



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को अपने मताधिकार के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील वीडियो के माध्यम से की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन कार्यालय, बिहार पटना के द्वारा उन्हें राज्य स्वीप आइकॉन बनाया गया है। मुझे राज्य स्वीप आइकॉन बनाया जाना पूरे मधुबनी जिलावासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे सभी मधुबनी जिलावासी से अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर अपने कर्तव्यों को पूरा कर एक मजबूत की नींब रखें। वे फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में पहली बार बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र के उरेन गांव स्थित मतदान केन्द्र पर सपरिवार मतदान करेंगी। इसलिए सभी जिलावासियों का कर्तव्य बनता है कि वे भी मेरे साथ 20 मई को मतदान कर मधुबनी लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत बढ़ाए।

## सीएचसी कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली सीएचसी कार्यालय के सभागार में सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण के अध्यक्षता में प्रखंड़ स्तरीय गुनवक्ता प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक के दौरान सीएचसी कार्यालय में उपस्थित डॉक्टर, एएनएम ,जीएनएम सहित सीएचसी की सभी कर्मी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव, सुरक्षित प्रसव, प्रसव कक्ष सहित पूरे वार्ड की साफ सफाई, परिवार नियोजन तथा महिला बंध्याकरण,पीपीआईसीडी, पीपीएस के संस्था में बढोत्तरी कैसे करें, उस पर विचार विमर्श किया गया. उन्होंने कहा कि सीएचसी में बिजली व्यबस्था को दुरुस्त करने, अस्पताल परिसर में साफ सफाई सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया.सीएचसी प्रभारी डा. ज्योतींद्र ने उपस्थित सभी कर्मियों से कहा कि सभी कर्मी अपना जवाबदेही समझें और कार्य मे बढोत्तरी करें. सीएचसी प्रभारी ने उपरोक्त बिंदुओं की समीक्षा करते हुए साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल की गुणवक्ता बढ़ाने के लिए सभी कर्मी को बढ़ चढ़ कर आगे बढ़ते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाए. इस मौके पर सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल, डा. जोतीन्द्र नारायण, हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट, बीसीएम शंम्भू कुमार, लेखा पाल पलव्वी कुमारी, बीएमई राजन प्रसाद रजत, डाटा ऑपरेटर बबलू कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा, पिरामल के प्रखंड़ कोडीनेटर पंकज कुमार, नोडल कर्मी उपेंद्र यादव, एएनएम रानी कुमारी सहित सभी एएनएम, जीएनएम मौजूद थे।

## 21-22 मई को उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना



● 38-40 डिग्री सेल्सियस रह सकता है अधिकतम तापमान व 24-26 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा शुक्रवार को 18-22 मई तक का मौसम पूर्वानुमान जारी किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रह सकते हैं। अगले 1-2 दिनों तक उत्तर बिहार में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। उसके बाद 21-22 मई को उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान है।

इस अवधि में अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 12 से 18 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहते हुए 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 1-2 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना को देखते हुए मक्का फसल की कटनी, दौनी तथा दानों को सुखाने के कार्य को प्राथमिकता देकर संपन्न कर लें।

1-2 दिनों के बाद वर्षा होने की सम्भावना को देखिए हुए किसानों को कीटनाशकों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करने की सलाह दी गई है। किसानों को अभी सिंचाई स्थागित रखने की सलाह दी गई है। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि अपने पशुओं को कीड़े की दवा देने के 10 दिनों बाद खुरपका मुहपका रोग का टिका लगवाएं। गर्मी के महीनों में पशुओं को 50 ग्राम नमक एवं 50 ग्राम खनिज मिश्रण दें। भूसा खरीदकर पूरे वर्ष के लिए रख लें।

## जानकी नवमी के अवसर श्रीसीता पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।श्री सीता प्राकट्य दिवस जानकी नवमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में जानकी पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के प्रधान कार्यालय परिसर स्थित मिथिला भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से राज्यसभा सांसद डा धर्मशीला गुप्ता, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय, जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति त्रय प्रो शशिनाथ झा, पं देव नारायण झा एवं पं उपेंद्र झा, पूर्व विधान पार्षद डॉ दिलीप कुमार चौधरी, मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमलाकांत झा रोसड़ा कालेज के प्रधानाचार्य डा घनश्याम राय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रो अजीत कुमार सिंह, डा टुनटुन झा अचल आदि ने मिलकर किया।

बतौर उद्घाटनकर्ता राज्यसभा सांसद डा धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि हमलोग भाग्यशाली हैं, जो हम मिथिला में जन्म लिए। क्योंकि मिथिला मां जानकी की है और मां जानकी मिथिला की। मां जानकी का जन्म मिथिला में होना हम सभी का सौभाग्य है। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि धन्य है।

मिथिला की धरती जहां माँ मैथिली ने अवतार लिया। मौके पर निवर्तमान सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने किया।

कार्यक्रम में डा बुचरू पासवान, डा महेंद्र नारायण राम, प्रो विजय कांत झा, विनोद कुमार झा, प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ा भाई, दुर्गा नंद झा, डा गणेश कांत झा, डा उदय कांत मिश्र, आशीष चौधरी, पुरूषोत्तम वत्स, नवल किशोर झा, बालेंदु झा, मणिभूषण राजू आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के कांटा कॉलेज के प्रांगण में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जमकर वार किया। वे लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगने आए थे। उन्होंने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मतलब है बड़का झूठा पार्टी। जबसे बीजेपी की सरकार बनी है बेरोजगारी व महंगाई आसमान छू रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी लोगों से झूठ बोलकर उन्हें ठगने का काम किया है। गरीबों को पांच किलो अनाज देकर बंधुआ वोटर बनाना चाहते हैं। कहा कि इंडी एलायंस की सरकार बनती है तो गरीबों को मुफ़्त दस किलो अनाज, और बिहार में पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। भाजपा सभी सरकारी संस्थानों को बेच दिया है अब उनका अगला निशाना संविधान है जिसे विलुप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए भाजपा भारत में चार सौ पार का नारा लगा रही है। लेकिन बिहार की जनता सब जानती है। चौथे चरण की मतदान में ही जनता पीएम के नारा चार सौ पार का जवाब दे दिया है। वहीं वीआईपी सुप्रीमों मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा निषाद समाज को गुलाम समझती है जो उनका भ्रम इस बार के चुनाव में टूट जाएगा। सभी निषाद समाज इस बार महागठबंधन के साथ खड़ी है।

## अगले दो-तीन दिनों में उत्तर बिहार के जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 3-4 दिनों में उत्तर बिहार के जिलों में एक बार फिर हल्की बारिश की सम्भावना है।इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिल सकती ह। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 18से 22 मई तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है। मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि पूवार्नुमान की अवधि में आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। अगले एक -दो दिनों तक उत्तर बिहार में मौसम शुष्क रहेगा। उसके बाद 21-22 भी को मेघ गर्जन के साथ उत्तर बिहार के जिलों में हल्की बर्षा हो सकती है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 38से 40डिग्री और न्यूनतम तापमान 24से 26डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमान की अवधि में 12से 18किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.2 एवं 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 80 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 56 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.6 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.0 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 28.2 एवं दोपहर में 37.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। अगले 1-2 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि मक्का फसल की कटनी, दौनी तथा दानो को सुखाने के कार्य को प्राथमिकता देकर संपन्न कर लें। 1-2 दिनों के बाद वर्षा होने की सम्भावना को देखिए हुए किसान भाई कीटनाशकों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें। अभी जो किसान भाई सिचाई करना चाहते है ऐसे किसान फिलहाल सिचाई स्थागित रखे।

## जयनगर सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी एएसजी नेत्र हॉस्पिटल दरभंगा के द्वारा 48 वीं वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल,जयनगर में निशुल्क नेत्र जाँच किया गया' इस आयोजन का शुभारम्भ गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में श्री के जी काबूई कमांडेंट चिकित्सा हरेंद्र सिंह बेलवाल द्वितीय कमान अधिकारी डॉ मेजर सुनेहा की उपस्थिति में हुआ' 48 वीं वाहिनी के मेडिकल स्टाफ द्वारा भी अपना योगदान दिया ' शिविर का आयोजन 1100 बजे किया गया जो शाम 1600 बजे तक चला' शिविर में कुल 82 लोगो की कम्प्यूटराइज एवं मैन्युअल जाँच की गयी जिसमे पुरुष 62 महिलाये 12 तथा बच्चे 8 उपस्थित हुए' इस शिविर में एएसजी नेत्र हॉस्पिटल से डॉक्टर अमित कुमार अम डी इम्तियाज पप्पू कुमार किशोर कुमार झा सुरभ कुमार झा निशुल्क सेवाओ के लिए उपस्थित हुए ' साथ ही लोगो को नेत्र से जुड़े विकारों के बारे में भी जानकारी दी गयी। सशस्त्र सीमा बल समय समय पर नागरिक कल्याण कार्यकर्मो का आयोजन करने के लिए सदैव तत्पर रहती है और भविष्य में भी इस प्रकार के नागरिक कल्याण कार्यक्रम करवाए जाएंगे।

## प्रेक्षक व जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान अधिकारियों का हुआ अंतिम रेंडमाइजेशन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।लोकसभा आम निर्वाचन को पारदर्शी, स्वतंत्र, भयमुक्त,निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए समान्य प्रेक्षक कानागा वाली,एम एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी दरभंगा, राजीव रौशन के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार झा के द्वारा दो विधानसभा क्षेत्रवार मतदान अधिकारियों एवं कर्मियों का अंतिम रेंडमाइजेशन किया गया। मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत केवटी तथा जाले विधानसभा के पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारीयों तथा माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय नियुक्ति पत्र का अंतिम रेंडमाइजेशन एनआईसी दरभंगा में किया गया। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत जाले विधानसभा ,329 एवं केवटी विधानसभा में 305 कुल 634 मतदान केंद्र हैं।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्ता आपदा सलीम अख्तर एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## मुझ जैसी कार्यकर्ता को सांसद बनाकर भाजपा ने मिथिला की बेटी को दिया सम्मान : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय मिथिला संघ, दरभंगा के तत्वाधान में सीतायन होटल के सभागार में संघ के अध्यक्ष, विनय कुमार झा उर्फ संतोष झा की अध्यक्षता में जानकी नवमी सह मैथिली दिवस का आयोजन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद, डॉ धर्मशिला गुप्ता ने कहा महिला सशक्तिकरण और माता जानकी की कृपा से मुझ जैसी एक जमीनी व साधारण सी भाजपा कार्यकर्ता को आज राज्यसभा सांसद बनाया गया है। भाजपा द्वारा मिथिला की बेटी को यह सम्मान मिला है मैं हमेशा अपने मिट्टी पानी मिथिला एवं मैथिली भाषा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। इंद्रा झा ने कहा जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट रहते हुए मै चाइल्ड वेलफेयर महिला रोजगार जल पर्यावरण आदि पर विशेष रूप से काम कर रही हूं। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, राजनंदनी ने कहा महिलाओं के उत्थान के लिए नाबार्ड द्वारा किए गए कई कार्यो को विस्तार से बताया और जानकी नवी मनाए जाने पर खुशी जताया। पूर्व विधान पार्षद, डॉ दिलीप कुमार चौधरी ने बताया मां जानकी की प्रतिमा अयोध्या में भी बनाई जाए और पुनौरा धाम में मां जानकी की भव्य प्रतिमा की स्थापना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया जाएंगा। सभा में उपाध्यक्ष, रामनाथ पंजियार,प्रो सुनील कुमार मिश्रा,दीपक स्टार, डॉ अमरनाथ ठाकुर उर्फ बम बम जी,पार्षद, ईश्वर मंडल, नारायण जी चौधरी, देवानंद झा,पवन कुमार चौधरी, कांग्रेस नेता, रमन जी झा, शरद कुमार सिंह,दीपक झा, अधिवक्ता,बलजीत झा, डॉ अजय कुमार झा, अधिवक्ता राम बिहारी झा, डॉ विद्यानंद झा सहित अन्य वक्ताओं ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। अखिल भारतीय मिथिला संघ के प्रवक्ता,रौशन कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जबकी मनच संचालन अधिवक्ता,शैलेंद्र कुमार कश्यप द्वारा किया गया।

सम्पादकीय

## चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बनी

भारत के मुकुट कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र में आस्था की कहानी बयां कर रहा है। अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदों को लेकर घरों से निकले मतदाताओं ने पिछले 28 वर्षों के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बार तीन फीसद मतदान हुआ जबकि 2019 में 14.43 और 2014 में 25.86 फीसद मतदान हुआ था। 1996 में 40.94 फीसद मतदान हुआ था और यह वह समय था जब आतंकवादियों और अलगाववादियों ने चुनाव के बहिष्कार की अपील की थी, लेकिन सेना की मदद से लोग मतदान केंद्रों पर आने में समर्थ हुए थे। लेकिन इस बार श्रीनगर के लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर आए और मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू-कश्मीर में संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद यह पहला आम चुनाव है। दशकों से यहां लोग चुनाव बहिष्कार, आतंक और हिंसा के डर से घरों से बाहर नहीं निकला करते थे। लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बन गई है। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र का दायरा पांच जिलों और 18 विधानसभा क्षेत्रों तक फैला है। हैरानी की बात यह है कि पुलवामा और शोपियां जैसे आतंकवादियों के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार मतदान अधिक हुआ। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के गंदरबल, बडगाम, पुलवामा, शोपियां और त्राल जैसे इलाकों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है जो एक नया ट्रेंड दशार्ता है। इसका साफ संकेत है कि कश्मीर घाटी के लोग अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के समर्थन में हैं। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। इससे यह भी साफ होता है कि यहां के लोगों ने विरोध के पक्ष में नहीं, बल्कि उम्मीद के पक्ष में वोट किया है। श्रीनगर में शांतिपूर्ण मतदान का होना और लोगों का उत्साहपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का यह भी अर्थ नहीं है कि यहां के क्षेत्रीय दलों और केंद्र सरकार के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया पूरी तरह संपन्न हो गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि लोक सभा के बाद विधानसभा के चुनाव में भी लोग इसी तरह उत्साह से वोट करते नजर आएंगे।

## मोदी के चुनाव भाषण : झूठ और जहर का सैलाब

राम पुनियानी

इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। भाजपा की प्रचार मशीनरी काफी मजबूत है और पार्टी का पितृ संगठन आरएसएस इस मशीनरी की पहुंच को और व्यापक बनाता है। आरएसएस-भाजपा के प्रचार अभियान का मूल आधार हमेशा से मध्यकालीन इतिहास को तोड़मरोड़ कर मुसलमानों का दानवीकरण और जातिगत व लैंगिक पदक्रम पर आधारित प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति का महिमामंडन रहा है। संघ परिवार समय-समय पर अलग-अलग थीमों का प्रयोग करता आया है। एक थीम यह है कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों। को तोड़ा। राममंदिर आन्दोलन का मूल सन्देश यही था। फिर देश की सुरक्षा भी एक प्रमुख थीम है, जिसमें पाकिस्तान को भारत का दुश्मन बताया जाता है। बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के पहले वे अन्य मुस्लिम-विरोधी थीमों के अतिरिक्त, मुसलमानों के भारतीयकरण की बात भी किया करते थे।

पिछले एक दशक में उन्होंने अच्छे दिन की बात की और कई दूसरे जुमले भी उछाले, जैसे महिलाओं की सुरक्षा, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आएंगे और हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। कांग्रेस को भ्रष्ट पार्टी सिद्ध करने का प्रयास भी किया गया। आरएसएस से जुड़े संगठनों के समर्थन और उनके तत्वावधान में अन्ना आन्दोलन चलाया गया जिससे कई सालों तक लोगों के दिमाग में यह बैठा रहा कि कांग्रेस भ्रष्ट नेताओं की पार्टी है। फिर 2019 के चुनाव में पुलवामा-बालाकोट को मुद्दा बनाया गया और हमें बताया गया कि केवल भाजपा की सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। हालांकि इस पूरी अवधि में मुस्लिम-विरोधी प्रचार भी जारी रहा। कहने की जरुरत नहीं कि आरएसएस-भाजपा के प्रचारक सत्य और तथ्यों को बहुत महत्व नहीं देते। इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। इसके बाद भाजपा-आरएसएस ने अपने पुरानी तरकीब एक बार फिर अपनाने का निर्णय किया। वह तरकीब है मुसलमानों की खिलाफत और समाज को धार्मिक आधार पर बांटना।

श्री मोदी ने मुसलमानों को अपना चुनावी मुद्दा बना लिया और इसके लिए समाज के कमजोर वर्गों (आदिवासी, दलित और धार्मिक अल्पसंख्यकों) के साथ न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार और इंटर्नशिप आदि का वायदा करने वाले कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र का इस्तेमाल किया।

आरएसएस और उससे जुड़े संगठन, समाज के कमजोर वर्गों के साथ न्याय के पुराने विरोधी रहे हैं। सन् 1925 में आरएसएस की स्थापना ही इसलिए हुई थी क्योंकि दलित अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगे थे और महिलाओं की समाज में सक्रियता और हिस्सेदारी बढ़ने लगी थी। भाजपा को यह अहसास हो गया कि आरक्षण और सकारात्मक भेदभाव की नीतियों पर राहुल गांधी के जोर देने का जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब भाजपा खुल कर तो यह कह नहीं सकती थी कि वह आरक्षण की विरोधी है साथ ही, उसे राहुल गांधी के बढ़ते ग्राफ से भी निपटना था। इस दिशा में पहला कदम था संघ के मुखिया की यह गलतबयानी कि आरएसएस कभी आरक्षण का विरोधी नहीं रहा है। दूसरी ओर मोदी नई खिचड़ी पका रहे हैं। वे कह रहे हैं, ह्य...कांग्रेस दलितों और पिछड़ों के लिए निर्धारित कोटा को घटा कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जो संविधान के खिलाफ है। बाबा साहेब ने आरक्षण का जो अधिकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिया था, उसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में जाति जनगणना की बात और उसे समाज का एक्सरे बताए जाने का उपयोग भी अपने मुस्लिम-विरोधी प्रचार में किया। उन्होंने झूठ बोलने के नए रिकॉर्ड कायम करते हुए कहा कि कांग्रेस एक्सरे कर यह पता लगाएगी कि किस हिन्दू के पास सोना और धन है और फिर उसे घुसपैठियों (जो भाजपा का मुसलमानों के लिए प्रयुक्त किया जाने वाले शब्द है) में बांट देगी। हिन्दुओं और विशेषकर हिन्दू महिलाओं को डराने के लिए उन्होंने कहा, ह्यमेरी माताओं और बहनों, वे आपके मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो देश के हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जायेगा। यह पता लगाया जाएगा कि हमारी बहनों के पास कितना सोना है और सरकारी कर्मचारियों की कितनी संपत्ति है...उन्होंने यह भी कहा है कि हमारी बहनों के पास जो सोना है, उसे सब लोगों में बराबर-बराबर बांटा जाएगा। क्या सरकार को आपकी सम्पति आपसे छीनने का हक है? उन्होंने कहा कि हिन्दू महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे दिया जाएगा। यह सब कहकर वे एक तीर से कई निशाने लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पहला, कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना, दूसरा, मुसलमानों पर निशाना साधना और तीसरा, हिन्दू महिलाओं को डराना। आखिर कोई कितना झूठ बोल सकता है। उन्हें यह भरोसा है कि बड़ी संख्या में लोग उनके झूठ के पुलिंदे पर विश्वास कर लेंगे. वे जानते हैं कि संघ परिवार के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता, उसका आईटी सेल और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा नियंत्रित टीवी चैनल और अखबार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस सफेद झूठ को आमजनों का एक बड़ा तबका गंभीरता से ले। यहां तक कि उन्होंने बेचारी भैंस, जिसे भाजपा के गौमाता-केन्द्रित नैरेटिव में कभी जगह नहीं मिली, को भी अपने प्रचार में घसीट लिया। ह्यअगर आपके पास दो भैंसे होंगीं, तो कांग्रेस उनमें से एक को आपके बाड़े से खोल ले जाएगी। और फिर भला यह कैसे संभव है कि भाजपा-मोदी के चुनाव अभियान में पाकिस्तान की चर्चा न हो। मोदीजी ने फरमाया कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत में कमजोर सरकार बने। फहाद चौधरी नामक एक सज्जन, जो पाकिस्तान के पूर्व मंत्री हैं

# भाजपा अखंड भारत का सपना पूरा करने में सक्षम होगा

तब न भीम राव अम्बेद्कर साहब का सपना साकार होता! मगर यहाँ तो बड़ी मछली छोटी मछलियों का हिस्सा भी खा रहा है है और कह रहा है कि हम तुम्हारे अधिकार के लिए लड़ रहे है। लडता ऊ अपने लिए ,अपने परिवार के लिए है और झांसा अपने ही जाति, समाज को डसता है।कैसे होगा देश समाज और गरीबों का कल्यान,दीन, हीन का उत्थान ?क्या-क्या सपना सजोया था देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने,शहीदों ने,बलिदानियों ने , सबका सपना चूर-चूर हो गया।न गाँधीरहे,नसुभाष,न लोहिया ,न कपूर्री और न अटलजी ही रहे और न सम्पूर्ण क्रांति के लोकनायक जयप्रकाश ही! कोन सुनेगा,कौन उठायेगा दीन ,हीन वेसहारो की आबाज को? कौन लडेगा इनके हक की लड़ाई को?बस अब एक भाजपा ही बची है जिस पर जनताआशा भरी निगाहों से देख रही है 'देश के अधिकांस दल,नेताअपने - अपने वंश को बढानेकी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस परिवारवाद,वंशवाद ,जाति वाद,धर्मवाद की लड़ाई में भारत और भारत की गरीब जनता पीछे हो गयी ।आगे हो गए चाटुकार,चोर ,उचक्के। कौन आगे आएगा ? सबको अपने बेटोंकोइन्जीनियर,डाक्टर आई एएस बनानेकी धुन सवार है तो कहाँ से आयेगा जेपी,सुभाष, अटल बिहारी वाजपेयी और विवेकाननद ? कौन अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेगा? भारत का सौभाग्य सूर्य,हिमालय भाल का ज्योतिर्मय तिलक विन्दु,राष्ट्र का सबसे अनमोल दिवस, मुक्ति का अमर आलोक पर्व15 अगस्त 1947 स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।






रवीन्द्र कुमार रतन
स्वतंत्र लेखन

काफी लम्बी लड़ाई,त्याग तपस्या और शहादत के बाद मिली भारत की आजादी क्या व्यवस्था बदल पाई। नहीं। गरीब और गरीब होते गए और अमीर और. अमीर होते गए।आरक्षण कुछ परिवारों मे सिमट कर रह गए।नेता हो या अभिनेता जो आरक्षण का लाभ लेकर एक बार आगे बढ़ गए उन्हे संपन्न की श्रेणी मे रख कर उन्हे समान्य कैट गोरी में आना चाहिए। फिर जो सही हक दार है उसे या उसके परिवार को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।तब न भीम राव अम्बेद्कर साहब का सपना साकार होता! मगर यहाँ तो बड़ी मछली छोटी मछलियों का हिस्सा भी खा रहा है है और कह रहा है कि हम तुम्हारे अधिकार के लिए लड़ रहे है। लडता ऊ अपने लिए ,अपने परिवार के लिए है और झांसा अपने ही जाति, समाज को डसता है।कैसे होगा देश समाज और गरीबों का कल्यान,दीन, हीन का उत्थान?क्या-क्या सपना सजोया था देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने,शहीदों ने,बलिदानियों ने , सबका सपना चूर-चूर हो गया।न गाँधीरहे,नसुभाष,न लोहिया ,न कपूर्री और न अटलजी ही रहे और न सम्पूर्ण क्रांति के लोकनायक जयप्रकाश ही! कोन सुनेगा,कौन उठायेगा दीन ,हीन वेसहारो की आबाज को? कौन लडेगा इनके हक की लड़ाई को?बस अब एक भाजपा ही बची है जिस पर जनताआशा भरी निगाहों से देख रही है 'देश के अधिकांस दल,नेताअपने - अपने वंश को बढानेकी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस परिवारवाद,वंशवाद ,जाति वाद,धर्मवाद की लड़ाई में भारत और भारत की गरीब जनता पीछे हो गयी ।आगे हो गए चाटुकार,चोर ,उचक्के। कौन आगे आएगा ? सबको अपने बेटोंकोइन्जीनियर,डाक्टर आई एएस बनानेकी धुन सवार है तो कहाँ से आयेगा जेपी,सुभाष, अटल बिहारी वाजपेयी और विवेकाननद ? कौन अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेगा? भारत का सौभाग्य सूर्य,हिमालय भाल का ज्योतिर्मय तिलक विन्दु,राष्ट्र का सबसे अनमोल दिवस, मुक्ति का अमर आलोक पर्व15 अगस्त 1947 स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।इस दिन के आगमन में न जाने कितनीमाताओं के मांग के दमकतेसिन्दरों से, कितने बुढो के अन्धेरे घरों के चिराग से ,न जाने कितनी बहनों की लालराखी से इस आजादी के स्वागत की आरती सजी थी , ऐसा होता भी क्यों नही?अनय-भित्ति फिरंगींयो के शासन का उन्मूलन जो हुआ,जुल्म का जनाजा निकल गया। तब जाके उस दिन राष्ट्र के स्वर्णिम प्रभात से सुसज्जित उषा रानी स्वतंत्रता की मोहक किरणों को छिटकाती प्रकट हुई थी । जन जीवन ने मुद्दत के बाद नयी अन्गराई ली थी । एक नई ताजगी की लहर सर्वत्र लहरा रही थी ।हमारे स्वतंत्रता संग्राम के 77 वर्षों का इतिहास स्मृति के वातायन से झांकने लगता है यदि हम इस इतिहास काअवलोकन करते हैं तो हमारे सामने उपलब्धियों एवं अभावों का धुपछाहीं परिधान निर्मित हो जाता है ।हम प्रगति की सीढियों पर चढे है याअगति के खण्डकों मे गिरे हैं ।हमने मनःकामनाओं की मंजिल ही पायी है या मिला जुला कर यथास्थिति के परिधि की ही फेरी लगाई है । निर्णय कर सहसा कहना कठिन हो जाता है। भारत माँ अब मौन त्याग तुम ही बोलो! क्या यह वही आजादी है, जिसके लाने के लिए न जाने कितनी वीरांगनाएँ अपनी मांग के दमकते सिन्दरों से, वच्चों ने अपने खिलौने,बच्चियों ने अपनी राखियों से सजाकर आरती उतारी थी। अहा !क्या यह वही आजादी है जिसके लिए भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद,खुदी राम , विद्रोही सुवाष,जैसे वीर बान्कुरों ने अपनी- अपनी जान की बाजी लगा दी थी। कत्तई नहीं ,यह वह स्वतंत्रत्ता दिवस नहीं है जिसके लिए गोखले, तिलक गाँधी ने तपस्या की थी ?राम -कृष्ण,अल्ला,गुरुगोविन्द सिंह और ईषा मसीह के देश मेंजाति,धर्म,भाई-भतीजावाद,वंशवाद,परिवारवाद, दऔर पैसों के लिय लोग देश की आजादी को दाव पर लगा देते हैं। आज न आर्थिक आजादी है ना समाजिक ,ना भाषाई, ना धार्मिक !आजादी है । दल बदलने की, आजादी शोषण की,आजादी है भ्रश्टाचार की,आजादी है लुटने की, आजादी हैं माँ बहनो के अस्मत लुटने की।एसी आजादी से क्या जहाँ हम चैन की जिन्दगी भी न जी सकें। देश में गरिवी-अमीरी की, अल्प संख्यक बहुसंख्यक की। इतनी विषमताएं है कि इसे मिटाना और पाटना मुस्किल है इस देश का यदि कल्याण चाहते हो तो आपस मे मिल कर , स्नेह , प्रेम , प्यार से रहना सीखो। ऊंच नीचका भेद मिताओ। देश मे कड़े नियम की आवश्यकता है यह नहीं कि संविधान लिखे कोई और लेखक कहलाय कोई ।देश में दो ही जाति हो-गरीब-अमीर ।हर गरीब को शिक्षा, सुरक्षा ,रोटी कपडा और मकान मिले। हर अमीर को मान सम्मान सुख शान्ति और स्वभिमान की रक्षा हो। सबका विकास, सबकी रक्षा , सबको इज्जत मिले, सबका भारत इसका विधान बने ।सबके लिए समान नियम कायदा कानुन बने। धरा जब -जब विकल होती मुसिवत का जब समयआता। किसी भी रुप मे तब कोई महामानव निकल आता। किन्तु आज हमारे राष्ट्र पर संकट के इतने कालेह्ल बादल मडरा रहें है कि हमारी आजादी खतरे मे पड़ी है तब भी हे! मोहन तुम फिर मोहन दास के रुप में जन्म क्यों नही लेते। भारत की एसी दुर्दशा देख परोसियों के मन में हमारी आजादी खटक रही है। तभी तो कोई सोना तो कोई सेना दिखाकर हमारी आजादी को हड़पने की कोशिश कर रहा है , पर मैं तो कविवर नेपाली जी के स्वर में स्वर मिला कर यही कहूंगा की तुमको नही पहचान है यह क्रांति क्या तुफान है? फौलाद की दीवाल,अब यह आजाद हिन्दोस्तान है। मगर घबराने और हाथ पर हाथ रखने से देश का कल्याण नही होने वाला है ।हम हिम्मत न हारे, हमे जागरण का संदेश देकर विकास की सुन्दर लहर उठनी है निष्ठा की नयी सारणी बनानी है कर्मठ्ता की नई डगर निकाल कर वह स्वर्णिम प्रभात वाला भविष्य दुर नहीं जबकि हमारा भारत पुनःआर्थिकसांस्कृतिक, सामजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का शिरोमणि राष्ट्र बनने जा रहा है ।और भारत की खोई प्रतिष्ठा पुनः लौट जाय। राम कृष्ण का यह देश पुनः विश्वगुरु बन विश्व रंग मंच पर अपना परचम लहराएऔर भारत की आजादी निष्कंटक हो आगे बढे ।एक बार फिर सभी सेनानियो को शत बार प्रणाम । कोटि कोटि नमन। आज सबके सामने एक ही प्रश्न गुँज रहा है ।आजादी तो हमे मिल गई , मगर क्या व्यवस्था बदली? नही! तो क्या इसी आजादी केलिए भगतसिंह, खुदीराम वोस,सुभाष चन्द्र वोस,मेरे पिताश्री विश्वनाथ प्र0 श्रीवास्तव,जे0 पी,गाँधी जैसे महान नेताओं ने लड़ाई लड़ी थी ।क्या आज की युवापीढीहाथ पर हाथ रख कर तमाशा देखती रहेगी ।जगो देश के नव जवानो, माता तुम्हे पुकार रही है, वीरो को ललकार रही है ।जय हिन्द ,जय जवान,जय किसान,जय विज्ञान,जय भारत । लोहिया ,न कपूरीं और न रहे सम्पूर्ण क्रांति के लोकनायक जयप्रकाश !कोन सुनेगा,कौन उठायेगा दीन ,हीन वेसहारो की आबाज को? कौन लडेगा इनके हक की लड़ाई को?

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ल यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिशयोक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्टाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। ह्यआपह्ल ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है।





ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ल यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिशयोक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। ह्यआपह्ल ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ल यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिशयोक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। ह्यआपह्ल ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आलेख संग्रह फिकरो नजर का हुआ भव्य लोकार्पण

बेतिया मोहन सिंह। नगर के बड़ी मस्जिद स्थित,मदरसा इस्लामिया के सभागार में, स्वर्गीय सगीर हैदर की लिखी हुई आलेख संग्रह फिकरो नजर का भव्य लोकार्पण का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति अदीब,शायर,शुभचिंतक, ईस्टमित्र, सगे संबंधी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। अदब इस्लामी हिंद बेतिया शाखा के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिव, फहीम हैदर नदवी व अध्यक्ष, डॉक्टर कमरुज्जमा कमर ने महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में,मुजीब उल हक,अब्दुल खैर निशतर, जफर इमाम कादरी,सैयद शहाबुद्दीन अहमद,डॉ जाकिर हुसैन जाकिर,डॉ आरआजम, मोहम्मद अलाउद्दीन, इत्तेखार अहमद वसी साहब,अख्तर हुसैन अख्तर , अब्दुल मजीद खान एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### श्यामचक मुहल्ले के निवासियों की बड़ी जीत

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को शहर के श्यामचाक मे निमार्णाधीन आर ओ बी मे अंडर पास बनाने का चीर परिचित मांग पूरा होता हुआ नजर आया जब आर ओ बी के पैनल को एन एच आई के अधिकारियों द्वारा हटा दिया गया। ज्ञातव्य है कि श्यामचक के निवासी लंबे समय से अंडर पास की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे, इसके लिए धरना प्रदर्शन कर अपनी गुहार जिलाधिकारी सहित एन एच आई के आला अधिकारियों, केंद्रीय सड़क एवम परिवहन मंत्री, चुनाव आयोग आदि के पास लगाकर मतदान के बहिष्कार तक का अल्टिमेटम दिया था। अब सारण के जिलाधिकारी ने अंडर पास निर्माण हेतु एन एच आई के अपर मुख्य सचिव को अनुशंसा भी भेज दी है। श्यामचक निवासियों मे खुशी की लहर है। अंडरपास निर्माण संघर्ष मोर्चा के नेता और श्यामचक के कम्युनिस्ट नेता सुरेन्द्र सौरभ ने कहा है कि यह श्यामचक निवासियों के संघर्ष की जीत है। मतदान बहिष्कार वापस ले लिया गया है और यह अपील की गई है कि मतदान मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

### कार पलटने से महिला की मौत, दो घायल



मशरक। मशरक के बंगरा पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार को बचाने के दौरान स्विफ्ट कार अनियंत्रित हो गढ़े में पलट गई जिसमें कार में सवार एक महिला की मौत हो गई वहीं दो शख्स घायल हो गए। मृतक गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के नधना गांव निवासी इंदू देवी उम्र 60 वर्ष पति मनोज सिंह और घायल मनोज सिंह उम्र 60 वर्ष पिता स्व रामनरेश सिंह व 35 वर्षीय पुत्र पियूष कुमार हैं। ग्रामीणों ने घायल तीनों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया जहां महिला को चिकित्सक डॉ कविता सिंह ने मृत घोषित कर दिया।

# चुनाव से महत्तवपूर्ण दायित्व प्रशासन के लिए कोई कार्य नहीं:डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। सारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के छह विधान सभा के लिए प्रतिनियुक्त कुल 195 सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग शुक्रवार को जिला प्रेक्षा गृह में आयोजित की गयी। इस अवसर पर उन्हें रिपोर्टिंग संबंधी सभी प्रपत्रों, इवीएम स्टिकर और अन्य सामग्रियों की कीट उपलब्ध करायी गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव से महत्वपूर्ण दायित्व प्रशासन के लिए कोई कार्य नहीं। उन्होंने इसे अति गंभीरता से लेते हुए आज से लेकर चुनाव के दो दिन पहले पार्टी मिलान, एक दिन पहले इवीएम रिसीविंग, मतदान दिवस को पोलिंग से लेकर मशीन जमा करने तक सभी कार्यों को फ्लो चार्ट के अनुसार समझाया। उन्होंने कहा कि ब्रीफिंग के बाद आप सभी वाहन प्राप्त कर सीधे आवंटित क्षेत्र में जाएंगे। लोगों से मिलेंगे और कॉन्फिडेंस बिल्डिंग करते हुए मतदान करने को प्रेरित करेंगे। थानों से निरोधात्मक कार्रवाई, भेद्यता चिह्नीकरण की सूची प्राप्त करेंगे। की गयी कार्रवाई से अवगत होंगे। ऐसे लोगों से जरूर संवाद करेंगे। 18 मई को पार्टी मिलान स्थल पर पहुंच कर सम्बद्ध सभी पोलिंग पार्टी से परिचय और नंबर का आदान प्रदान करते हुए ब्रीफिंग के बाद समान्य और स्पेशल थैले की सामग्री प्राप्ति में सहयोग करेंगे। पुनः क्षेत्र में जाकर अपना मूल कार्य करेंगे। 19 मई को डिस्पैच स्थल पर पोलिंग पार्टी को इवीएम प्राप्ति और संबद्ध वाहन से बूथ पर रवाना करने के बाद अपना रिजर्व इवीएम प्राप्त कर अधिक बूथ वाले भवन पर स्टैटिक हो जाएंगे। इवीएम के साथ बिल्कुल सतर्क और संवेदनशील रहेंगे। किसी भी कीमत पर किसी सार्वजनिक स्थल, दुकान, गुमटी या टपरी पर नहीं रुकेंगे। इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जाएगी और सीधे ऐक्शन होगा। 20 मई पोल डे को सबसे पहले वेब कास्टिंग वाले बूथ का सेटअप देखेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता भंग ना हो। आयोग के निर्देशानुसार सभी पोलिंग पार्टी के सदस्य बूथ के अंदर बैठेंगे। स्थान की उपलब्धता के अनुसार पोलिंग एजेंट के बैठने की व्यवस्था रहेगी। पीओ को छोड़ कर किसी भी कर्मी, एजेंट या मतदाता को बूथ के अंदर मोबाईल लेजाने की इजाजत नहीं होगी। मॉक पोल के समय ऐक्टिव मोड में रहेंगे। मशीनों में समस्या की सूचना अधिक उसी समय आएगी। तकनीकी समस्या दूर नहीं होने पर कंट्रोल रूम से सहायता के लिए कॉल करेंगे। इंजीनियर या अधिकारी की अनुशंसा मिलने पर अपने सुरक्षित मशीन से रिप्लेस करेंगे। इस संबंधी फॉर्मेट भरते ही तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को देंगे। वास्तविक मतदान, या अन्य रिपोर्ट भरते समय पीओ के डाटा से मिलान करना सुनिश्चित करेंगे। शाम चार से छह का प्रोटोकॉल अति महत्वपूर्ण है। इस समय विशेष सतर्कता बरतना है। जहां मतदाता के अधिक भीड़ जमा होने की सूचना हो वहां स्टेंशड होते हुए सीपीएफ, पुलिस, जोनल या कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। पोल समाप्ति पर अपने पास मौजूद अनयूज्ड और खराब इवीएम लेकर सीधे सदर प्रखंड के निकट अवस्थित वेयरहाउस जाएंगे। भूल से भी मशीन के साथ बाजार समिति नहीं जाएंगे। वहां केवल पीओ के पोल्ड इवीएम जमा होंगे। वेयरहाउस से लौट कर बाजार समिति पहुंच अपने सभी पोलिंग पार्टी का इवीएम जमा होने के बाद ही प्रस्थान करेंगे।

एसपी डॉ गौरव मंगला ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव शुरू होते ही सबसे ज्यादा आपको कॉल आएंगे। आप कोई कॉल मिस नहीं करेंगे और प्रॉपर रिस्पॉन्ड करेंगे। फिल्ड से भी समस्या का कॉल आएगा। आप पहले रिस्पॉन्डर की तरह ऐक्ट करते हुए ऐक्शन लेंगे। जरूरत पड़ने पर थाना, कंट्रोल रूम या क्युआरटी को सूचित करेंगे। अफवाहें भी तेजी से फैलेंगी। ऐसी स्थिति में स्थिति समान्य का छोटा वीडियो बना कर भेजेंगे।

## किरण आंखा अस्पताल के सहयोग से एसएवी स्कूल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसएवी स्कूल के द्वारा बच्चो के स्वास्थ जांच के लिए आंख जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस जांच कैंप में लगभग एक हजार से ज्यादा बच्चों की आंख जांच कर के परामर्श दिया गया। यह कैंप किरण आँखा अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया। बच्चो की आंखों की जांच डॉ. अमर कयाल तथा उनकी टीम द्वारा की गई। इस दो दिवसीय जांच कैंप में आंखों की सुरक्षा के लिए बच्चो को मोबाइल तथा टीवी से दूरी बना के रखने की सलाह दी गई।

डॉ. कयाल तथा उनकी टीम ने बच्चो को अच्छी दृष्टि के लिए हरी सब्जी साग तथा सलाद को खाने में प्रमुखता से शामिल करने की बात कही । जांच टीम की सदस्या पुष्पा साह ने बताया की विद्यालय के अनुशासन से पूरी टीम प्रभावित हुई। प्राचार्य साइमन रेक्स ने बताया कि बच्चो में शिक्षा के साथ साथ अच्छा स्वास्थ्य होना भी जरूरी है। बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए विद्यालय इस तरह का कैंप हर समय आयोजित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अरविंद कुमार सिंह तथा अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो तथा अभिभावकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है, जो स्वस्थ देश और स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है। इस अवसर पे शिक्षक विक्टर डेका, ई. कुंदन राज, मंदीप गुप्ता, कृष्णा कुमार, एसपी यादव,विकाश सिंह, नवल प्रसाद ,अतुल सर्राफ,नसीम अख्तर, रामभरोश कुमार, प्रीति गुप्ता, वीना सिंह आदि ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डब्ल्यूआईआई के सौजन्य से एक दिवसीय जलज शार्दूल और जैव विविधता संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया।वन्यजीव संस्थान, देहरादून (वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया) के अधीन देशव्यापी नमामि गंगे और जलज शार्दूल परियोजना के तहत वाल्मीकिनगर स्थित वनस्थली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक किया गया। बतादें की जैव-विविधता संरक्षण,जलज परियोजना ,प्लास्टिक के कारण नदी तंत्र में होने वाले प्रदूषण और जलीय जीव को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के लक्ष्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में भारतीय वन्यजीव संस्थान के जलज फील्ड असिस्टेंट मुकेश कुमार के नेतृत्व में उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र छात्राओं से अपील की। नदी में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए अपनी सहभागिता को आगे बढ़ाए और देश की आगामी पीढ़ी होने के नाते समस्त जलीय जीव और पर्यावरण की रक्षा हेतु आगे आए। इसके अलावा राष्ट्रीय जलीय जीव गैंगेटिट अर्थात गांगेय सोंस के बारे में भी जानकारी दी । मौके पर स्कूल के संचालक सुरेश प्रसाद, प्रधानाध्यापक राजन कुमार,सहायक शिक्षक सन्नी कुमार,आदित्य कुमार,बिहारी सर, संध्या कुमारी, अंजली कुमारी, शालिनी कुमारी, अमीषा कुमारी उपस्थित रहे।

## 15 फिट किंग कोबरा समेत वन सुंदरी सांप का किया रेस्क्यू



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया।वीटीआर क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाकों में गर्मी के मौसम शुरू होते ही जंगली जीवों के निकल आने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बतादें की जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर 3 नम्बर पहाड़ स्थित कॉलोनी निवासी सुरेश मधेशिया के घर से 6 फिट लंबे वन सुंदरी सांप का रेस्क्यू किया गया। वन चिकित्सा पदाधिकारी मनोज कुमार टोनी ने बताया कि फोन पर इसकी सूचना मिली तो फौरन स्नैक एक्सपर्ट के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। सांप घर के अंदर बने पूजा घर मे था जिसे पकड़ लिया गया। इस सांप का नाम वनसुन्दरी है जो पहाड़ी इलाके में पाया जाता है और यह विष हीन सांप होता है। बतातें चलें कि गत दिनों लक्ष्मीपुर चौक स्थित दवा दुकान के पीछे डीलर मैनुद्दीन अंसारी के बुआ के घर से विशालकाय किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया था।इस किंग कोबरा की लम्बाई 15 फिट बताई जा रही है। यह काफी विषधर माना जाता है। बतादें की जब किंग कोबरा का रेस्क्यू किया जा रहा था तो उस समय किंग कोबरा को देखने वालों की भीड़ लग गई थी । एक्सपर्ट्स की माने तो गर्मी के बढ़ते ही सरीसृप जीव रेंगते हुए ठंढे जगह और भोजन की तलाश में ये अक्सर रिहायशी इलाके की तरफ चले आते हैं।

## सुशील मोदी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । इसुआपुर बाजार स्थित बाबा लाल दास के मठिया परिसर में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत राज्यसभा सांसद तथा बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तरैया के भाजपा विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा-जदयू कार्यकताओं, व्यवसायियों तथा आम लोगों ने दिवंगत नेता के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शत शत नमन लिखे दिवंगत मोदी की तस्वीर का कट आउट लिए सैकड़ों लोगों ने सुशील मोदी अमर रहें के नारे लगाए। वही दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। विधायक श्री सिंह ने सुशील मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके द्वारा बिताए गए क्षणों को याद किया। साथ ही उनके असामयिक निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोक सभा में बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष शारदानंद सोनी, अनुमंडल उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्यदेव साह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन, बिहार प्रदेश वैश्य महासभा के प्रधान महासचिव राजन प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय साहू महिला महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजू गुप्ता, बीजेपी के वरीय नेता बद्री नारायण सिंह,रेणु तिवारी, शेख आजाद,सलीम अंसारी, हरिकिशोर सिंह, मिथिलेश पांडेय, अनिरुद्ध सिंह, महादेव साह, अमीर साह, ललन ओझा, बच्चा सिंह, अनारमा पांडेय समेत एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## चुनाव की तिथि नजदीक आते ही लड़ाई हुई दिलचस्प

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे- वैसे लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है।एक तरफ जहां मतदाताओं को अपने पक्ष में एकजुट रखने के लिए,एनडीए गठबंधन के द्वारा प्रत्येक गांव में पूर्व सांसद शाहनवाज हुसैन,पूर्व मंत्री चंद्रिका राय,विधान पार्षद सच्चिदानंद राय,मंत्री जनक राम,राकेश सिंह समेत अलग अलग बिरादरी के नेता अपने अपने समाज में जनसंपर्क कर रहे हैं।इसके साथ ही डेरनी खेल मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक विशाल जनसभा को संबोधित कर मतदाताओं को काफी हद तक अपने पक्ष में करने में सफल रहे है, वहीं राजद गठबंधन के द्वारा भी अपने कोर वोटरों को एकजुट कर लेने का दावा किया जा रहा है। यहां तक की आगामी एक दो दिनों में डेरनी में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सभा भी आयोजित होने की बात बताई जा रही है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व विधायक चोकर बाबा भी लगातार रोड शो तथा जनसंपर्क कर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता पंकज सिंह,विनय शर्मा,मोनू सिंह,रंजीत सिंह आदि ने कहा की राजीव प्रताप रूढ़ी के किए गए विकास कार्यों तथा नरेंद्र मोदी के नितियो के कारण समाज के सभी वर्गों का पूरा समर्थन मिल रहा है जिससे एनडीए प्रत्यासी की जीत निश्चित है। वहीं राजद के कई नेताओं ने भी लालू प्रसाद द्वारा सारण के लिए किए गए विकास कार्यों तथा गरीबों का हितैषी बताते हुए जीत निश्चित होने का दावा कर रहे है जबकि चोकर बाबा के समर्थक भी समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिलने का दावा कर रहे है ।ऐसे में दरियापुर में लड़ाई काफी दिलचस्प हो गई है ।अब देखना यह होगा की ऊंट किस करवट बैठता है।

## हार्ट अटैक से पूर्व सरपंच भूषण का निधन

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। आतानगर पंचायत के पूर्व सरपंच तथा वर्तमान सरपंच कांति सिन्हा के 72 वर्षीय रिटायर्ड फौजी पति ब्रजभूषण कुमार सिन्हा का असामयिक निधन शुक्रवार को हार्ट अटैक होने से हो गया। उन्होंने 2011 से 5 वर्षों तक पंचायत के सरपंच के रूप में सेव किया। वहीं यह सीट महिला आरक्षित हो जाने पर उनकी धर्मपत्नी कान्ति सिन्हा पिछले दो टर्म से सरपंच के रूप में पंचायत की सेवा कर रही हैं । दिवंगत पूर्व सरपंच भूषण सिंह ईमानदार, मृदुभाषी, विद्वान, व्यवहार कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, स्वच्छ छवि तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। तरैया के बीजेपी विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह, सारण विकास मंच के सयोजक वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि तथा पूर्व प्रखड प्रमुख हरेंद्र सिंह, मुखिया धनंजय पांडेय,विजय सिंह, बद्री नारायण सिंह, किशोर सिंह, शिवमंगल सिंह, बसंत सिंह, डॉक्टर उपेंद्र, डॉक्टर केसु राय, सरपंच संघ के प्रखंड अधक्ष हरेराम तिवारी, सरपंच संजय ओझा, बसंत सिंह , शिवमंगल सिंह,श्याम प्रसाद, सिकंदर राउत, लंकेश बाबा समेत सैकड़ों लोगों ने उनके पैतृक आवास बासदेव नगर गांव पहुंचकर पूर्व सरपंच के पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों का ढ़ाढस बंधाया।

## भंगहा थाना अंतर्गत 09 किलोग्राम मादक पदार्थ (चरस) के साथ एक तस्कर गिरफ्तार




प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह । भारत नेपाल के सीमावर्ती थाना भंगहा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एस एस बी के सहयोग से एक नेपाली तस्कर को 6 किलो चरस के साथ धर दबोचा है। उक्त जानकारी देते हुए बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया है कि भंगहा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से मादक पदार्थ लेकर आने वाला है। सूचना के आलोक में भंगहा पुलिस ने थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एस एस बी की सहयोग से नेपाल के सीमावर्ती गांव विजय बस्ती के पास नाका डाला गया। तभी जंगल के रास्ते एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखा, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।जांच पड़ताल के क्रम में पुलिस ने उसके पास से 6 किलो चार एस बरामद किया है और उसकी मोटरसाइकिल भी जप्त कर लिया है । इस संबंध में पुलिस ने भंगहा थाना में एक प्राथमिक की दर्ज करते हुए गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर नेपाल निवासी परसा जिला के शेरवा थाना के पुड़ारी ग्राम के बाल कन्हाई राउत कुर्मी 40 वर्ष पिता रामाज्ञा कुर्मी बताया गया है।

# ठाकुर राम बहुमुखी कैंपस के संस्थापक स्व. महावीर प्रसाद एवं स्व. रघुबीरराम की प्रतिमा का अनावरण संपन्न

### भव्य कार्यक्रम के बीच त्रिभुवन विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने किया अनावरण

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। पड़ोसी देश नेपाल में बीते गुरुवार को सीमावर्ती नगर वीरगंज स्थित ठाकुर राम बहुमुखी कैम्पस में स्थापित कैंपस के संस्थापक स्व. महावीर प्रसाद एवं स्व. रघुबीरराम की प्रतिमा का अनावरण एक भव्य कार्यक्रम के बीच त्रिभुवन विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. (डा.) केशरजङ्ग बराल के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंपस प्रमुख प्रो. रंजीत प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम में वीरगंज महानगरपालिका के उप प्रमुख इम्तियाज आलम, एसपी कुमुद ढुङ्गेल, दाता परिवार के सभी सदस्यगण, उद्योग वाणिज्य संघ के सुबोध गुप्ता, अशोक टेमानी, नेपाल भारत सहयोग मंच के अध्यक्ष अशोक बैद, उद्योगपति गणेश लाठ, दिलीप जैन समेत पूर्व कैंपस प्रमुख, अवकाश प्राप्त प्राध्यापक समेत संपूर्ण कैंपस परिवार और नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन सहायक क्याम्पस प्रमुख प्रो. दिनेश प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपकुलपति ने कैंपस परिसर में स्थित माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की और दोनों संस्थापकों की प्रतिमा का विधिपूर्वक अनावरण किया। कैंपस प्रमुख ने उपकुलपति को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और दोशाला के साथ अभिनंदन किया। वहीं संस्थापक परिवार के सदस्यों को उपकुलपति ने पुष्पगुच्छ और दोशाला देकर सम्मानित किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों को संस्थापक परिवार सदस्य संजय कुमार उर्फ बबलू, शशिरंजन, रोहित कुमार और प्राध्यापक डॉ. स्वयंभू शलभ ने सम्मानित किया। कैंपस के गौरवशाली इतिहास और संस्थापक परिवार के योगदान के बारे में बताते हुए पूर्व कैम्पस प्रमुख प्रो. ललन द्विवेदी ने कहा कि वि.सं. 2009 में स्थापित ठाकुर राम कैंपस काठमांडू उपत्यका के बाहर पहला और देश का दूसरा कैंपस है, जो त्रिभुवन विश्वविद्यालय से भी सात वर्ष पूर्व स्थापित हुआ। शुरू में यह कैंपस पटना विश्वविद्यालय के संबंधन के साथ संचालित होता था जो बाद में त्रिभुवन विश्वविद्यालय से संबद्ध हुआ। उपमेयर इम्तियाज आलम ने कहा कि इस कैंपस ने प्रधानमंत्री, परराष्ट्र मंत्री, वाईस चांसलर समेत अनेक राजनीतिज्ञ, विद्वान, साहित्यकार, कलाकार, समाजसेवी, उद्योगी, चिकित्सक और प्राविधिक जनशक्ति का उत्पादन कर देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान किया है। मैं भी इसी कैंपस का छात्र रहा। वहीं उप कुलपति डॉ. बराल ने कहा कि जिस समय देश में शिक्षा का अभाव था, उस समय दोनों भाइयों ने शिक्षा की अलख जगाई जिसका प्रकाश पूरे देश में फैला। करीब सात दशक बाद उनकी प्रतिमा के स्थापना का यह क्षण अत्यंत गौरव और खुशी का क्षण है। शिक्षा जगत में उनका योगदान युग युग तक अमर रहेगा और हमारी युवा जनशक्ति को प्रेरणा देगा। संस्थापक परिवार सदस्य संजय कुमार ने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक भावुक क्षण है। हम सबों को आज इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला। वर्षों का सपना आज साकार हुआ।पूर्वजों की यह कृति हमारी वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को त्याग और सेवाभावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान इस कैंपस में अपनी सेवा देने वाले पूर्व कैंपस प्रमुख और प्राध्यापक पद पर प्रोन्नति पाने वाले सह प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कैंपस प्रमुख प्रो. रंजीत प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर आयोजित रात्रिभोज में सम्पूर्ण कैंपस परिवार के साथ सभी गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए।

## गांव छोड़कर एक दिन के लिए वनवास पर चले जातें है



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। बगहा के नौरंगिया गांव में एक अनोखी परंपरा का पालन ग्रामिणों द्वारा किया जाता है।इस गांव के सभी लोग एक दिन के लिए वनवास पर चले जाते हैं।कहा जाता है कि यह परंपरा करीब 100 वर्षों से चली आ रही है।

लोग अपने साथ-साथ अपने पालतू जानवरों को भी साथ ले जाते हैं।गांव के स्थानीय लोगों द्वारा यह कहा जाता है कि नौरंगिया गांव में 100 साल से भी अधिक समय से वनवास की परंपरा चली आ रही है।ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से उन्हें देवी के प्रकोप से छुटकारा मिलता है।कहा जाता है कि यह गांव बीते कई सालों पहले प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों का शिकार था। यहां हैजा और चेचक से सभी लोग पीडित थे। गांव में कई बार आग भी लग जाया करती थी।

मान्यता है कि इस गांव के एक बाबा परमहंस साधू ने देवी माता को अपने सपने में देखा, जिसमें उन्होंने लोगों के कष्ट निवारण हेतु सभी गांव वालों को वनवास ले जाने के लिए कहा था। तब से लेकर आज तक यहां हर साल इस प्रथा का पालन किया जाता है। नवमी के दिन लोग अपने घरों को छोड़ देते हैं और पूरा दिन भजनी कुट्टी, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बिताते हैं, जहां वे मां देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। सूत्रों की मानें तो वन प्रशासन ने शुरू में जंगल में इतने लोगों देखकर रोकने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में, उन्होंने अपने असफल प्रयासों के कारण हार मान ली

## संकुल स्तरीय संघ ने विभिन्न गावों मे जीविका संघ ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर प्रखंड स्थित सुहानी जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ द्वारा भिठ्ठी गांव के आस-पास रैली निकाली गई। साथ ही संकुल संघ में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मेंहदी, रंगोली तथा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संकुल संघ में हुए कार्यक्रम में संकुल संघ की अध्यक्ष रेणु देवी, जीविका के बीपीएम, राजू कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक, शैलेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक, अशोक कुमार एवं उमेश कुमार तथा प्रबंधक संचार, दीपक कुमार के साथ जीविका दीदियों ने बडी संख्या में भाग लिया। इस संकुल स्तरीय संघ के अंतर्गत 27 ग्राम संगठन जुड़े हुए हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करना है ताकि मतदान प्रतिशत को और बढ़ाया जा सके। साथ ही सभी दीदियों ने संकल्प लिया कि मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु वो लोग जीविका समूह की दीदियों के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करेंगी। जीविका दीदियां विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के दिन घर से निकल कर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। घर घर दस्तक अभियान चला लोगों के घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। सामुदायिक संगठनों की बैठक में जीविका दीदियां मतदान के महत्व पर चर्चा कर रही है। इन बैठकों में मतदान हेतु सामूहिक शपथ का आयोजन किया जा रहा है। वे लोगों को बिना लोभ और भय अपने मताधिकार का प्रयोग करने लिए प्रेरित कर रही हैं। जीविका दीदियां मेहंदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश लिख, बैनर, तख्तियों आदि का उपयोग कर मतदाता जगरूकता अभियान चला रही हैं। जीविका दीदियां मतदान में भाग लेने हेतु लोगों से आह्वान कर रही हैं। इसके लिए जीविका दीदियों द्वारा दैनिक स्तर पर प्रभात फेरी, जन जागरूकता रैली, विशेष सभा, रंगोली निर्माण, हथेलियों पर मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित मेंहदी रचना एवं संध्या चौपाल आदि का भी आयोजन किया जा रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 18 मई, 2024




# बेटी की शादी के बजट पर बोले अनुराग कश्यप

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अनुराग कश्यप बेटी की शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। बेटी आलिया के पॉडकास्ट यंग, डंब एंड एंक्सियस पर अनुराग कश्यप ने बेटी की शादी के बजट पर बात की। उन्होंने कहा आलिया की शादी ठीक से हो और उसे किसी भी चीज की कमी ना हो इसके लिए उन्होंने अभी से मेहनत करना शुरू कर दिया है। अनुराग का कहना है कि आलिया की शादी का बजट उनकी लो बजट फिल्मों के बराबर है। शादी में होने वाले खर्चे का बिल समय-समय पर भरा जाता रहे, इसके लिए उन्हें लगातार काम करते रहना होगा। पिता की ऐसी बातें सुनकर आलिया हंसने लगती हैं।

### खुद को टेरिबल पिता बताया

अनुराग ने बेटी से बात करते हुए अपने आपको टेरिबल पिता बताया। उन्होंने कहा- मुझे लगता है मैं तुम्हारे लिए एक पिता की तुलना में दोस्त ज्यादा बेहतर रहा हूं। मैं ये बात जानता हूं कि तुम्हें इन सबके बीच पिता की कमी बहुत खली होगी। लेकिन तुम्हारी मां ने अपना पूरा फर्ज निभाया है। पिता की बातें सुनकर आलिया इमोशनल हो गईं। आलिया ने कहा- आप हमेशा मेरे बहुत अच्छे दोस्त बनकर रहे हैं। इससे यह साफ पता चलता है कि आप कितने बेहतर इंसान हैं।

### पिछले साल हुई थी आलिया की सगाई

पिछले साल आलिया कश्यप ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर से सगाई की थी। आलिया कश्यप फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और उनकी पहली पत्नी आरती बजाज की बेटी हैं। आलिया पेशे से यूट्यूबर हैं। आलिया और उनके बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर लंबे समय से डेट कर रहे थे। शेन ने इंडोनेशिया के बाली में आलिया को प्रपोज किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि शेन ने चुपके से उन्हें प्रपोज करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था। शेन का ऐसा करना आलिया को काफी रोमांटिक लगा। आरती और अनुराग की शादी 2003 में हुई थी और 2009 में दोनों ने तलाक ले लिया था। तब से अनुराग अपनी बेटी आलिया की परवरिश अकेले ही कर रहे हैं। अनुराग ने एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन से 2011 में शादी की, लेकिन ये शादी भी लम्बे वक्त तक नहीं चल पाई और 2015 में दोनों अलग हो गए।



# माया वन मूवी टीजर में चमकीं आकांक्षा रंजन कपूर

आकांक्षा रंजन कपूर सिनेमा की दुनिया में धूम मचा रही हैं, और उनका नवीनतम प्रोजेक्ट माया वन पहले से ही चर्चा पैदा कर रहा है। फिल्म का हाल ही में जारी किया गया टीज़र आकांक्षा की प्रतिभा और करिश्मा को दर्शाता है, जिससे दर्शक और अधिक उत्सुक हैं। छोटे से वीडियो में आकांक्षा अपनी जबरदस्त एक्टिंग से सबका ध्यान खींचती हैं. वह आत्मविश्वास से भरी दिखती हैं और उनके चेहरे के भावों में बहुत सारी भावनाएँ झलकती हैं, जिससे जब वह स्क्रीन पर होती हैं तो लोगों का ध्यान वास्तव में उन पर केंद्रित हो जाता है। माया वन एक सम्मोहक कहानी होने का वादा करती है, और आकांक्षा का उसके चरित्र का चित्रण कहानी में एक दिलचस्प परत जोड़ता है। विभिन्न प्रकार की भावनाओं को व्यक्त करने की उनकी क्षमता एक सूक्ष्म और बहुआयामी प्रदर्शन का संकेत देती है जिसका दर्शक इंतजार कर रहे थे। आकांक्षा के लिए, माया वन उनके बढ़ते करियर में एक और मील का पत्थर है। प्रत्येक प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण को साबित करती रहती है। यादगार प्रदर्शन देने की उनकी प्रतिबद्धता टीज़र के हर फ्रेम में स्पष्ट है। एक उभरते सितारे के रूप में, आकांक्षा रंजन कपूर फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। उनकी प्रतिभा, कहानी कहने के जुनून के साथ मिलकर, उन्हें अलग करती है और आने वाले वर्षों में उन्हें देखने लायक एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करती है। माया वन का टीज़र सिनेमा में आकांक्षा के आशाजनक भविष्य की एक झलक पेश करता है। फिल्म रिलीज होने पर दर्शकों को इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री से आकर्षक और मनमोहक प्रदर्शन की उम्मीद है। ऐसी दुनिया में जहां आम तौर पर प्रसिद्ध अभिनेताओं को सारा ध्यान मिलता है, आकांक्षा रंजन कपूर एक नए सितारे के रूप में सामने आती हैं। ऐसा लगता है कि उनकी आने वाली फिल्म माया वन लोगों को उनसे और भी ज्यादा प्यार कराएगी और फिल्म प्रशंसकों के दिलों में उनकी जगह पक्की कर देगी।



# निर्देशकों को किरण राव की सलाह, कहा- कुछ ऐसा बनाएं जो आपको खुद पसंद आए

लापता लेडीज की सफलता का आनंद लेते हुए फिल्म निर्माता किरण राव ने सभी महत्वाकांक्षी पटकथा लेखकों के लिए एक संदेश देते हुए कहा है कि आप अपने पेशे में शीर्ष पर रहें।

15वें कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल के मौके पर मीडिया से बात करते हुए राव ने कहा, फ्रमुझे हमेशा लगता है कि कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो अच्छा प्रदर्शन करती हैं और कुछ नहीं कर पाती। प्रासंगिक होने के लिए आपको कुछ ऐसा बनाना होगा जो एक दर्शक के दिल में उतर जाय। राव के अनुसार एक अच्छी कहानी वह है जिसके साथ आप जुड़ते हैं, कुछ ऐसा जिसके बारे में बात करना आपको दिलचस्प और महत्वपूर्ण लगता है ।दर्शकों के बारे में बात करते हुए किरण ने कहा, लोगों के पास अब कई सारे ऑप्शन हैं। कई तरह के कंटेट तक उनकी पहुंच आसान हो गई है। एक फिल्म निर्माता के रूप में मुझे लगता है कि आपको अपने पेशे में शीर्ष पर रहने की जरूरत है। यदि आप अच्छे हैं और ऐसी कहानियां बनाते हैं जो दिलचस्प हो, तो आप एक अच्छे कहानीकार होंगे। फिर चाहे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रहे हों या फिल्म बना रहे हों ।लापता लेडीज के निर्माण के लिए आमिर खान की सराहना करते हुए राव ने कहा, इस तरह की फिल्म केवल आमिर खान जैसे निर्माता ही बना सकते थे। वह सर्वोत्तम फिल्में बनाना चाहते हैं। फिल्म की कास्टिंग के बारे में राव ने कहा, आमिर को एहसास हुआ कि यह फिल्म साधारण कलाकारों के साथ सबसे अच्छा काम करेगी। बहुत कम निर्माता इसे महसूस करेंगे और आपको उस तरह का समर्थन देंगे। आमिर वह व्यक्ति हैं जिन्होंने इसकी कहानी ढूंढी, उनके बिना फिल्म नहीं बनाई जा सकती थी।

# अर्जुन कपूर ने पूरी की 'सिंघम अगेन' की शूटिंग



रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' है। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे कलाकार पहली बार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में होंगे। हाल ही में अर्जुन ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी की। आखिरी दिन सेट से एक फोटो शेयर करते हुए एक्टर ने इस फिल्म को अपने करियर के लिए मील का पत्थर बताया है। अर्जुन ने यह भी बताया कि यह उनके करियर की 20वीं फिल्म है। अर्जुन ने लिखा- 'रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का विलेन। मैंने सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी कर ली है। मैं खुशनसीब हूं जो इंडियन सिनेमा की इस सबसे ज्यादा एंटरटेनिंग फ्रेंचाइजी का हिस्सा बना। मेरी 20वीं फिल्म और मेरे करियर की सबसे बड़ी माइलस्टोन में से एक।'

### अगले साल 15 अगस्त को रिलीज होगी

अर्जुन ने जो तस्वीर शेयर की उसमें वो वेष्टि पहने नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनका किरदार साउथ इंडियन विलेन का हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो 'सिंघम अगेन' रामायण की थीम पर बेस्ड हो सकती है। यह फिल्म अगले साल 15 अगस्त को रिलीज हो सकती है।

# जैकलीन फर्नांडीज भी करेंगी कांस के रेड कारपेट पर वॉक



ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं। जैकलीन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि वो फेस्टिवल में रेड कारपेट पर वॉक करेंगी। उन्होंने कहा कि वो कांस में साउथ ईस्ट एशिया को ग्लोबली प्रेजेंट करने के लिए एक्साइटेड हैं। इससे पहले भी जैकलीन ने 2015 में कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड किया था।



# फिल्म डबल इस्मार्ट में संजय दत्त फिर बनेंगे विलेन

संजय दत्त को बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ में भी खूब प्यार मिलता है। वो साउथ के फेमस एक्टर यश की फिल्म में विलेन बने थे। अब वो फिर से खलनायक वाले अवतार में नजर आने वाले हैं। उनकी अगली फिल्म है डबल इस्मार्ट, जो दक्षिण भारत की चार भाषाओं सहित हिंदी में भी रिलीज होगी। पुरी जगन्नाध के डायरेक्शन में बनी इस साइंस फिक्शन एक्शन मूवी में वो राम पोथिनेनी संग जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। ये साल 2019 में रिलीज हुई इस्मार्ट फिल्म का सीक्वल है। टीजर में राम पोथिनेनी और संजय दत्त, दोनों ने ही गर्दा उड़ा दिया है। दो गुटों की लड़ाई है। खूब गाली-गलौज, बंदूक की गोलियां, और लड़की। इसी के इर्द-गिर्द घूमती है डबल इस्मार्ट की कहानी। मालूम हो कि इससे पहले पुरी जगन्नाध ने विजय देवरकोंडा की लाइगर फिल्म बनाई थी, जो बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई। 2022 में रिलीज हुई उस फिल्म के दो साल बाद अब उनकी डबल इस्मार्ट रिलीज होगी।

# तीसरी बार टली कंगना स्टारर 'इमरजेंसी' की रिलीज

कंगना रनोट की अगली फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट फिर एक बार टल गई है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनाउंसमेंट करते हुए यह जानकारी दी।

### 14 जून को रिलीज होने वाली थी फिल्म

मेकर्स ने लिखा, 'चूंकि कंगना इन दिनों देश सेवा में व्यस्त हैं ऐसे में हम फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट आगे बढ़ा रहे हैं। हम जल्द ही आपको इस बारे में अधिक जानकारी देंगे।' बता दें कि इससे पहले यह फिल्म पिछले साल 24 नवंबर और फिर इस साल 14 जून को रिलीज होने वाली थी। कंगना इन दिनों अपना पूरा वक्त चुनाव प्रचार को ही दे रही हैं। वो लोकसभा चुनाव 2024 में मंडी से प्रत्याशी हैं। ऐसे में वो इस फिल्म के प्रमोशन पर अपना वक्त नहीं दे पा रही हैं। इमरजेंसी में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपडे, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमण जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह दिवंगत एक्टर-डायरेक्टर सतीश कौशिक की भी आखिरी फिल्म है। खुद कंगना ने किया फिल्म का निर्देशन फिल्म 'इमरजेंसी' की कहानी पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है। फिल्म में इंदिरा के जीवन के कई अहम पड़ावों को दिखाया जाएगा। खुद कंगना ने इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ ही इसका निर्देशन भी किया है।





# बॉलीवुड में अपने काम का ढिंढोरा पीटना जरूरी, मेरा असली टाइम अब आया है

**अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले एक्टर श्रेयस तलपड़े पिछले दिनों जब दिल का दौरा पड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए, तो उनके फैंस सन्न रह गए। उनके चाहने वालों के लिए वह बड़ा झटका था, लेकिन अब वह दोगुने जोश के साथ सिल्वर स्क्रीन पर लौट आए हैं। जल्द ही कर्तम भुगतम, कंपकंपी, इमरजेंसी, वेलकम टू जंगल जैसी फिल्मों में नजर आने वाले श्रेयस का मानना है कि उनका असल टाइम अब आया है।**

**अब आपकी तबीयत कैसी है? आपके चाहने वालों के लिए आपके हार्ट अटैक की खबर बहुत सदमे भरी थी। लोगों को हैरत भी हुई कि आप तो इतने फिट हैं, फिर ऐसा कैसे?**

मैं अब ठीक हूं। वो मेरे लिए भी बहुत शॉकिंग बात थी, क्योंकि अचानक ऐसा कुछ हो जाएगा वो तो मैंने भी कभी सोचा नहीं था। हम ये सोचते हैं कि हम फिट हैं। सारी सावधानी बरत रहे हैं लेकिन आपके शरीर के अंदर क्या चल रहा है, वो आप नहीं जानते। खास तौर पर कोविड के बाद सेहत को लेकर मामला गड़बड़ा गया है। कोविड में कई लोगों को खून पतला करने की दवाएं/इंजेक्शन दिए थे क्योंकि खून गाढ़ा हो रहा था। अब ये कोविड का असर है या वैक्सीन का है, आखिर वैक्सीन में भी तो वही वायरस है, ये वजह तो हमें पता नहीं लेकिन हां, कोविड के बाद चीजें बदल गई हैं। इसलिए जरूरी है कि हम ज्यादा एहतियात रखें।

**आपको हमेशा बढ़िया एक्टर का दर्जा मिला है, मगर आपको नहीं लगता कि जितनी बढ़िया फिल्में और रोल आप डिजर्व करते थे, वो शायद नहीं मिला। इसकी क्या वजह मानते हैं?**

इन सवालों के टेक्निकली कोई जवाब नहीं होते। कभी-कभी लगता है कि शायद हममें कोई कमी होगी। जैसे मैं मानता हूं कि उस वक्त जितना अच्छा एक्टर मुझे माना गया, मुझे उतनी अच्छी मार्केटिंग भी करनी चाहिए थी। जो फिल्में चलीं, उनकी सफलता भुनानी चाहिए थी, जो मैंने नहीं किया। वो होता है न, खुद का ढिंढोरा पीटना, हमारे प्रफेशन में वो भी जरूरी होता है लेकिन हम थिएटर बैकग्राउंड से आते हैं तो हमें झिझक होती है कि खुद का ढिंढोरा क्या पीटें? हमें सिखाया गया है कि काम करो, अच्छा काम होगा तो चार लोग बोलेंगे पर ये पूरा सच नहीं है। पूरा सच ये है कि काम तो करो ही लेकिन उसकी मार्केटिंग भी उतनी ही जरूरी है। वैसे, कभी-कभी मुझे ये भी लगता है कि कुछ फूल देर से खिलते हैं, उन्हें वह वक्त देना चाहिए। शायद अब मेरा वक्त है। अब मैं कुछ चीजें सही तरीके से कर रहा हूं। मेरी जो फिल्में रिलीज पर हैं, वो चाहे कर्तम भुगतम हो, कंपकंपी हो, इमरजेंसी हो, वेलकम टू जंगल हो या पुष्पा हो, जो लाइन अप हैं, उनमें मैं खुद को नए तरीके से पेश करने की कोशिश कर रहा हूं।

**कर्तम भुगतम ग्रहों की चाल और ज्योतिष पर आधारित है। आप निजी जिंदगी में इन चीज़ों पर कितना यकीन करते हैं?**

मैं आपको एक वाकया बताता हूं। 2005 में जब इकबाल रिलीज हुई थी। तभी मेरी शादी भी हुई थी तो मुझे और दीप्ति (पत्नी) को एक शो कॉस्मिक चैट में बुलाया गया था। उसमें टैरो कार्ड रीडर सुनीता मेनन से हमने अपने पहले घर के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि दो साल बाद होगा। जबकि, मुझे यकीन था कि जैसी फिल्में मुझे मिल रही हैं, मैं अगले साल घर ले लूंगा। मैंने उन्हें गलत साबित करने का ठान लिया। अगले साल हमने घर देख लिया, बुकिंग अमाउंट दे दिया, लोन पास हो गया, जब फाइनल चेक देने गए तो वहां बंदा बदल गया, नया वाला बंदा रेट बढ़ाकर बताने लगा तो हमारी बहस हो गई और वो एकदम फाइनल घर हमें नहीं मिला। मैंने दूसरा घर फाइनल किया पर हमारे वास्तु वाले ने मना कर दिया और अंत में हमारा घर 2007 में ही हुआ, तो हम मानें या न मानें लेकिन ऐसी चीजें होती हैं तो आपको यकीन करना पड़ता है कि कुछ तो विज्ञान या शक्ति है।

**आपके हार्ट अटैक के वक्त आपकी पत्नी डटकर खड़ी रहीं। वह आपकी जिंदगी के लिए कितनी बड़ी संबल हैं?**

असल में, उसके लिए यह सदमा बहुत ज्यादा है, इसलिए उसे यह सब भूलने में वक्त लगेगा। अब भी बेचारी डरी रहती है। हर दस मिनट में फोन करके पूछती है कि तुम ठीक हो, खाना खाया या नहीं, दवा ली या नहीं। वो सदमा उसके लिए गहरा है। दीप्ति हमेशा से बहुत मजबूत महिला रही हैं। जब हमारी शादी हुई थी, तभी मैं इकबाल करने चला गया तो तीन महीने वो मेरे पैरंट्स के साथ ही घर पर थी। किसी भी लड़की के लिए शादी के तुरंत बाद पति से दूर रहना मुश्किल होता है लेकिन उसने कभी किसी चीज के लिए शिकायत नहीं की। अब मैं सोचता हूं कि मैं उसे किसी भी रूप में थोड़ी खुशी दे पाऊं तो मैं खुद को बहुत भाग्यवान समझूंगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### हंगामा कर रहे शराबी गिरफ्तार, गया जेल

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के अंन्तीराम टोला से एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के ईटहरी पंचायत अन्तर्गत अंन्तीराम टोला गांव मे शराब के नशे मे धुर्त होकर ग्रामीणों के साथ हंगामा कर रहे थे। इसकी सुचना बरियारपुर पुलिस को ग्रामीणों ने दे दिया। जिसे बरियारपुर गस्ती दल ने पहुंचा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मजमा देख गस्ती दल के जवानों ने उसे धर दवोचा। बरियारपुर पुलिस ने उसे थाना लाया। जहां पूछ ताछ के क्रम मे अपना नाम अरुण मंडल बताया। स्वास्थ्य जॉच के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अलकोहल होने का प्रमाण पत्र लिखकर दिये थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि प्रातः गस्ती दल को घटनास्थल पर जा कर पूरी मजमा देखा। न्यायालय के नियमों के तहत पुलिस सरंक्षण मे उसे जेल भेज दिया गया।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने सदस्यता प्रमाण पत्र का वितरण किया

संग्रामपुर (मुंगेर)। चैम्बर ऑफ कॉमर्स मुंगेर मुख्य शाखा की एक टीम अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल व सचिव रविशंकर प्रसाद की अगुआई में संग्रामपुर शाखा मे सदस्यता प्रमाण पत्र शाखा के अध्यक्ष नीलाभ कुमार एवं सचिव राजेश केशरी को सौंपा। व्यवसायिक वर्ग के सभी लोगों को सभी तरह के कठिनाइयों को दूर करने की बात कही गई, बैठक में बाजार में हो रही अपराधिक घटना एवं सुरक्षा की भी चर्चा हुई। इस अवसर पर संग्रामपुर शाखा से अजय भगत, मनोज कुमार साह, पशुपति भगत, सोनू केशरी, अमोद भगत अमरनाथ भगत, संजीत भगत सहित अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

### शीतल जल स्टॉल का किया गया उद्घाटन

संग्रामपुर (मुंगेर) चेंबर ऑफ कॉमर्स, संग्रामपुर व यूको बैंक के सौजन्य से संग्रामपुर महावीर स्थान चौक पर निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था की गई। शीतल जल स्टॉल का उद्घाटन मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रधान शाखा मुंगेर के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल एवं यूको बैंक संग्रामपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार एवं अंकित कुमार के द्वारा किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के संग्रामपुर शाखा अध्यक्ष नीलाभ कुमार एवं सचिव राजेश केशरी ने कहा कि इस तरह के स्टॉल का विस्तार संग्रामपुर के अन्य बैंकों के सहयोग से और भी अन्य स्थानों पर लगाया जाएगा। इस मौके पर प्रधान शाखा सचिव रविरंजन पप्पू, अमरनाथ भगत, संजीत भगत, आमोद भगत, पशुपति नाथ, मनोज शाह, अजय केशरी, तूफान एवं मुंगेर से आए हुए कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पंकज बने हिंदू भारतीय सेना के जिलाध्यक्ष

संग्रामपुर (मुंगेर)। हिंदू भारतीय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष झालानी के अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार भारद्वाज ने नगर पंचायत निवासी पंकज कुमार को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। जारी पत्र में राष्ट्रीय महासचिव ने कहा है कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पंकज कुमार हिंदू भारतीय सेवा के संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्र को मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेवारी हमें सोंपी है उस पर मैं खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा।

### हत्याकांड में एक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार : थानाध्यक्ष

नवगछिया (भागलपुर)। विगत 13 अप्रैल की देर रात भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगरपारा गांव इलाके में धारदार हथियार से आंगनबाड़ी सेविका पति राजकिशोर सिंह उर्फ विक्कल सिंह की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। वही हत्या मामले में मृतक की पत्नी सोनी देवी के फर्द बयान के आधार पर पंकज मंडल समेत छह लोगों को नामजद अभियुक्त सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। वही वादिनी द्वारा पुनः शपथ पत्र देकर पांच लोगों का नाम आवेदन में संलग्न किया था। वही घटना के करीब एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भवानीपुर थाना पुलिस ने हत्याकांड के अभियुक्त नगरपारा मंडल टोला गांव इलाके के कैलाश मंडल के पुत्र गणपति उर्फ गणपत मंडल को एक योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार करने में सफल रही हैं। इस बाबत भवानीपुर थाना थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया है। वही गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही उन्होंने बताया कि घटना में संलिप्त फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# विभागीय उदासीनता का दंस झेल रहे सैकड़ो नामांकित छात्र : शिक्षक

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। शिक्षा विभाग मूलभूत सुविधाओं को अनदेखी के साथ 300 नामांकित छात्रों को पठन पाठन के लिए भले ही शिक्षा विभाग ने विद्यालय में 12 शिक्षक की नियुक्ति कर दी हो लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही नजर आता है। इसी कड़ी में गोपालपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरनाथचक मध्य विद्यालय प्रांगण में विभाग की उदासीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को साफ तौर पर मिल जाता है। लेकिन विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी विद्यालय के नामांकित छात्र छात्राओं के पठन-पाठन की व्यवस्था की हकीकत कुछ और ही देखने को मिल रही हैं। क्षेत्र इलाके के कई विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय तो संचालित की गई हैं लेकिन शिक्षा के नाम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर भेड़ बकड़ी की तरह संचालन विद्यालय की शिक्षा का एक अलग ही रूप देखने मिल रहा है। बता दें कि विद्यालय का संचालन बहुत ही कम क्षेत्रफल में फैले इस विद्यालय में मात्र पांच वर्ग तक की कक्षा है, जिसमें कक्षा आठ तक की पढ़ाई होती है। स्थिति यह है कि कक्षा द्वितीय तृतीय एवं छठी की पढ़ाई बरामदे पर एक साथ किया जाता है तो वही विद्यालय के कार्यालय के किसी गोदाम की तरह पहली कक्षा की पढ़ाई होती प्रत्यक्ष रूप में देखने को मिल रही है।

विद्यालय की स्थिति ऐसी है कि कक्षा में सही तरह से रोशनी की व्यवस्था तक भी छात्रों को नहीं मिल पाता है। कम जगह के इस विद्यालय के बने छोटे कमरे वाले कक्षा में विद्यालय के बच्चे उमस भरी गर्मी से छटपटाते नजर आते हैं। विद्यालय की स्थापना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक वर्षो पूर्व हुआ है। यहां पर जमीन के अभाव में विद्यालय भवन का सही से निर्माण हो सका था जिसके कारण आसपास के गांव इलाके के बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए विद्यालय तो बना दिया गया है जिससे विद्यालय के नामांकित छात्रों को पढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर से सटे यह गांव होने के कारण यहां के आसपास इलाके के कुछ बच्चे व्यवस्था के आभव में अलग-अलग विद्यालयों में भी नामांकन करा लेते हैं। वही अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर विद्यालय के छात्र पीयूष कुमार, रमेश कुमार, सुजीत कुमार आदि बताते हैं कि हम लोग पढ़ाई से अधिक जोर से बोलने और सुनने में समय बिता देते हैं, क्योंकि इतना हल्ला गुल्ला होता है कि हम लोग कुछ भी पाठ्यक्रम नहीं पढ़ पाते हैं।

वही विद्यालय के शिक्षक भी बताते हैं कि यहां पर पठन-पाठन के लिए और कमरे की जरूरत है, लेकिन अभी तक इसके लिए विभाग द्वारा कोई ठोस व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पायी है। वहीं दूसरी तरफ विद्यालय की हाल व्यवस्था को लेकर स्थानीय ग्रामीण भी बताते है कि अगर जगह होता तो विद्यालय सही से बन जाता तो बच्चों का पठन-पाठन की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकता था। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक बलराम प्रसाद सिंह बताते हैं कि हम लोगों ने विद्यालय की व्यवस्था को लेकर के शिक्षा विभाग के अधिकारों को कई बार जानकारी दी है लेकिन जमीन के अभाव में भवन निर्माण की व्यवस्था नहीं हो पा रहा है। इस बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार सिंह से संपर्क असफल रहा था।

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व समय में बिहार के अपर सचिव बिहार सरकार के केके पाठक द्वारा अपने पूर्व निर्धारित क्षेत्र दौरे पर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने की दिशा में क्षेत्र का दौरा किया था। इसी क्रम में क्षेत्र इलाके विद्यालय प्रांगण में बच्चों के शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई तरह के सुझाव के साथ साथ शिक्षा विभाग के संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश जारी कर दिये गये थे। अब देखने वाली बात है कि विद्यालय भवन निर्माण व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर स्थानीय जिला प्रशासन की क्या रणनीति बनाई जाती हैं इस सवालों को लेकर इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एजेंसी की लापरवाही से मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना जिले में अधर में लटका

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना आज जिले के अधिकारियों और लाइट लगाने वाली एजेंसियों की मिली भगत से पंचायत के वार्डो में काम पूरा नहीं किया जा सका है मिली जानकारी के अनुसार पूरे बिहार में यह योजना एजेंसी की लापरवाही और अधिकारियों के भ्रष्टाचार के चलते गांव के वार्डो में सोलर लाइट कार्य पूरा नहीं किया जा सका है।

सूत्रों ने बताया कि मुंगेर जिले में 13770 सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य था जिसमें 10164 ही लगाया जा सका है। इस संबंध में बिहार के मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग की ओर से कई बार राज्य के सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारी व जिला अधिकारी सहित उप विकास आयुक्त को पत्र भेजकर काम में तेजी लाने को कहा गया था। लेकिन मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग के पत्र के बावजूद भी जिले के अधिकारियों और एजेंसी ने काम पूरा नहीं कर सका। सूत्रों ने बताया कि यह योजना सितंबर 2022 में शुरू की गई थी और कार्य करने वाले एजेंसी को सरकार द्वारा राशि भी भुगतान किया किया जा चुका है फिर भी कार्य पूरा नहीं किया गया है सूत्रों ने बताया कि कुछ स्थानों पर सोलर लाइट लग भी गए हैं लेकिन रोशनी से जगमग वार्ड या परिषद नहीं हो पा रहा है जानकारी के अनुसार राज्य की पॉलिटेक्निक कॉलेज रमनकाबाद हवेली खड़गपुर में सोलर लाइट तो लग गए दिया गया है लेकिन बैटरी आज तक नहीं दिए गए हैं और बैटरी के संबंध में संस्थान के एक चपरासी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि बैटरी इसलिए नहीं लगाए गए हैं की एजेंसी और प्राचार्य के बीच का सौदा अभी तय नहीं हो पाई है कॉलेज के कर्मचारियों ने आगे बताया है कि प्राचार्य की मनमानी और भ्रष्टाचार के कारण सरकार डीजल विपत्र और बिजली विपत्र में लाखों रुपए का खर्च प्रति महीना करना पड़ता है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बिहार में प्राचार्य के कुकृत्यों को नजर अंदाज विगत 2023 से ही करते आ रहे हैं। विभागीय मंत्री और सचिव की प्राचार्य से गहरी दिलचस्पी रहने के कारण बिहार सरकार को प्रतिवर्ष लाखों का चूना लगाया जा रहा है अगर सरकार और विभाग को सच्चाई जाना है तो इसकी जांच कर देखें।

## शहर के विभिन्न हिस्सों में लगा इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स : डीएसपी यातायात

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। इन दिनों बिहार में बढ़ते अपराध को देखते हुए जिले भर में स्मार्ट सिटी के तर्ज पर इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स (एउइ) लगाया जा रहा है। जिसके जरिये सरकार द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने की बात करने के दाबे की जा रही है। ज्ञात हो कि राजधानी पटना के बाद इसकी कॉलिंग बॉक्स की शुरूआत भागलपुर में ही होनी है, हालांकि शहरी इलाकों के कुल 22 जगहों पर शहर के अलग अलग हिस्से में इसे लगाया जा चूका है।

वहीं उक्त आशय की जानकारी साझा करने के उद्देश्य के साथ डीएसपी ट्रैफिक आशीष कुमार सिंह ने कहा कि इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स की सुविधा से मिलने वाली राहत कार्य को लेकर डीएसपी ट्रेफिक ने बताया की ईसीबी को शहर में बढ़ते अपराध को देखते हुए सभी चौक चौराहों पर इसे लगाने हेतू आदेश जारी हुआ है, जिसे शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर कॉलिंग बॉक्स लगाया जा चूका है इसकी विधिवत शुरूवात जल्द कर दी जाएगी। वही उन्होंने कहा कि इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स फिल्हाल शहर के लाजपत पार्क विश्विद्यालय, तिलकामांझी चौक, सितला स्थान चौक, गुरहट्टा चौक, अलीगंज चौक, कंपनी बाग व हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी इत्यादि जगहों पर लगा है। साथ ही डीएसपी आशीष सिंह ने बताया की इमरजेंसी कॉलिंग का मतलब है किसी भी आपातकालीन स्थिति में आम जनता की सेवा मुहैया और त्वरित कार्रवाई को लेकर पुलिस अलर्ड मोड पर है। वही उन्होंने कहा कि आम तौर पर सड़कों पर चलने वाले राहगीरों को कई तरह की समस्या झेलनी पड़ती है वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इस व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। वही डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि सड़क पर लोगों को आपातकालीन सेवा में एंबुलेंस की जरूरत पड़ती है साथ ही कई असामाजिक तत्वों के द्वारा कई संगीन अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया जाता है जिसमें ज्यादातर छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिया जाता है। वैसी आपातकालीन स्थिति में यह उपकरण लोगो के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। साथ ही डीएपी ने इसे इस्तेमाल करने के तरीके को लेकर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। वही उन्होंने कहा ईसीबी में एक इमरजेंसी बटन दिया गया है जिसे दबाते ही लोग कंट्रोल रूम की फ्रीक्वेंसी पर लोग सीधी बात कर अपनी समस्या बता सकेंगे, साथ ही संबंधित समस्या के अनुरूप पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा इमरजेंसी सेवा मुकर्रर करा दी जाएगी। वही डीएसपी ने बताया कि इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स के माध्यम से सूचना मिलते ही टेक्निकल टीम स्मार्ट सिटी के लगे कमरे में तमाम गतिविधियों को विशेष रूप से देख सकती है जिससे कई आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने पर सार्थक प्रयास साबित होगा।

## शोक सभा में दिवंगत सुशील मोदी के जीवनी पर डाला गया प्रकाश

प्रात: किरण संवाददाता



बारियारपुर (मुंगेर)। जेपी आन्दोलन के प्रखर नेता व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री शुशील कुमार मोदी के अकस्मात निधन पर बरियारपुर बाजार में एक सर्वदलीय शोक सभा का आयोजन बरियारपुर बाजार में किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह कांग्रेसी नेता चन्द्रशेखर चौधरी ने की। संचालन राजद के वरिष्ठ नेता डॉ शशि आनंद अलबेला ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ देवकीनंदन सिंह थे। शोक सभा में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मोदी काफी प्रतिभावान छात्र नेता के रूप में पूरे बिहार के फलक पर जेपी आन्दोलन में चमके थे। उनकी कार्यशैली काफी अनोखा था वे काफी संघर्षशील व ईमानदार नेता थे। सन नब्बे में स्वर्गीय मोदी पहली बार विधान सभा के लिए चुने गए। अपनी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के कारण बिहार के उपमुख्यमंत्री पद को सुशोभित किए। जननायक जेपी के तमाम उपदेशों को वे ताउम्र अपने अंदर प्रलक्षित रखा। वक्ताओं ने कहा कि जननायक जेपी के स्लोगन को उन्होंने शत प्रतिशत अपने जीवन में उतार लिया था। इनका भी मानना था कि अगर देश को बदलना है तो समाज को बदलना होगा। वक्ताओं ने कहा कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आजीवन सदस्य रहे। कार्यक्रम के अन्त में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस शोक सभा के मौके कम्युनिस्ट पार्टी से विजय रजक, वीआईपी के प्रखण्ड अध्यक्ष दिवाकांत प्रसाद, रामवृक्ष मंडल, रामानुज पासवान राजद, भाजपा से पिताम्बर चौधरी, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष रामदेव प्रसाद शर्मा, अरूण कुमार यादव, अरविंद कुमार, सुरेश रजक, बालेसर रजक, रघुवीर प्रसाद राही, जयप्रकाश यादव, विंदेश्वरी सिंह, उपेन्द्र साह सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## हार की आहट से बौखलाए क्षेत्र को जातीय उन्माद में झोंकना चाहते हैं निवर्तमान सांसद के समर्थक : सपा

प्रात: किरण ब्यूरो



मुंगेर। मुंगेर लोकसभा चुनाव में जिस तरह से मुंगेर से लेकर बाढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों ने जदयू कार्यकर्ता की भूमिका निभाई और सूर्यगढा लखीसराय मोकामा में वोकस मतदान के घटना को अंजाम दिया इससे निर्वाचन आयोग पूर्णता कटघरे में खड़े नजर आते है जो लोकतंत्र की सीधा-सीधा हत्या और इसके इकलौते जिम्मेदार सरकार और सरकार के चेहते मुंगेर के निवर्तमान सांसद है जो अब इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुमारी अनिता पर अपने समर्थकों द्वारा मुकदमा दर्ज करवा कर मत गणना को प्रभावित करने का कुत्सित प्रयास कर रहा है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने प्रेस वयान के माध्यम से मुंगेर लोकसभा के प्रत्याशी कुमारी अनिता पर सूर्यगढ़ा थाना में हुए मुकदमा की निंदा करते हुए कहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से जदयू के निवर्तमान सांसद अपने हार की आहट से बौखलाए अपने समर्थकों द्वारा इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी पर अपने समर्थकों से हमला करवाते हैं और उल्ट कुमारी अनीता पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करवा कर पूरे क्षेत्र को जातियां उन्माद में झोंकना चाहते है चुनाव की तरह जनता इस कुकृत्य का भी करारा जवाब देने के लिए तैयार है। श्री यादव ने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के आम मतदाताओं ने परिवर्तन के लिए मतदान किया जो जनता का मौलिक अधिकार है बावजूद सरकार और निवर्तमान सांसद के सह पर कुमारी अनिता पर मुकदमा करवाया जा रहा है लेकिन 13 मई को कुमारी अनिता पर हुए हमले की जांच को लेकर प्रशासन मुक दर्शक बना है जिसका करारा जवाब जनता 4 जून को देगी वहीं सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के हत्यारों से जनमत की रक्षा के लिए 4 जून तक पिछड़ा अति पिछड़ा दलित महा दलित अकलियत सड़कों पर डटे रहे यही समय की मांग है।

## एक दिवसीय चहक प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड परिसर अवस्थित अंबेडकर भवन संग्रामपुर में कक्षा एक के नामित शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय गैर आवासीय चहक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ' विद्यालय के बच्चों के लिए खुशनुमा समावेशी वातावरण तैयार करने एवं विद्यालय के साथ आत्मीय संबंध विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा एक के बच्चों के लिए तीन माह का स्कूल रेडियेशन माड्यूल चहक का प्रशिक्षण दिया गया ' प्रशिक्षण में 53 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए ' प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए साधन सेवी शिव शंकर शुक्ल ने चहक का फुल फॉर्म चिल्ड्रन हैप्पिनेस इन एवियंस एंड एक्वायरिग नॉलेज बताया ' आगे शुक्ल ने बताया कि विद्यालय का माहौल बच्चों के लिए उपयुक्त हों, इसके लिए विद्यालय को आकर्षक बनाना है ' इस मौके पर नवनीत कुमार एवम डाटा ऑपरेटर अमित कुमार मौजूद थे।

## भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ चार युवक मौके से हुआ गिरफ्तार : एसएसपी

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। मौजाहिदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्बगंज इलाके में ब्राउन शुगर कारोबार चलाने की सूचना के तहत मिली जानकारी के बाद बरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पांच थाने की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से दबिश दी। इस दौरान पुलिस टीम ने मौके से चार युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार करने में सफल रही है। वही मामले को लेकर मिली जानकारी के तहत बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम द्वारा सूचना स्थल पर पहुंच योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर दबिश कार्रवाई में एक साथ पांच थाने की पुलिस इलाके में पहुंचे थे। इस दौरान बारीकी से जांच कार्रवाई को लेकर इलाके के संबंधित घर में प्रवेश कर पूरे घर को खंगाला गया था। इस दौरान पुलिस ने पहले संबंधित युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उससे कड़ी पूछताछ के बाद से उन्होंने ब्राउन शुगर के बारे में पुलिस को जानकारी दी। वही मामले को लेकर इलाके के लोगों ने बताया है कि क्लबगंज के समीर शाह के घर पुलिस ने अचानक दबिश दी थी पुलिस ने उनके घर से 79 पुरिया ब्राउन शुगर बरामद किया है। वही दूसरी तरफ मामले को लेकर भागलपुर के सीनियर एसपी आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार स्वांस मादक पदार्थ के कारोबार में संलिप्त कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए जिलेभर में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। वही प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के कलबगंज मोहल्ले में पुलिस की टीम पहुंची और इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने मौके से चार युवक को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामदगी के साथ गिरफ्तार करने में सफल रही है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों से अन्य जानकारी को लेकर पूछताछ की जा रही है। वही एसएसपी ने आगे बताया कि ब्राउन शुगर कहां से इतनी भारी मात्रा में लाया गया था। और कहां इसे खफाना था इस पर भी पुलिस पता लगाने में पुलिस जुटी हुई हैं।

## नवविवाहिता की संदिग्ध हुई मौत को लेकर कई तरह की हो रही चर्चा : ग्रामीण

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तरडीहा गांव इलाके में एक नवविवाहिता महिला की संदिग्ध हालत में मौत होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के बाबत महिला के पिता शालिग्राम यादव ने कहा कि हमारी बेटी की शादी विगत वर्ष में 2 जुलाई 2023 को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तरडीहा गांव के संतोष कुमार के साथ किए थे इसके बाद संतोष एवं उसके परिवार वाले द्वारा बार-बार दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जाता था, और मारपीट भी किया जाता था। जिसकी सूचना हमारी बेटी ने हम लोगों को फोन के माध्यम से देती रहती थी। विगत साल में दुर्गा पूजा के समय हमारी बेटी जब हमारे घर आई हुई थी, जहां से कुछ समय बाद विदाई करने के लिए जब हमारा दामाद संतोष आया तो उस वक्त दामाद ने कहा कि हमें दहेज नहीं मिला है हमें दहेज चाहिए, जिसके बाद हम और हमारे परिवार वाले ने मिलकर दहेज में कुछ सामान भी दिए तो इसके बाद भी बार-बार दामाद संतोष के द्वारा मेरी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था, विगत देर शाम हमे सूचना मिली कि आपकी बेटी का तबीयत खराब है, जिसके बाद जब हम अपने परिवार के साथ इसके घर पहुंचे तो देखा की मेरी बेटी का मृत अवस्था में शव पड़ा हुआ था। फिलहाल मामले को लेकर पीड़ित पिता शालिग्राम यादव की तरफ से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया गया है, लेकिन घटना की सूचना किसी तरह जगदीशपुर थाना की पुलिस को मिलने के साथ मौके पर पहुंच पूरे घटना मामले की जांच में जुट गई है। वही पुलिस ने मायका पक्ष के लोगों से पूछताछ जानकारी के बाद पुलिस ने मृतिका नवविवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवलाखा भेज दिया गया है। वही घटना को लेकर पीड़ित परिवार के बताये गये तथ्यों के आधार पर अब पुलिस दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रक्रिया में जुट गई हैं। वही अब विवाहिता के पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारा रहस्य खुल कर सामने आने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही हैं।

## देवर ने भाभी पर चोरी का लगाया आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव इलाके में चोरी की वारदात घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि जमीन बेचकर गोदरेज में रखे करीब दस लाख रुपये की अचानक चोरी हो जाने से मामले को लेकर देवर और भाभी के बीच जमकर मारपीट की घटना घटित हुई हैं। इस घटना में परिवार के करीब 3 लोग गम्भीर रूप से चोटिल होने के साथ जख्मी हो गये है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस टीम ने जख्मी हुए लोगों को त्वरित इलाज के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मामले को लेकर पीड़ित ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि भाई के दो साले ने अपनी बहन पूनम देवी के कहने पर मेरे गोदरेज में रखे करीब दस लाख रुपया को लॉकर तोड़कर ले लिया है। वही आठ दिन पहले गांव के ही लोगों को जमीन बेच कर रुपया मिला था। उक्त जमीन के एवज में दोनों ग्रामीण ने पांच पांच लाख रुपया दिया था। वही पीड़ित ओमप्रकाश की बेटी खुशबू ने बताया कि पापा दो कट्ठा जमीन बेचकर रुपया गोदरेज में रखे थे। बड़ी मम्मी और अन्य दो लोगों ने गोदरेज का लॉकर का लॉक ताला तोड़कर रुपया ले लिया गया है। पापा उक्त रुपए से दूसरे जगह जमीन लेने वाले थे। वही उनका विरोध करने पर बड़ी मम्मी पूनम देवी ने मेरे सिर पर हसुए से हमला किया है, जिससे मैं गम्भीर रूप से घायल व जख्मी हो गई थी। इस मामले को लेकर मधुसूदनपुर थाना के थानाध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि मारपीट की घटना में एक ही परिवार के 3 लोग घायल हुए हैं, सभी घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

### श्रद्धांजलि सह शोकसभा हुआ आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहार आंदोलन के प्रखर नेता सह बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह भागलपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह राज्य सभा सदस्य सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन हो जाने को लेकर क्षेत्र के कई इलाके में राजनीति दलों के समर्थकों व सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में भागलपुर गांधी शांति प्रतिष्ठान की ओर से भी शोकसभा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत स्व. सुशील मोदी अपने विचार, व्यवहार और राजनीतिक सुचिता के धनी संघर्षशील व जुझारू नेता के रूप में लोगों के बीच जुड़े रहे थे। वे नेतृत्व की अद्भुत क्षमता स्वरूप में हमेशा आम लोगों के बीच जुड़ाव रखते थे। उन्होंने अपने शुरूआती दौर में छात्र आंदोलन में लगातार आवाज बुलंद करने में लगे रहे थे। उनके सेवा भाव के साथ पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में एक ईमानदार छवि और राजनीति नेता प्रतिनिधि के लिए हमेशा जाने जाते थे।

## मध्यान भोजन गड़बड़ी मामले को लेकर बच्चे व उनके अभिभावकों ने कांटा बवाल

प्रात: किरण संवाददाता



शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कटहरा पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अनुसुचित टोला कटहरा इलाके के विद्यालय प्रांगण में आए दिन मध्यान भोजन में गड़बड़ी किये जाने के मामले को लेकर विद्यालय के सभी नामांकित छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों ने जमकर बबाल कांटा है।

इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब घंटों तक विद्यालय व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया है। वही दूसरी तरफ कटहरा पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों व उपमुखिया सीता देवी ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में कुल101 बच्चे नामांकित हैं जो एक से पांच तक की कक्षा में पढाई करते है, लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक विन्देश्वरी कुमार घोष के द्वारा मध्यान भोजन में हमेशा राशि गमन के उद्देश्य से हमेशा गड़बड़ी किया जाता रहा है। वही बच्चों को भोजन में जो दाल दिया जाता है उसमें भी बच्चों को दाल का पानी दिया जाता हैं, वही सब्जी भी सही नहीं दिया जाता है और बच्चों के द्वारा कहे जाने के बाद सभी लोगों को धमका दिया जाता है। भोजन को लेकर सरकारी मापदंड के आधार पर भोजन में अंडा भी नहीं दिया जाता है। वही मध्यान भोजन को लेकर स्कूल के बच्चे भोजन खाकर बिमार हो रहें हैं स्कूल के प्रधानाध्यापक विदेशरी कुमार घोष स्कूल छोड़कर फरार हो गए, स्कूल के शिक्षक एंव रसोईया ने बताया कि प्रधानाध्यापक विदेशरी कुमार घोष के द्वारा जो राशन का सामान दिया गया है उसी अनुसार खाना बनाने की बात कही वही प्रधानाध्यापक विदेशरी कुमार महतो ने बताया कि रसोईया को बच्चा देख कर राशन का समान देकर स्कूल के काम से बीआरसी आ गए जो स्कूल में बच्चे अधिक आने पर दाल में पानी मिलाया गया है जो आगे से ऐसा नहीं होगा रसोईया को ही राशन का समान का भार दे दिया जाएगा की बात कही गई हैं।

## ठनका के चपेट में आने से युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

भागलपुर। इन दिनों मौसम के अचानक बदलाव के साथ जिले भर में तेज आंधी के साथ हल्की सी बारिश हुई है। जहां इस लू भरी हवा के साथ पड़ रही भीषण गर्मी में शहर के ग्रामीण इलाकों के लोगो ने कहीं न कहीं राहत की सांस ली है तो वही इस तेज आंधी व बारिस के बीच बज्रपात की घटना भी होने की सूचना के बीच कही कही ग्रामीण इलाके में ठनका गिरने से मौत होने की सूचना भी सामने आई हैं। इसी कड़ी में पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र इलाके में एक युवक की ठनका की चपेट में आने से मौके पर मौत होने की बात बताई जा रही हैं। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक युवक की पहचान कैलाश यादव के 29 बर्षीय पुत्र पिंटू यादव के रूप में हुई है। घटना के बाबत बताया जा रहा है मृतक युवक दोपहर के वक्त अपने मवेशी को संग लेकर गांव के बहियार में चराने के लिए खेत पर गया हुआ था। तभी अचानक तेज हवा के साथ आकाश में घने बादल छाने लगे थे, अचानक तेज हवा देख युवक अपने मवेशियों को लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था तभी तेज आवाज के साथ ठनका गिरा जिसके चपेट में आने से उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। वही दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलते ही मृतक युवक पिंटू के परिजन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी बाखरपुर थाना पुलिस को दी।

संक्षिप्त समाचार

## आरसीबी और सीएसके मैच पर बारिश का साया



**बेंगलूर (एजेंसी)।** लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी। इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। मैच के दौरान बारिश की भविष्यवाणी की गई है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी।

मौसम विभाग ने 18 मई को बारिश की भविष्यवाणी की है। मैच शाम 7-30 बजे शुरू होने वाला है और शनिवार के लिए शाम का पूर्वानुमान है कि क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और बारिश होगी। पूर्वानुमान में 100 प्रतिशत बादल छाए रहेंगे और 7.2 मिमी बारिश होने का भी अनुमान है, साथ ही सूर्यास्त के बाद तापमान 20 के आसपास रहने का अनुमान है।

### संभावित प्लेइंग 11

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेट कीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, यश दयाल, मोहम्मद सिराज, स्वप्निल सिंह

**चेन्नई सुपर किंग्स** – राचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह

## सुनील छेत्री के संन्यास पर बोले विराट कोहली, उन्होंने इसके बारे में बताया था

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** राष्ट्रीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री के अच्छे दोस्त और भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि अगले महीने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद संन्यास के फैसले से छेत्री संतुष्ट हैं और इसकी घोषणा करने से पहले उन्होंने इसके बारे में उन्हें बताया था। भारत के लिए सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे।

कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा, 'छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ साल में हम काफी करीब आए और मैं उसे शुभकामनायें देता हूं। वह बहुत प्यारा इंसान है।

पेरिस 2024

# शरत, मनिका ओलंपिक टीम पदार्पण में भारत का नेतृत्व करेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा। टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वत% हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी।

मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई। बेंगलुरू की अर्चना ने अपनी रैंकिंग सहित कई मामलों में आयहिका (133) को पीछे छोड़ दिया। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वत- हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है। हालांकि दोनों ने टीम में जगह बनाई है लेकिन राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत को उनके अंतरराष्ट्रीय (जीत-हार का बेहतर रिकॉर्ड) और राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर एकल वर्ग के लिए चयनकर्ताओं की मंजूरी मिली।

बैठक में मासिमो कोस्टेंटिनी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे और उनकी सलाह उपयोगी रही होगी। कोस्टेंटिनी अगले सप्ताह तीसरी बार भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वह इस सप्ताह की शुरुआत में भारत पहुंचे। वैकल्पिक खिलाड़ी साथियान और आयहिका टीम के साथ पेरिस जाएंगे लेकिन आधिकारिक खेल गांव में नहीं रहेंगे। चोट लगने की स्थिति में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**पुरुष** – शरत कमल, हरमीत देसाई, और मानव ठक्कर; वैकल्पिक खिलाड़ी- जी साथियान।

**महिला** – मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ; वैकल्पिक खिलाड़ी- आयहिका मुखर्जी।

## नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में लेंगे भाग

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 28 मई को चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट 63वें संस्करण में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ओस्ट्रावा में नीरज चोपड़ा को पुरुषों के जैवलिन थ्रो में कठिन चुनौती है। इसमें घरेलू पसंदीदा वाडलेज्च और ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी शामिल हैं। पीटर्स दोहा में वाडलेज्च और नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। नीरज के पिछले साल भी 62वें ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद थी, लेकिन मांसपेशियों में चोट की वजह से उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। वाडलेज्च ने वर्ष 2023 में 81.93 मीटर के थ्रो के साथ गोल्डन स्पाइक पुरुषों का भाला फेंक खिताब जीता था। नीरज, वाडलेज्च और पीटर्स को छोड़कर, कई वैश्विक एथलीट भी इस साल के ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में एक्शन में होंगे। इस सूची में इटली के मार्सेल जैकब्स, मौजूदा 100 मीटर पुरुष ओलंपिक चैंपियन, जियानमाकर ताम्बरी, पुरुषों की हाई जंप में मौजूदा ओलंपिक सह-चैंपियन और स्वीडिश पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस, एक विश्व रिकॉर्ड धारक और टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। ओस्ट्रावा के बाद नीरज चोपड़ा के यूरोप में 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नीरज पेरिस में होने वाले ओलंपिक में खिताब को डिफेंड करने की राह पर है। उन्होंने 11 मई को दोहा डायमंड लीग में अपने सत्र की शुरुआत की और 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नीरज का यह थ्रो टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज्च के थ्रो से सिर्फ 2 सेमी कम था, जिन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि नीरज ने बुधवार को भुवनेश्वर में फेडरेशन कप एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया और 2021 के बाद भारत में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने कलिंगा स्टेडियम में 82.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके मनु डीपी को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की।




कौन जीतेगा टी20 विश्व कप 2024?

# जय शाह ने भारत सहित इन चार टीमों पर खेला दांव



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं। आईपीएल 2024 के प्लेऑफ से पहले ही अधिकतर बड़े खिलाड़ी फ्री होंगे। कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान हार्दिक पंड्या की टीम मुंबई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है तो विराट कोहली की टीम पर बाहर होने की तलवार लटकी हुई है। मीडिया दिए इंटरव्यू में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने सबसे छोटे फॉर्मेट के महाकुंभ को जीतने के लिए अपनी पसंदीदा चार टीमों के बारे में बताया है।

जय शाह की पहली पसंद निसंदेह भारतीय टीम है, जिसके कप्तान रोहित शर्मा हैं। इस बारे में वह पहले ही बता चुके हैं कि इस बार रोहित शर्मा की टीम ट्रॉफी जीतकर भारतीय क्रिकेट फैंस का सपना पूरा करेगी। अन्य टीमों के बारे में बात करते हुए जय शाह ने कहा- भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और मेजबान वेस्टइंडीज फेवरिट हैं। उन्होंने आगे कहा- ये बड़ी टीमें हैं। बता दें कि वेस्टइंडीज 2 बार की चैंपियन है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में खिताब जीता था, जबकि न्यूजीलैंड को अपने पहले खिताब का इंतजार है।

भारतीय टीम अपने घरेलू मैदान पर पिछले साल यानी 2023 विश्व कप में भी पसंदीदा टीम थी, लेकिन उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हार मिली थी। टीम इंडिया लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी, लेकिन रोहित शर्मा की टीम पैट कमिंस की टीम पर जीत नहीं दर्ज कर पाई। इस तरह 2011 के बाद विश्व विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया।

दूसरी ओर, टी-20 विश्व कप को लेकर ब्रॉडकास्टर ने भी खूब तैयारी कर रखी है। इस दौरान बधिर और दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रेमियों के लिए इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) और ऑडियो वर्णन के साथ फीड उपलब्ध कराई जाएगी। आधिकारिक प्रायोजकों डिज्नी प्लस हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क ने विशेष प्रसारण की व्यवस्था की है। विश्व कप के दस मैचों के लिए यह व्यवस्था रहेगी जिसमें भारत के सभी मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। प्रसारकों ने कहा कि पहली बार टी20 विश्व कप का प्रसारण आईएसएल और वर्णनात्मक कॉमेंट्री के साथ होगा जिससे बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी खेल का मजा ले सकेंगे।

## ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप



**बैंकॉक (एजेंसी)।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

इसे कहते हैं परवरिश...

# शुभमन गिल ने छुए अभिषेक शर्मा की मां के पांव, बहन के लिए उमड़ा स्नेह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2024 का मैच भले ही बारिश की भेंट चढ़ गया हो, लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों और उनके परिवारों के बीच मुलाकात ने इसे खास बना दिया। स्त्र के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा और जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम के स्टैंड में एक प्यारा सा पल साझा किया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। बारिश के कारण खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतर पाए, इसलिए अभिषेक गिल को स्टैंड पर ले गए, जहां उनकी मां मंजू और बहन कोमल मौजूद थीं।





शर्मा परिवार गिल को देखकर बहुत खुश हुआ और उन्होंने जीटी कप्तान का स्वागत किया। गिल ने भी अपने शानदार हाव-भाव से सभी का दिल जीत लिया। जीटी ओपनर ने अभिषेक की मां के पैर छुए और फिर अभिषेक की बहन कोमल से हाथ मिलाया। मंजू शर्मा को प्यार से गिल के गाल थपथपाते हुए देखा गया। गिल और अभिषेक के परिवार के बीच यह पहली सार्वजनिक बातचीत हो सकती है, लेकिन दोनों युवा क्रिकेटरों और उनके परिवारों का एक-दूसरे से बहुत पुराना नाता है। गिल और अभिषेक पंजाब में एक ही एज ग्रुप में क्रिकेट खेलते हुए बड़े हुए और उन्हें घनिष्ठ मित्र के रूप में जाना जाता है।

दोनों ने 2017 में एक ही सत्र में पंजाब के लिए अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया और फिर 2018 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और खिताब जीता। गिल ने उस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और उसके बाद उनकी जिंदगी पहले जैसी नहीं रही। वह भारत की जीत के स्टार खिलाड़ी थे, लेकिन अभिषेक की ऑलराउंड प्रतिभा को भी अनदेखा नहीं किया जा सका।

बाएं हाथ के बल्लेबाज, जो एक बेहतरीन फिंगर स्पिनर से कहीं बढ़कर हैं। गिल को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ते देखकर बहुत खुश हैं। अभिषेक ने एक इंटरव्यू में कहा भी था- मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। हम अच्छे दोस्त हैं। दोनों के गुरु भी एक ही हैं - भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह।

विराट कोहली ने कहा कि मुझे पता है हर किसी के करियर का आखिरी दिन आता है। मेरी कोशिश सिर्फ इतनी है कि जब तक मैं खेलूं दिल से खेलूं। अगर निजी जिंदगी से इसे जोड़कर देखेंगे तो पाएंगे कि सबसे पहले आपको पता होना चाहिए कि आपका लक्ष्य क्या है और आप उसे हासिल करने के लिए कितना फोकस्ड हैं। अगर ये दोनों बातें साफ हैं तो समझिए आप जिंदगी की एक बड़ी मुश्किल हल कर चुके हैं।

विराट कोहली की बातों से लग रहा था कि उन्होंने अपने लिए सब कुछ प्लान कर रखा है। जैसे वह मैदान पर बैटिंग करते हैं और लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें पता होता है कि कितने की औसत और स्ट्राइक रेट से उन्हें खेलना होगा उसी तरह से आपको किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए चीजों को बेहतर प्लान करने की जरूरत होती है। अगर आपका प्लान सॉलिड है तो उसे एग्जीक्यूट करना आसान थोड़ा आसान हो जाता है।

विराट कोहली को मैदान के बीच में फर्राटा दौड़ते आसानी से देखा जा सकता है। वह सिंगल को डबल और डबल को ट्रिपल यानी 3 रन बनाने में माहिर हैं। इसके पीछे हार्ड वर्क है। उन्हें पता है कि मैदान पर अगर आपको अपना शत प्रतिशत देना होगा तो इसके लिए एक लंबा हार्डवर्क लगेगा। आपको फिटनेस पर काम करना होगा और जो मैच में करते हैं उसे नेट पर बार-बार करना होगा। यही तो जिंदगी है। एक एग्जाम को क्रैक करने के लिए लंबा संघर्ष लगता है। एक इंटरव्यू को पास करने के लिए डमी इंटरव्यू से तैयारी की जा सकती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हर मौके पर चौका लगाने के लिए उसे आखिरी समझना होगा। अगर आसानी से मौके को जाने दिया तो जिंदगी की डेथ रेस में शायद आप पीछे रह जाएंगे।

विराट कोहली ने कहा जब मेरा काम पूरा हो जाएगा तो मैं चला जाऊंगा। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। यही मेरी प्रेरणा है। यह उनकी सकारात्मक सोच को दर्शाती है। साथ ही काम अधूरा नहीं छोड़ना उनकी फाइटिंग स्पिरिट है। यह हर पॉजिटिव माइंडसेट से किया जाए तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसे अधूरा नहीं छोड़ना है।

कोहली ने कहा कि हर खिलाड़ी के करियर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैंने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता। यह सही समय की बात है। अगर सही समय पर सही दिशा में काम नहीं किया जाए तो उसका पूरा होना मुश्किल है। जिंदगी की यह सबसे बड़ी सीख है। इसलिए तो कहते हैं समय सबसे बलवान होता है। टाइमिंग चूकने पर बल्लेबाज आउट होता है और परफेक्ट शॉट न हो तो सामान्य गेंद पर भी चौका-छक्का नहीं मिलता।

# केएल राहुल की कप्तानी बेहतरीन रही, बल्लेबाजी से हो सकता है थोड़ा निराश : कोच लांस क्लूजनर

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने आखिरी आईपीएल 2024 मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि केएल राहुल को लखनऊ ड्रेसिंग रूम में सम्मान प्राप्त है और उनकी कप्तानी बेहतरीन रही है। हालांकि क्लूजनर ने माना कि राहुल इस सीजन में बल्ले से अपने प्रदर्शन से थोड़ा निराश होंगे। एलएसजी प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम को अगर शीर्ष चार में अंतिम स्थान के लिए दावेदारी में बने रहना है तो उसे एमआई को लगभग 300 रनों के अंतर से हराना होगा जोकि संभव नहीं है। लगातार तीसरी बार प्लेऑफ में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल होती दिख रही हैं ऐसे में यह समय एक औसत अभियान के उतार-चढ़ाव पर विचार करने का है। क्लूजनर ने कहा, उसे समूह का सम्मान मिला है। उसकी कप्तानी के मामले में यह शानदार रही है। (लेकिन) अगर वह पीछे मुड़कर देखता है, तो वह अपने द्वारा बनाए गए रनों की मात्रा से थोड़ा निराश हो सकता है। राहुल का स्ट्राइक रेट पूरे आईपीएल 2024 में चर्चा का विषय रहा है। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज का फॉर्म कम हो गया है। पिछले छह आईपीएल सीजन में से पांच में कम से कम 550 रन बनाने वाले राहुल 13 मैचों में 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाकर शीर्ष 10 रन बनाने वालों की सूची में शामिल होने में सफल रहे हैं।




**राहुल को स्वाभाविक खेल नहीं खेलने दिया गया** – क्लूजनर ने राहुल का समर्थन करते हुए कहा कि एलएसजी कप्तान का बल्ले से यह सीजन अच्छा रहा है और वह टीम के अन्य बल्लेबाजों की असंगति के कारण इसे अगले स्तर तक नहीं ले जा सके। उसने पूरे टूर्नामेंट में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं। उसे कई बार फिर से अपनी स्थिति मजबूत करनी पड़ी है। हमने उसके आसपास विकेट गंवाए हैं। हमने उसे अपना स्वाभाविक खेल नहीं खेलने दिया।

उन्होंने आगे कहा, बस बैठकर सोचना आसान है, ओह, ठीक है, उसने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन अगर आप उसके नंबरों को देखें, तो वे वास्तव में बिल्कुल भी खराब नहीं हैं, उन परिस्थितियों को देखते हुए जिनमें उसे बल्लेबाजी करनी पड़ी।

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर ने प्लेऑफ में जगह बनाने में अपनी असमर्थता के लिए किसी विशेष कारण पर उंगली उठाने से इनकार किया। उन्होंने कहा, %यह समूह के रूप में निरंतरता है जिसने हमें इस साल नीचे गिरा दिया है। हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए हैं और फिर से, हमने पर्याप्त विकेट भी नहीं लिए हैं। आप इन सभी को एक साथ जोड़ते हैं और यही कारण है कि आप लॉग पर उस स्थान पर पहुंचते हैं जहां हम हैं। एलएसजी के आईपीएल 2024 अंक तालिका में छठे या सातवें स्थान पर रहने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### दारुल उलूम देवबंद परिसर में महिलाओं और लड़कियों की एंट्री पर बैन

**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर के इस्लामिक सेमिनरी दारुल उलूम देवबंद महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। सेमिनरी के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि देश भर से कई लोगों ने सेमिनरी के अंदर शूट किए गए रील्स के बारे में शिकायतें दर्ज कीं और सोशल मीडिया पर वायरल किया। मोहतमिम ने कहा कि इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सेमिनरी परिसर में महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मोहतमिम ने कहा कि रशीदिया मस्जिद में पहले से ही महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसे अब पूरे परिसर में लागू कर दिया गया है। मोहतमिम ने कहा कि गार्डों को महिलाओं और लड़कियों को प्रतिबंध के बारे में सूचित करने और उन्हें वापस जाने के लिए मनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मदरसे में बड़ी संख्या में महिलाएं आती थीं और उनमें से कई वीडियो बनाने में लगी रहती थीं और इसके बाद वे इन रीलों को सोशल मीडिया पर वायरल कर देती थीं। जिससे मदरसे की छवि भी खराब हो रही थी। दारुल उलूम एक स्कूल है और किसी भी स्कूल में इस तरह की हरकतें स्वीकार्य नहीं हैं। इतना ही नहीं दारुल उलूम में शिक्षा का नया सत्र शुरू हो गया है। भीड़भाड़ के कारण छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी. इसकी शिकायत भी कई बार छात्रों द्वारा की जा चुकी है। दारुल उलूम की लाइब्रेरी और अन्य इमारतों की खूबसूरती देखने के लिए महिलाएं अक्सर वहां जाती थीं।

### आजम खान और उनके पत्नी-बेटों समेत 12 लोगों पर आरोप तय, किसानों की जमीन कब्जा का मामला

**लखनऊ , एजेंसी।** जौहर विश्वविद्यालय के लिए किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने के पांच और मुकदमों में अदालत ने डिस्चार्ज एप्लीकेशन खारिज करते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान और उनके पत्नी-बेटों समेत 12 लोगों पर आरोप तय कर दिए हैं। इनमें आजम के खास सपा विधायक नसीर अहमद खान, रिटायर्ड सीओ आले हसन और तत्कालीन इंस्पेक्टर कुशलवीर के नाम भी शामिल हैं। मुकदमों में अगली सुनवाई अब 23 मई को होगी। 2019 में किसानों ने तत्कालीन जिलाधिकारी आन्जनेय कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी जमीनों पर आजम खान और उनके लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है, जमीनों को जौहर विवि में मिला लिया है। शिकायत जांच में सही पाए जाने पर किसानों और प्रशासन की ओर से 27 मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनका ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है। अदालत में गुरुवार को पांच मुकदमों पर सुनवाई थी। जिसके लिए आजम खां, तजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम आदि अलग-अलग जेलों से वीडियो कांफ्रेसिंग से कनेक्ट हुए, वहीं अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए।

### देश की जनता पीएम मोदी के साथ : अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की गूंज है। हर कोई विकास के नाम पर उनके साथ खड़ा है। अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज करते हुए अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के मेहरी काथला, लद्दा, तलवाड़ा सहित 12 पंचायतों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से वोट देने की अपील की। इस दौरान अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों में मतदाताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपार समर्थन दिया। हर ओर केवल उन्हीं के नाम की गूंज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर लाने में कामयाब रही है। महंगाई पर लगाम लगाया गया और रोजगार के अवसर बढ़ाए गए। अनुराग ठाकुर ने यूपीए सरकार के 60 वर्षों के शासनकाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना करते हुए लोगो से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

# कांग्रेस और टीएमसी में इंडि गठबंधन को लेकर छिड़ी रार

## ममता बोलीं- मेरा आइडिया था

**कोलकाता, एजेंसी।**
सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यू-टर्न ले लिया है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है।



### कांग्रेस पर ममता हुईं हमलावर

बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है...अखिल भारतीय स्तर पर, मैं पूरी तरह से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हूं। इंडिया गठबंधन का मैंने सुझाव दिया था। हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे।'' बनर्जी ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन में शामिल माकपा और कांग्रेस दोनों की पश्चिम बंगाल इकाइयां ने हाथ मिला लिया है और राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं।

### भाजपा को लोग खारिज कर देंगे: ममता बनर्जी

उन्होंने रैली में कहा, ''बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं...।'' बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देगी। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे।

बनर्जी ने कहा, ''पूरा देश जान गया है कि भाजपा चोरों से भरी पार्टी है। हम (तृणमूल) केंद्र में सरकार बनाने के लिए बाहर से इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगे। हम अपना समर्थन देंगे ताकि बंगाल में हमारी माताओं-बहनों को कभी दिक्कत न हो...और 100 दिन रोजगार योजना में काम करने वालों को भी दिक्कत न हो।''

टीएमसी ने पूर्व में कहा था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी हालांकि वह पश्चिम बंगाल में अलग लड़ेगी। टीएमसी प्रमुख तमलुक में एक रैली को संबोधित कर रही थीं, जिसके अंतर्गत नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र आता है। बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। शुभेंदु ने बनर्जी को 1,956 मतों से हराया था। बनर्जी ने कहा, ''दो मई, 2021 को मतगणना के दिन मतगणना केंद्र पर बिजली की आपूर्ति काटकर भाजपा ने जीत हासिल की थी।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने जनादेश चुरा लिया। उन्होंने मतगणना केंद्र की बिजली आपूर्ति काट दी। मैं इसके खिलाफ अदालत गई थी। लेकिन अब मैं अपनी हार का बदला लूंगी।''

### कांग्रेस ने ममता पर लगाया प्रतिष्ठा बचाने का आरोप

कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में बनते माहौल और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इसका समर्थन कर रही हैं। चौधरी ने बनर्जी को ''अवसरवादी राजनेता'' करार देते हुए कहा कि उन्होंने बदलते राजनीति को भांपकर अपना रुख बदल लिया है। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, ''यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि 'इंडिया' गठबंधन बढ़त ले रहा है और सरकार बनाने के करीब है। यही कारण है कि एक चतुर और अवसरवादी नेता के रूप में ममता बनर्जी ने पहले ही अपना समर्थन देने का फैसला किया है।''

# पांचवें चरण में लालू, रामविलास की सियासी विरासत पर लगेगी मुहर

**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूं तो बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, लेकिन लोगों की नजर सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों पर होगी, जहां मतदाता बिहार की राजनीति के दो दिग्गज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान की सियासत की विरासत पर फैसला करेंगे। इस चुनाव में लालू प्रसाद के परिवार की परंपरागत सीट समझे जाने वाले सारण से लालू की विरासत संभालने के लिए विपक्षी दल के महागठबंधन ने उनकी बेटी रोहिणी आचार्य को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, एनडीए ने हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से लोजपा संस्थापक के पुत्र चिराग पासवान को अपना प्रत्याशी बनाया है। हाजीपुर क्षेत्र रामविलास की कर्मभूमि रही है। इस सीट पर सामाजिक आधार हो या वोट बैंक की राजनीति, देश के मुद्दे हों या राज्य के मुद्दे, मतदाताओं ने अधिकतर मौकों पर रामविलास पासवान को ही समर्थन दिया है। सारण से लालू यादव चार बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। सबसे पहले वर्ष 1977 में वह यहां से जीते थे। उसके बाद 1989, 2004 और 2009 में भी लालू प्रसाद ने इस सीट से जीत हासिल की। हालांकि लालू को यहां से हार का भी सामना करना पड़ा है। पहले इस संसदीय सीट का नाम छपरा था। माना जा रहा है कि इस बार लालू की विरासत संभालने के लिए चुनावी मैदान में उतरी रोहिणी आचार्य को यहां से जीताना न केवल लालू के लिए, बल्कि पूरी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। हालांकि रोहिणी की राह बहुत आसान नहीं है। उनका मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है। वह भी इस क्षेत्र से जीत का चौका लगा चुके हैं। हाजीपुर की राजनीति में चार दशकों तक वर्चस्व कायम रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस पिछला चुनाव यहां से जीते थे।

# कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर विवाद




**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान की पूर्व डिप्टी सीएम कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर विवाद गहरा गया है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने पूर्व डिप्टी सीएम कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर बीजेपी पर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा कि दिल्ली के इशारे पर ऐसा हुआ है। जबकि प्रशासन का कहना है कि स्वतंत्रता सेनानी की लिस्ट में नाम नहीं है। बता दें पूर्व राज्यपाल और राजस्थान की पूर्व डिप्टी सीएम रहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. कमला बेनीवाल का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। जयपुर के लालकोठी श्मशान घाट में बेटे आलोक बेनीवाल ने चिता को मुखाग्नि दी। वहीं, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार नहीं करने कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा है।

डोटासरा ने कहा कि सरकार ने राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि नहीं करके प्रदेश की जनात का अपमान किया है। सवैधानिक पद रहे व्यक्तियों की अंत्येष्टी पर राजकीय सम्मान प्रदान करने की परंपरा का उल्लंघन किया है। गुजरात के पूर्व राज्यपाल नवलकिशोर शर्मा का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया था। डोटासरा ने कहा कि पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत का भी राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।डोटासरा ने ट्वीट किया-स्वतंत्रता सेनानी और गुजरात की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल जी की अंत्येष्टि में उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया।क्या दिल्ली के इशारे पर दिवंगत सेनानी का अपमान किया गया या ये मानवीय भूल हुई है? स्वतंत्रता सेनानी को आखिरी सम्मान न देना क्या उचित है?सरकार जवाब दे। बता दें वर्ष 1942 में भारत को ब्रिटिश साम्राज्य से मुक्त करने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। देश प्रेम के जज्बे को देखकर सब चकित रह गए। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उन्हें ताम्रपत्र सम्मान से सम्मानित कर चुकी हैं। इस बालिका का नाम कमला था जो कॉलेज की पढाई के बाद सक्रिय राजनीति में आई और देश की प्रतिष्ठित नेता के रूप में जानीकमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में भले ही शामिल हो गए है।

# उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में पांच मंत्रियों को बचानी होगी साख

**लखनऊ , एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मोदी सरकार के पांच मंत्रियों को अपनी साख बचानी होगी। इनके भाग्य का फैसला 20 मई को जनता करेगी। इस चरण में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा और योगी सरकार के मंत्री दिनेश सिंह रायबरेली से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं।

पांचवे चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होगा। 2019 के चुनाव में सिर्फ रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। रायबरेली से सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी।

राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर अली चुनावी मैदान में हैं।

अमेठी लोकसभा से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर से चुनाव लड़ रही हैं। 2019 में उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हराया था। उनके खिलाफ गांधी परिवार के खास किशोरीलाल शर्मा ताल ठोक रहे हैं। शर्मा का दावा है कि 40 सालों से वो अमेठी की जनता से जुड़े हैं। उन्होंने राजीव गांधी के साथ भी रैलियों में भाग लिया था। इस सीट पर कांग्रेस के बड़े नेताओं का पूरा फोकस है।

वहीं लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कौशल



किशोर तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आर.के. चौधरी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। वहीं बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं।

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा से प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक बार फिर से चुनावी रण में हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से उनको कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। बसपा ने यहां से पिछड़ी जाति के कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉक्टर मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा व भाजपा की धड़कन बढ़ा दी है।

भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और वर्तमान में मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस से नारायण दास अहिरवार मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। 2022 में वह सपा में आ गए थे। वैसे इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा प्रभाव माना जाता रहा है 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला इन्हीं से माना जा रहा है। इसके अलावा इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से ताल ठोक रहे हैं।

# इमरान खान की पार्टी को 9 मई की हिंसा के लिए माफी मांगनी होगी, बिलावल भुट्टो की चेतावनी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने चेतावनी दी है कि इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने अगर बीते साल 9 मई को हुए दंगे के मामले में माफी नहीं मांगी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर राजनीतिक पार्टी नहीं है। बिलावल का आरोप- हिंसा में शहीदों के स्मारकों को पहुंचाया गया नुकसान बुधवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में बोलते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा कि किसी को भी आतंकी घटनाएं अंजाम देने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। विपक्षी नेताओं ने बीते साल 9 मई को उन शहीदों के स्मारकों का अपमान किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी। गौरतलब है कि बीते साल 9 मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पाकिस्तान में हिंसा हुई थी। इस हिंसा के दौरान पीटीआई समर्थकों ने सेना के कई शीर्ष अधिकारियों के घरों के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाया था। हालांकि इमरान खान और उनकी पार्टी ने हिंसा के आरोपों को नकार दिया है। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर पार्टी नहीं है और उनमें देश की राजनीति करने की कोई इच्छा नहीं है, उनके नेता जेल में रो रहे हैं। पीपीपी नेता ने कहा वे (पीटीआई) अपने निजी हित साधना चाहते हैं।

मैं उनके गैर-गंभीर रवैये की आलोचना करता हूं। एक तरफ वे दावा करते हैं कि वह पाकिस्तान के संविधान की सर्वोच्चता की लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे सिर्फ सैन्य प्रतिष्ठान से बातचीत करने की बात कर रहे हैं। पीपीपी नेता ने कहा पीटीआई और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के नेताओं का लोकतंत्र, संविधान, कानून में कोई विश्वास नहीं है। बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तानी नेताओं से पाकिस्तान के आगामी बजट को लेकर सुझाव देने की भी अपील की। उन्होंने अपील की कि सरकार देश के आयात विवाद को सुलझाने के लिए भी कड़े कदम उठाए और इस मामले में दोषी लोगों की जवाबदेही तय की जाए।

# जस्टिन ट्रूडो से न हिंदू खुश न सिख, मुस्लिम समर्थन भी घट रहा; सर्वे ने चौंकाया

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में अगले साल अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। इससे पहले आया एक सर्वे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और लिबरल पार्टी के लिए टेंशन का कारण भी बन सकता है। संकेत मिल रहे हैं कि देश में हिंदू और सिख मतदाता बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी को मतदान कर सकते हैं। वहीं, सर्वे से यह भी पता चला है कि ट्रूडो की पार्टी मुस्लिम और यहूदियों का भी समर्थन खोती नजर आ रही है। एन्गस रीड इंस्टीट्यूट या,ऋद्ध की तरफ से जारी ताजा सर्वे में कहा जा रहा है कि कंजर्वेटिव के पास हिंदू समर्थन 53 फीसदी पर है। जबकि, सिख के मामले में यह एक पॉइंट ज्यादा है। इससे उलट, लिबरल्स को 22 फीसदी हिंदुओं और 21 फीसदी सिखों का समर्थन हासिल है। कहा जा रहा है कि कंजर्वेटिव्स के प्रति इन समुदायों का रुझान काफी अहम है। इसकी एक वजह यह भी है कि ये ग्रेटर टोरंटो एरिया, मेट्रो वेंकूवर और कैलगरी में बड़े मतदाता समूह के तौर पर सामने आते हैं और आगामी चुनावों में यह काफी अहम साबित हो सकता है। गाज और इजरायल के मामले में लगातार संतुलन बनाने की कोशिश में लगी ट्रूडो सरकार के हाथों से मुस्लिम औ यहूदी समर्थन भी छिटकता नजर आ रहा है। खबर कि 41 फीसदी मुस्लिम न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी य एनडीपी का समर्थन कर रहे हैं। जबकि, लिबरल्स के मामले में आंकड़ा 31 प्रतिशत पर है। इधर, कनाडा में रहने वाले यहूदियों का भी 42 फीसदी समर्थन हासिल है। खास बात है कि कनाडा में रहने वाले मुसलमान का 15 फीसदी समर्थन कंजर्वेटिव को मिल रहा है स्टैटिक्स कनाडा की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 जनगणना में देश में 8 लाख 30 हजा हिंदू रहते हैं। ये कुल आबादी का करीब 2.3 फीसद है। खास बात है कि इन संख्या बीते 20 सालों में दोगुन से ज्यादा हो गई है। इसी तरह सिख आबादी 7 लाख 70 हजार है और आबादी 20 सालों में दोगुनी से ज्याद हो गई है।

# भारतीय अमेरिकियों को हर पद के लिए चुनाव लड़ना होगा : कृष्णमूर्ति

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के लोगों से कहा कि अब समय आ गया है कि वे प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए चुनाव लड़ें और हर बार मतदान जरूर करें। साथ ही उन्होंने देश के नागरिक मामलों में भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, ''हमें मतदान करना होगा। क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है। याद



रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है। हमें मतदान करना है।

उनकी यह टिप्पणी नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है, जिसमें डेमोक्रेट नेता और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का मुकाबला रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा। प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक हितों के लिए काम करना है। हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा। हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा। हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा करेंगे।

उन्होंने कहा, ''आप डेमोक्रेट हो, रिपब्लिकन हो या निर्दलीय हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता; बस आप इस बात को समझें कि आपको आपके देश के प्रशासनिक मामलों में भागीदारी की जरूरत है और अब ऐसा करने का समय आ गया है। कृष्णमूर्ति ने कहा, ''मेरा तीसरा और अंतिम बिंदु है कि यह हर स्तर के पदों पर चुनाव लड़ने का समय है। इसी समारोह में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। अधिक से अधिक लोग चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगे। आप शहर काउंसिल के लिए लड़ सकते हैं, राज्य विधायिका के लिए लड़ सकते हैं या सीनेट के लिए लड़ सकते हैं। आप कांग्रेस के लिए लड़ें। कृष्णमूर्ति ने समुदाय को संगठित करने में थिंक टैंक 'भारतीय अमेरिकी इंपैक्ट की भूमिका की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, ÷ इंपैक्ट(थिंक टैंक) एक बड़ा बदलाव ला रहा है, ताकि हम सभी स्तरों पर अधिक से अधिक लोगों को ला सकें।

# पाकिस्तानी सांसद ने बयां किए अपने देश के हालात, कहा भारत चांद पर और हम गटर में

**ईस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत की तरक्की को देखकर पाकिस्तानी आवाम में एक टीस उठती है कि वे पीछे क्यों रह गए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के एक नेता ने कराची के हालात बताते हुए कहा कि दुनिया चांद पर जा रही है और हमारे यहां मासूम बच्चे खुले हुए गटर में गिरकर मर रहे हैं। एक ही स्क्रीन पर खबर है कि भारत चांद पर चला गया और उसी स्क्रीन पर 2 सेकेंड बाद खबर है कि कराची में किसी गटर में ढक्कन न होने से बच्चे गटर में गिरकर मर गए। उन्होंने कराची में पानी की भी किल्लत बताई। कहा का कराची में पानी माफिया टैंकरों के पानी को चोरी करके बेचते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मुत्ताहिद कौमी मूवमेंट पाकिस्तान(एमक्यूएम-पी) के सांसद सैय्यद मुस्तफा कमाल ने संसद में बोलते हुए अपना यह दर्द बयां किया। पाकिस्तान के सभी सांसद उन्हें चुपचाप सुनते रह गए। सैय्यद मुस्तफा ने कहा कि पाकिस्तान में ये हर तीसरे दिन ऐसा ही हो रहा है कि बच्चे गटर में गिर रहे हैं। मगर इस समस्या का निदान करने वाला कोई नहीं है उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से कराची जैसे शहर को एक कतरा नया पानी नहीं दिया गया। उन लाइनों में जो पानी आता था उसको चोरी करके पानी माफिया बेच रहे हैं आज सिंध भर में 48 हजार स्कूल हैं, उनमें से 11 हजार घोस्ट स्कूल होने की रिपोर्ट आई है। हमारे मुल्क में 2 करोड़ 62 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। यह आंकड़ा भयावह है। एमक्यूएम नेता ने पाकिस्तान के हालात पर चिंता जताते हुए मौजूदा स्थिति को भयावह बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कराची जैसे शहर मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129